सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
25.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 104




12 अयोध्या से सीतामढ़ी तक बनेगा डबल रेलवे लाइन

# जंग-ए-मैदान में कूदे दिग्गज

## हेमंत, कल्पना, सीपी, महुआ, बाउरी समेत सौ से अधिक नेताओं ने भरा पर्चा







**झारखंड विस चुनाव -24 नॉमिनेशन डे रहा गुरुवार**

- सभी प्रत्याशियों का दावा -जनता हमारे साथ
- पहले चरण के नामांकन का आज अंतिम दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार का दिन काफी अहम रहा। झारखंड के चुनावी रण में कई दिग्गज उतर आये हैं। 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण की 43 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तारीख से ठीक एक दिन पहले प्रत्याशियों का जमावड़ा नामांकन स्थल पर लगा रहा। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने बरहेट से, कल्पना सोरेन ने गांडेय से, वहीं रांची से भाजपा के सीपी सिंह, और झामुमो की ओर से महुआ माजी ने भी नामांकन किया। रांची, हटिया, कांके, मांडर सहित कई विधानसभा सीटों पर जमकर नामांकन होता राज्यभर की कई विधानसभा सीटों से गुरुवार को एक सौ से से ज्यादा प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। शहरों से लेकर कस्बों तक पूरे दिन रैलियों और सभाओं का सिलसिला जारी रहा। सियासी हस्तियों ने नामांकन के पर्चे दाखिल कर अपनी-अपनी जीत का दावा किया। हर जगह नामांकन के दौरान उत्सवी माहौल था। ढोल-नगाड़ों से परिसर गूंजता रहा। झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होना है। पहले चरण के लिए 25 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए 29 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है।

चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों, तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित कई बड़े नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों और गठबंधनों के उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से वोट मांगे। जिन प्रमुख प्रत्याशियों ने नामांकन के पर्चे दाखिल कये उनमें झामुमो की ओर से बरहेट सीट से सीएम हेमंत सोरेन, नाला सीट से विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, गांडेय सीट से कल्पना सोरेन और रांची सीट से राज्यसभा सांसद महुआ माजी शामिल हैं। सीएम के भाई बसंत सोरेन ने दुमका सीट से अपना पर्चा भरा। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने भी चंदनकियारी सीट से, हटिया से नवीन जायसवाल ने भी अपना पर्चा दाखिल किया। रांची सीट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह (सीपी), पोटका से अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, जमशेदपुर पूर्वी सीट से ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू, गढ़वा से पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, कोडरमा से पूर्व मंत्री नीरा यादव, सिसई सीट से पूर्व आईपीएस डॉ अरुण उरांव, गुमला से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत सहित पार्टी के कुल 32 प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किये। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को नामांकन दाखिल करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में जामताड़ा से मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, लोहरदगा से मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार, जमशेदपुर पश्चिमी से मंत्री बन्ना गुप्ता और महगामा से मंत्री दीपिका पांडेय सिंह प्रमुख हैं। आजसू के जिन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, उनमें गोमिया से लंबोदर महतो, लोहरदगा से नीरू शांति भगत और जुगसलाई से रामचंद्र सहिस के नाम शामिल हैं। राजद की ओर से कोडरमा सीट से सुभाष प्रसाद यादव सपा की ओर से गढ़वा सीट पर पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने पर्चा दाखिल किया। सूबे की हॉट सीट में से एक गांडेय से भाजपा ने जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने इस सीट पर नामांकन किया। टुंडी से जेएमएम प्रत्याशी मथुरा महतो ने भी पर्चा भरा। खूंटी सीट से नीलकंठ सिंह मुंडा ने नामांकन किया। भाजपा के अमित मंडल ने गोड्डा से और कांग्रेस की दीपिका पांडेय ने महगामा से पर्चा भरा। लातेहार से बैद्यनाथ राम नामांकन दाखिल किया।

### न्यूज डायरी

## अजब-गजब प्रत्याशी
### बैलगाड़ी से परचा भरने पहुंच गया एक प्रत्याशी



रांची। इस हाई-टेक जमाने में एक उम्मीदवार बैलगाड़ी पर सवार होकर परचा दाखिल करने पहुंचा। इस शख्स ने बैलगाड़ी पर खड़े होकर मीडिया को संबोधित किया। कहा कि विधायक बनकर वह क्षेत्र की समस्याओं को दूर करेंगे। अगर वह समस्याए खत्म नहीं कर सके, तो फिर कभी वोट मांगने नहीं आयेंगे। इस उम्मीदवार का नाम है जितेंद्र सिंह। उन्होंने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट से परचा भरा है। यहां से बन्ना गुप्ता मैदान में हैं।

### पांकी में रिक्शा चलाकर नामांकन करने पहुंचे विनय

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को पांकी के सागालीम निवासी विनय दांगी रिक्शा चलाकर नामांकन करने पहुंचे। विनय ने पांकी विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया। विनय पेशे से एक रिक्शा चालक और पंचर बनाने का काम करते हैं। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। विनय ने न केवल सादगी का परिचय दिया, बल्कि जनता के दिलों पर अपनी छाप भी छोड़ी। विनय का कहना है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार ने विकास की सारी संभावनाओं को खत्म कर दिया है।

### घाटी में सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला, दो शहीद

**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में एलओसी के पास आतंकी हमले की खबर सामने आ रही है। आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाया है। इस हमले में दो जवान शहीद हो गये और दो घायल हैं। सेना के लिए काम कर रहे दो मजदूरों की भी मौत हुई है। यह हमला बोटापत्थर गुलमर्ग के नागिन पोस्ट इलाके के पास हुआ।

### सुनील के घर पर ईडी का छापा, दाहू की तलाश

**साहिबगंज।** राजमहल विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव के घर पर ईडी ने छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इडी की टीम गुरुवार को सुनील यादव के घर पर उनके भाई दाहू यादव की तलाश में छापेमारी की है। हालांकि ईडी को सुनील यादव के घर पर दाहू यादव नहीं मिला। साहिबगंज के शोभनपुर भट्ठा गांव का रहने वाला दाहू यादव करीब एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले का आरोपित है।

### चुनावी सभाओं में चौहान, हिमंता, चिराग ने सरकार पर बोला हमला

# जायेगी भ्रष्ट सरकार, अबकी आयेगा झारखंड में एनडीए

**खबर मन्त्र टीम**

रांची । गुरुवार को मेगा नोमिनेशन के बाद विभिन्न इलाकों में आयोजित चुनावी सभाओं में भाजपा व एनडीए नेताओं ने झारखंड सरकार पर जम कर हमला बोला। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हिमंता विस्व शर्मा, संजय सेठ, लोजपा नेता चिराग पासवान ने झारखंड में भ्रष्टाचार में लिप्त वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज दाना तूफान आ रहा है, ये तूफान तो दो दिन में निकल जायेगा, पर यदि झारखंड में यही सरकार एक बार और आयी तो, ये झारखंड को बर्बाद कर देगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा, झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गयी है। लोजपा नेता ने कहा, इसबार बदलेगी सरकार और बहुमत के साथ एनडीए सत्ता में आयेगा।

**दाना तूफान से भी घातक है यह सरकार**

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार दाना तूफान से भी अधिक घातक है। ये तूफान तो निकल जाएगा, लेकिन यदि झारखंड में सोरेन सरकार एक बार और आ गयी तो झारखंड को चौपट कर देगी। वह गुरुवार को हरमू मैदान में हटिया विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार नवीन जायस्वाल के नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता से सवाल किया कि ऐसी सरकार जो हमारी बहू-बेटियों को अपमानित करती है, बर्दास्त करेंगे क्या। इसे उखाड़ फेंकें। उन्होंने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी आते हैं, ये बेटियों से शादी करते हैं और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो भाजपा अपना प्रण पूरा करेगी।

(शेष पेज 11 पर)



### हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेगी जनता : चिराग

लोजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने चतरा और सिमरिया में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभा में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जोरदार जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा, पछले पांच सालों में राज्य में हर विभाग में लूट मची रही। सरकार के मुखिया से लेकर मंत्रियों तक के भ्रष्टाचार के किस्से हर जुबान पर रहे। इस चुनाव में झारखंड की जनता ऐसे भ्रष्ट और निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि मैं अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान के संघर्षों की कसम खाकर कहता हूं कि जब तक चिराग पासवान जिंदा है, तब तक आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आयेगी। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएमएम कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को खतरे में डाल दिया है।

# झारखंड में फिर बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : हेमंत

### चुनावी सभाओं ने झामुमो और राजद का भाजपा पर प्रहार

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** गुरुवार को नामांकन के बाद चुनावी सभाओं में इंडिया गटबंधन के नेताओं ने विपक्ष पर जम कर हमला बोला। साहिबगंज : सीएम हेमंत सोरेन ने बरहेट सीट से नामांकन हेमंत सोरेन ने समाहरणालय भवन के बाहर पत्रकारों से कहा कि इस बार भी झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमें जनता का विश्वास मिला है, साहिबगंज में राजमहल, बोरियो और बरहेट तीनों विधानसभा क्षेत्र में झामुमो फिर अपना परचम लहराने जा रहा है। दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री भाजपा का प्रचार करने आ रहे हैं। चुनाव के बाद सब अपने काम में लग जायेंगे, यहां कोई नजर नहीं आयेगा।

**भाजपा को झंडा ढेनेवाला नहीं मिलेगा :** चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन राज्यभर का भ्रमण कर लेंगे, तो भाजपा को झंडा उठाने वाले नहीं मिलेंगे। हेमंत सोरेन को रोकने के लिए झारखंड में दो चरणों में चुनाव कराए जा रहे हैं। कोरोना के बाद षड्यंत्र रचकर हमें जेल भेज दिया गया। आपके आशीर्वाद से फिर आपके पास लौटा। बाहर आकर उन्होंने महिलाओं को सम्मान दिया। राज्यभर के गरीब लोगों का बिजली बिल माफ किया। सभी को पेंशन की राशि दिलायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर से सत्ता में आते ही झामुमो की सरकार हर परिवार को एक-एक लाख देगी।

**हेमंत ने महिलाओं को दिया सम्मान : राम :** वहीं लातेहार में शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को सम्मान व युवाओं को रोजगार दिया है।



### भाजपा आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

कोडरमा आये राजद नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। कोरमा सीट से सुभाष यादव ने गुरुवार को पर्चा भरा है। तेजस्वी ने जनसभा में भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह आरक्षण विरोधी हैं। इसलिए भाजपा को हरायें और इंडीगठबंधन को मजबूत करें। खनिज-संपदाओं से परिपूर्ण झारखंड को भाजपा ने जम कर लूटा है।

### चंद माह में ही फिर विकास की गंगा बहेगी: कल्पना

गांडेय सीट से पर्चा भरने के बाद कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि चंद माह के कार्यकाल में उनके द्वारा गांडेय का समुचित विकास करने का प्रयास किया गया। सड़कों का जाल बिछाया गया। बच्चियों के लिए स्कूल दिया गया। उन्होंने कहा कि चंद माह में ही एक बार फिर झारखंड में विकास की गंगा बहेगी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 101000 रु./प्रति किलो |





# ओड़िशा के करीब पहुंचा तूफान दाना, भारी बारिश शुरू

### सेना, कोस्टगार्ड और नेवी की टीमें अलर्ट, उड़ानें रद्द

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भीषण चक्रवाती तूफान दाना गुरुवार दोपहर ओड़िशा तट के नजदीक पहुंच गया। इसके साथ ही राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के साथ ही तेज हवाएं चलने लगीं। समुद्र अशांत हो गया। उंची-उंची लहरें उठ रही हैं। 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा से एक भी व्यक्ति हताहत नहीं हो।



**सेना अलर्ट मोड में :** ओडिशा व पश्चिम बंगाल में 'दाना' के गंभीर प्रभाव की आशंका है। ऐसे में भारतीय नौसेना राहत अभियान को तैयार है। पूर्वी नौसेना कमान ने आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में नौसेना के प्रभारी अधिकारियों के साथ समन्वय में यह आपदा प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय किया है। पूर्वी बेड़े के दो जहाज और बचाव और गोताखोर टीमों के साथ तैनात हैं।

भारतीय नौसेना हाई अलर्ट पर है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, जरूरत पड़ने पर समन्वित बचाव और राहत कार्यों में सहायता के लिए बाढ़ राहत और गोताखोर टीमें जुटाई जा रही हैं।

**उड़ानें रद्द, रेड अलर्ट जारी :** कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र पर चक्रवात दाना के प्रभाव को देखते हुए, उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान तेज रफ्तार से रफ्तार से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ा है। यह पारादीप (ओडिशा) से लगभग 210 किलोमीटर दक्षिणपूर्व, धामरा (ओडिशा) से 240 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 310 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। आईएमडी ने ओडिशा के सात जिलों में बहुत भारी बारिश के लिए रेट अलर्ट (कार्रवाई करें) जारी किया है।

### कोल्हान के सभी स्कूल आज बंद रहेंगे

दाना तूफान को देखते हुए झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसांवा के सभी स्कूलों को शुक्रवार को बंद रहेंगे। विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मौसम केंद्र, रांची ने झारखंड में चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव के रूप में भारी वर्षा एवं तेज हवा की चेतावनी दी है। उपुक्तों ने तीनों जिलों के सभी सरकारी व सभी निजी विद्यालयों को बंद रखने को कहा है। कोल्हान प्रमंडल को अलटई कर दिया गया है। झारखंड में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# पाकुड़ से आलम की पत्नी कांके से बैठा को उतारा

### कांग्रेस की दूसरी सूची अकेला का टिकट कटा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को ले कर कांग्रेस ने अपने सात प्रत्याशियों की दूसरी सूची गुरुवार की रात जारी कर दी। बरही से मौजूदा विधायक उमाशंकर अकेला का टिकट काटते हुए पार्टी ने वहां से अरुण साहू को उम्मीदवार बनाया है।

वहीं कांके से सुरेश कुमार बैठा को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने झारखंड सरकार में मंत्री रहे आलमगीर आलम की जगह कांग्रेस ने पाकुड़ से उनकी पत्नी निसत आलम को उम्मीदवार बनाया है। वहीं डाल्टनगंज से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को फिर से प्रत्याशी बनाया है।

**बिश्रामपुर से भी प्रत्याशी दे दिया :** इसके अलावा कांग्रेस ने बिश्रामपुर सीट से भी अपना प्रत्याशी दे दिया है। बिश्रामपुर से सुधीर कुमार चंद्रवंशी को उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सीट से राजद ने पहले ही अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। राजद प्रत्याशी ने अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया है। इससे अब इंडिया गठबंधन में खटपट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस में शामिल हुए राधा कृष्ण किशोर को छतरपुर से प्रत्याशी बनाया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

# हेमंत सरकार ने सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को मौत के लिये दौड़ाया : शिवराज सिंह चौहान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हेमंत सरकार ने सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को मौत के लिये दौड़ाया। श्री चौहान गुरूवार को हरमू मैदान में नवीन जायसवाल के पक्ष में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दाना तूफान आ रहा है। ये तूफान तो दो दिन में निकल जायेगा। लेकिन, हेमंत सरकार एक बार और आई, तो ये झारखंड को बर्बाद कर देगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में 7,400 बलात्कार हुये हैं। हेमंत सरकार में रुबिका पहड़िया जैसी बेटियों को काट कर फेंक दिया गया। घुसपैठ के मुद्दे पर कहा कि राज्य में बांग्लादेशी आते हैं, ये बेटियों से शादी करते हैं और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने कुंभकर्ण के बारे में सुना था। वो 6 महीने जागता था और 6 महीने सोता था। वो जागने पर खाता ही रहता था। लेकिन ये झामुमो के नेता तो 12 महीने ही खाते हैं। इस गठबंधन सरकार ने राज्य का बालू खा गई, मिप्ती खा गई, कोयला खा गई। हेमंत सरकार ने जनता के पैसे को लूटने का काम किया है। इसलिए परिवर्तन करना और कूशासन राज से बदला लेने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो- कांग्रेस की सरकार को हराना है। पेपर लीक और परिक्षाओं में हुई धांधली पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में पेपर लीक हुई हैं। जिन्होंने पेपर लीक किया है, उन सभी को जेल भेजा जायेगा। राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो गलत एग्जाम के आधार पर रिजल्ट नहीं आयेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही राज्य के 2.86 लाख पद पहली कैबिनेट बैठक के बाद भर दिये जायेंगे। हम भर्तियों के लिए कैलेंडर बनायेंगे। यह विधानसभा चुनाव झारखंड के भविष्य को बचाने का चुनाव है। यह माटी, रोटी और बेटी बचाने का चुनाव है। जनता नवीन जी को रिकॉर्ड वोटों से जितायेगी और राज्य में भाजपा की सरकार बनायेंगे।



## कांग्रेस ने झारखंड आंदोलन को कुचला, भाजपा ने समझा आदिवासियों का दर्द : चंपाई

**रांची/घाटशिला।** घाटशिला से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के नामांकन सभा में चंपाई सोरेन शामिल हुये। इस दौरान एक जनसभा में चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड को बनाने में लंबा संघर्ष हमलोगों ने किया है। लेकिन झारखंड आंदोलन को कांग्रेस ने कुचलने का काम किया। कांग्रेस ने कभी झारखंड के आदिवासी, मूलवासियों की भावना को नहीं समझ सकी। कांग्रेस ने झारखंड के साथ कभी न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन को भाजपा की सरकार बनी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई ने समझा। उन्होने दलित, आदिवासी और मूलवासियों के दर्द को समझा। भाजपा और अटल बिहारी वाजपई की सरकार ने झारखंड को बनाया है। उन्होंने कहा कि हो भाषा बंगाल, झारखंड, ओडिशा और असम में भी है। हो भाषा को संरक्षित करने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इसका भी रास्ता खुलेगा और आठवीं अनुसूची में शामिल किया जायेगा। कांग्रेस ने तो सिर्फ झारखंड आंदोलनकारियों के घरों को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार में झारखंड का कभी विकास नहीं हो सकता है। संथाल परगना में आज बांग्लादेशी घुसपैठ हो रहा है। आदिवासियों के जमीनों को लूटा जा रहा है। इसलिए आगामी चुनाव में विकास के लिये भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है।



## एनडीए सरकार बनने पर हर महीने महिलाओं को मिलेंगे 2100 : बाबूलाल

**रांची/गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह में नामांकन सभा में कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। आये दिन हत्या, अपहरण की घटनायें घट रही है। बहू बेटी तक सुरक्षित नहीं है। सरकार का काम अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल में डालना है। लेकिन हेमंत सरकार खुद वसूली में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पहले गांव में सड़क नहीं होती थीं। पुल पुलिया भी नहीं होते थे। हालत देखकर लगता था कि कभी सड़कें या पुल पुलिया बनेंगे भी या नहीं। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद गांव-गांव तक सड़कें बन गई। घर-घर तक बिजली पहुंच गई। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही बीए और एमए पास करके रोजगार और नौकरी की तलाश करते हैं, उन्हें भी प्रत्येक महीना 2 वर्षों तक 2000 रुपये दिये जायेंगे। ताकि बच्चे प्रतियोगिता की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में लाखों सरकारी पद खाली पड़े हैं। हेमंत सरकार ने वादा किया था कि हर साल परीक्षा लेकर नियुक्ति करेंगे। लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। एनडीए की सरकार इन खाली पदों को भी 5 वर्षों में भरेगी। एनडीए की सरकार बनने के 1 साल के अंदर डेढ़ लाख खाली पदों को भरा जायेगा। 5 वर्षों में 5 लाख नया रोजगार अन्य क्षेत्रों में सृजित किया जायेगा।



## मिथिलेश ठाकुर का नामांकन रद्द हो : भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर गढ़वा से झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर का नामांकन रद्द करने की मांग की। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव घोषणा होते ही जिस प्रकार खुलेआम आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर मिथिलेश ठाकुर के सहयोगियों ने खुलेआम शराब, कपड़ा, साड़ी और घड़ी गांव-गांव में जाकर बांट रहे हैं और पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण का वीडियो बनाकर प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को दिया है।चुनाव आयोग ने जांच के आदेश दिया है । प्रतिनिधिमंडल में सुबोध कांत और पुष्कर तिवारी शामिल थे।

## जयराम ने डुमरी से नामांकन भरा, मंत्री बेबी देवी के खिलाफ लड़ रहे हैं चुनाव



### जयराम की पार्टी ने जारी किया छठा लिस्ट

**रांची।** जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने गुरुवार को उम्मीदवारों की छठी लिस्ट जारी कर दी है। इस सूची में सात उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। अब जयराम की पार्टी 65 उम्मीदवारों को चुनावी अखाड़े में उतार चुकी है।

| सीट | नाम |
|---|---|
| बरहेट | थॉमस सोरेन |
| पाकुड़ | विकास गोंड |
| रांची | प्रेम नायक |
| सिमडेगा | सुमन कुल्लू |
| देवघर | अंगराज दास |
| झरिया | मो. रूस्तम अंसारी |
| खूंटी | अनिल कुमार |

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता जयराम कुमार महतो ने डुमरी विधानसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। जयराम ने गुरुवार को डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष पर्चा दाखिल किया, जहां भारी भीड़ ने उनका स्वागत किया। जयराम महतो तेजी से उभरे युवा नेता हैं, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट से भाग लिया था और उन्हें भारी मत मिले थे। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में जयराम को 90,541 वोट मिले थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी आजसू को 55,421 और अन्य को 52,193 वोट मिले थे। इस परिणाम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और आजसू दोनों की परेशानियों को बढ़ा दिया है।डुमरी विधानसभा सीट झामुमो का गढ़ रही है, जहां की वर्तमान विधायक बेबी देवी हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री हैं। जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने अब तक 58 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। डुमरी के अलावा, गिरिडीह सीट पर नवीन आनंद चौरसिया और बगोदर सीट पर डॉ। सलीम अंसारी भी चुनावी मैदान में हैं।

## मतदान केंद्रों की साफ सफाई का रखें ध्यान : के. रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि लोकसभा निर्वाचन में स्कूलों के वालंटियर द्वारा दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के सहयोग के लिए बेहतर कार्य हुआ था। विधानसभा निर्वाचन 2024 में उनकी महत्वपूर्ण सहभागिता अपेक्षित है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 29 अक्टूबर को ऑनलाईन माध्यम से सभी वालंटियर को ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की जा रही है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से स्कूली शिक्षा के पदाधिकारियों एवं राज्य के प्राइवेट एवं सरकारी स्कूलों के सेक्रेट्री एवं प्रिंसिपल के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान पूरे राज्य से लगभग 1 लाख 20 हजार वालेंटियर को बूथ पर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

**बीईईओ बतायें कि विद्यालयों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं है :** श्री कुमार ने कहा कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी इस बात का प्रमाणपत्र ले लें कि उनके अधिकार क्षेत्र के विद्यालयों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता के लिए कार्य करा लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं, मतदान कर्मियों तथा सुरक्षा बलों को इससे संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी की जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारी की होगी। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

## राजद के प्रत्याशी देने के बावजूद कांग्रेस ने भी बिश्रामपुर सीट पर ठोका दावा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने बिश्रामपुर विधानसभा सीट पर अपना दावा ठोक दिया है। अब तक राजद के नेताओं की ओर से यह कहा जा रहा था कि इंडिया ब्लॉक में बनी सहमति के अनुसार इस बार बिश्रामपुर में राष्ट्रीय जनता दल अपना उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारेगा।

वहीं छतरपुर की सीट पर कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार होगा। इस संबंध में झारखंड कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी और ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू ने साफ कर दिया है कि बिश्रामपुर विधानसभा सीट से भी कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि गुरुवार देर रात तक सब कुछ साफ हो जाएगा।

इतना ही नहीं कांग्रेस नेता अभिलाष साहू ने कहा कि बगोदर विधानसभा सीट को लेकर भी शीर्षस्थ नेताओं के बीच बातचीत जारी है। अगर माले गठबंधन का हिस्सा नहीं रहता है तो बगोदर सीट से भी कांग्रेस उम्मीदवार खड़ा करने के लिए तैयार है।

**कांग्रेस के स्टैंड की जानकारी नहीं: अनिता यादव**

पलामू के बिश्रामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के द्वारा भी उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारने के बयान पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव का कहना है कि बिश्रामपुर को लेकर कांग्रेस के स्टैंड की उनको कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

गौरतलब हो कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के समय छतरपुर विधानसभा सीट से राजद उम्मीदवार विजय कुमार राम और बिश्रामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे चुनाव मैदान में उतरे थे। इस बार आपसी सहमति से सीटों की अदला-बदली की बात राजद नेता कह रहे थे, लेकिन कांग्रेस नेता ने छतरपुर के साथ-साथ बिश्रामपुर पर दावा ठोक कर हलचल पैदा कर दी है।

**इन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार तय नहीं**

अभी तक कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवारों की सिर्फ एक सूची जारी की है। जिसमें 21 उम्मीदवारों के नाम हैं। अभी पांकी, छतरपुर, डालटनगंज, बरही, पाकुड़, बोकारो, धनबाद, कांके और बिश्रामपुर विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस नेता अभिलाष साहू ने बताया कि गुरुवार को बाकी की बची सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा हो जाने की संभावना है।

## नेहा महतो थीं लोहरदगा नामांकन में



**रांची।** लोहरदगा विधानसभा सीट से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने अपना नामांकन किया। इस मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की धर्म पत्नी नेहा महतो साथ थीं। नामांकन के पहले आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ नेता अपने प्रधान कार्यालय से पैदल चलकर नामांकन स्थल पहुंचे। नेहा महतो ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बन रही है। वर्तमान सरकार से जनता ठगी गयी है। यह सरकार भ्रष्टाचार की आकंठ में डूबी है। जनता इसे उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इनसे पहले नीरू शांति भगत ने कहा कि जनता का प्यार मिलेगा। पूर्व विधायक कमलकिशोर भगत के कार्यों को लोग याद करते हैं, उनके पदचिन्हों पर चलेंगी।

## एनडीए झारखंड के सम्मान को पुनः स्थापित करने का काम करेगा : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ईचागढ़ की जनता आज सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सुविधाओं के लिए तरस रही है। पांच सालों में इन्होंने क्षेत्र को और पीछे धकेल दिया है। ईचागढ़ का विकास और जनता की सेवा हमारा दायित्व है और इस दायित्व का निर्वहन हमारी प्रतिबद्धता है। हरेलाल महतो ने आज सशक्त और समृद्ध ईचागढ़ के संकल्प के साथ अपना नामांकन दाखिल किया है। जनता अपना प्यार और आशीर्वाद एनडीए को देगी। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने ईचागढ़ विधानसभा से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार हरेलाल महतो के नामांकन कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हरेलाल ने ईचागढ़ की समस्याओं को न सिर्फ करीब से देखा है बल्कि उन्हें महसूस भी किया है। जनता के दुःख सुख में साथ रहकर उन्होंने हर वक़्त जनता की सेवा की है। जनता अब किसी भी छलावे में आने वाली नहीं है। एनडीए राज्य की खोयी अस्मिता को वापस लाने और झारखंड के सम्मान को पुनः स्थापित करने का काम करेगा।

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ की जनता को वर्तमान विधायक ने छला है। पिछले पांच सालों में हेमंत सरकार ने राज्य के विकास को पीछे धकेल दिया है। जुगसलाई समेत पूरे राज्य में जनता के आशीर्वाद से एनडीए जीत की इबारत लिखने को तैयार है।

एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशियों ने गोमिया, जुगसलाई, लोहरदगा, ईचागढ़ और मांडू विधानसभा से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## चक्रवाती तूफान 'दाना' का असर आज दिखेगा झारखंड में

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चक्रवाती तूफान 'दाना' का असर गुरुवार को झारखंड के कई जिलों में दिखा। सुबह में ही मौसम बदल गया। कई जिलों में मध्यम दर्जे से लेकर भारी वर्षा तक दर्ज की गयी। रांची राजधानी और आसपास के इलाकों में देर रात तक हल्की बारिश और फुहारे होती रही। तूफान का असर ही है कि पूरा दिन बादलों से आसमान पटा रहा। लिहाजा तापमान में गिरावट आयी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में तूफान का सबसे अधिक असर दिखेगा। इसके साथ राज्य के दक्षिणी व पूर्वी हिस्सों में भी असर दिखेगा। इसके कारण कई जिलों में बारिश होने के आसार बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि दक्षिण अंडमान सागर और उससे सटे पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'दाना' अभी से अपना असर दिखाने लगा है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। समुद्र की लहरें भी ऊंची-ऊंची उठ रही हैं। यह चक्रवाती तूफान धीरे-धीरे उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार की रात से शुक्रवार की सुबह के बीच यह पश्चिम बंगाल और ओडिशा-पुरी और सागर द्वीप के बीच भितरकनिका व धामरा धमरा तट से टकरायेगा। इस दौरान हवा की गति 120 से 130 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है।

## हेमंत के पास दो करोड़ की चल अचल संपत्ति

### इटैलियन चेन व दो डायमंड नेकलेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने संथालपरगना के बरहेट विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी के रूप में गुरूवार को नामांकन दाखिल किया। श्री सोरेन ने चुनाव आयोग को दाखिल अपने हलफनामें में बताया है कि वे इंटर साइंस तक की पढ़ाई की है। उन्होंने बिहार के पटना यूनिर्सिटी से इंटरमीडिएट ऑफ साइंस की डिग्री ली है। वर्ष 1994 में उन्होंने यह परीक्षा पास की थी। हेमंत सोरेन ने 24 अक्टूबर 2024 को शपथ पत्र देकर चुनाव आयोग को यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया है कि उनके पास 2 डायमंड नेकलेस, इटैलियन चेन, 28372367 रुपए की चल अचल संपत्ति है। उन्होंने यह भी बताया है कि वर्ष 2006 से 2008 के बीच 20,64,875 रुपये में 23 प्रॉपर्टी खरीदी थी। आज इसका बाजार मूल्य 1,92,77,697 रुपये है। ये सभी प्रॉपर्टी धनबाद जिले के गोविंदपुर, बोकारो जिले के जारीडीह और राजधानी रांची के अनगड़ा में हैं। हेमंत सोरेन ने अनगड़ा की जमीन लीज पर ले रखी है। इनका दो बैंक अकाउंट है। भारतीय स्टेट बैंक रांची में उनका एक अकाउंट है। इसमें कुल 72,33,996.25 रुपये जमा हैं। हेमंत सोरेन के एसबीआई रांची के एक अन्य अकाउंट में 1,94,680.28 रुपये जमा हैं। पिछले 5 साल में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन सालाना कमाई करीब 3 गुणा बढ़ी है।

**हेमंत सोरेन के पास मात्र 45,000 रुपये नकद :** हेमंत सोरेन के पास नकद मात्र 45,000 रुपए हैं। उनके पास एक राइफल भी है। इसका मूल्य 55,000 रुपये है। हेमंत सोरेन के पास एक कार है। इस कार को उन्होंने वर्ष 2008 में खरीदा था। आज के समय में इस कार की कीमत 60,000 रुपये है। उनके बैंक अकाउंट में कुल 74,28,676.53 रुपए जमा हैं। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के बैंक में 81,31,348.70 रुपये जमा हैं। दोनों बेटों के अकाउंट में 1.48-1.48 लाख रुपये जमा हैं। पत्नी कल्पना सोरेन के 5 बैंक अकाउंट हैं।

**3 बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं हेमंत सोरेन :** हेमंत सोरेन झामुमोद्ध के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। श्री सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में 3 बार शपथ ले चुके हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मंझले बेटे अब उनके उत्तराधिकारी हैं और झामुमो पर उनकी पूरी पकड़ है।

## खबर एक नजर में

### समरीलाल के निर्वाचन को रद्द करने के लिए दायर याचिका खारिज

**रांची।** कांके के विधायक समरीलाल के जाति प्रमाणपत्र को गलत बताते हुए निर्वाचन रद्द करने वाली याचिका हाईकोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दी। पूर्व में इस मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। समरीलाल के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश बैठा ने चुनौती दी थी। सुरेश बैठा की ओर से कहा गया था कि समरीलाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं। उन्हें झारखंड का अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र निर्गत नहीं किया जा सकता है। उन्हें गलत तरीके से जाति प्रमाणपत्र निर्गत किया गया है और इसी प्रमाणपत्र के आधार पर वह चुनाव लड़े हैं, इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाए। समरी लाल की ओर कोर्ट को बताया गया था कि उनका परिवार आजादी के पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है। दरअसल, वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके से भाजपा के टिकट पर समरी लाल जीते थे।

### कुख्यात अपराधी अमन साहू की याचिका हाई कोर्ट से खारिज, नहीं लड़ सकेगा चुनाव

**रांची।** कुख्यात अपराधी अमन साहू की ओर से चुनाव लड़ने के लिए सजा पर रोक लगाने की आग्रह को हाईकोर्ट ने नहीं माना। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने अमन साहू की सजा पे रुख से संबंधित हस्तक्षेप याचिका (आईए) को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि अमन साहू के खिलाफ 100 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कोर्ट ने पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर रोक के मामले को इस मामले से भिन्न बताया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कोर्ट ने अमन साहू की सजा पर रोक के आईए को खारिज कर दिया। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता लिली सहाय ने पैरवी की। दरअसल, आर्म्स एक्ट में रामगढ़ की निचली अदालत ने अमन साहू को मई 2018 में 6 साल की सजा सुनाई थी। मामले को लेकर रामगढ़ के पतरातू थाना में कांड संख्या 273 /2015 दर्ज की गई थी। सजा के खिलाफ अमन साहू ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दाखिल की है। इसी अपील में उन्होंने बड़कागांव से विधानसभा चुनाव में उतरने को लेकर हस्तक्षेप याचिका दाखिल की थी।

### डीएसपीएमयू के तृतीय-चतुर्थवर्गीयकर्मियों से वेतन वसूली पर हाईकोर्ट की रोक

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों को हाईकोर्ट से गुरुवार को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने विश्वविद्याल के इन कर्मचारियों से अतिरिक्त वेतन वसूली के आदेश पर रोक लगा दी है और विश्वविद्यालय और राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी। पूर्व में भी इस मामले में हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय के आदेश पर रोक लगायी थी और प्रार्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन के पास अभ्यावेदन देने और यूनिवर्सिटी को अभ्यावेदन पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी थी। कोर्ट के निर्देश के बाद प्रार्थियों ने विश्वविद्यालय के पास अभ्यावेदन दिया था, लेकिन विश्वविद्यालय ने अभ्यावेदन को खारिज कर दिया। इसके बाद मनोज कुमार एवं अन्य ने हाईकोर्ट ने नयी याचिका दायर की।श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने अपने तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मियों को अत्यधिक वेतन भुगतान वापसी के संबंध में पत्र जारी करते हुए कहा था कि सातवें वेतनमान के तहत विश्वविद्यालय ने उन्हें अधिक वेतन भुगतान कर दिया है, इसलिए उन्हें भुगतान किए गए अत्यधिक वेतन को वापस करना होगा। कोर्ट को बताया गया था कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने सातवें वेतनमान के तहत कई कर्मियों को 11-12 लाख रुपए अधिक का भुगतान किए जाने के संबंध में पत्र निकाला है। उन्हें सप्तम वेतनमान के तहत अधिक भुगतान कर दिया गया है, जिसकी वसूली की जाएगी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि विश्वविद्यालय का यह आदेश गलत है।

### हाइकोर्ट ने जेएसएससी और सरकार से नियुक्तियों का ब्योरा मांगा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से नियुक्तियों का ब्योरा मांगा है। गुरुवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों को शपथपत्र दाखिल कर विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया। मीना कुमारी एवं अन्य ने याचिका दायर कर स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 की स्टेट मेरिट लिस्ट पर आपत्ति जतायी है। अदालत ने सरकार और आयोग से पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के कितने अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने कितने अभ्यार्थियों की नियुक्तियों को सुरक्षित रखा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से कितने और अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। जिन अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है, वह किस श्रेणी के हैं और उनकी नियुक्ति की तिथि क्या है। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार एवं जेएसएससी की ओर से बताया गया था कि जेएसएससी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया गया है।

**याचिका में नियुक्ति की मांग की :** मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया है कि वर्ष 2016 में जो हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति का विज्ञापन निकला था, उसके आलोक में उनकी भी नियुक्ति होनी चाहिए।

### मधु कोड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को होगी सुनवाई

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कोयला आवंटन घोटाले के मामले में दोषी ठहराए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई शुक्रवार को करना तय किया और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से पेश हुए वकील से कहा कि वे उन फैसलों को कोर्ट के सामने रखने पर विचार करें, जिसमें अतीत में इस मुद्दे पर विचार किया गया है। जस्टिस खन्ना के अलावा पीठ में जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन भी शामिल थे, जिन्होंने कहा, 'दोषसिद्धि के निलंबन से संबंधित एक पुराना फैसला है, जिसमें कहा गया है कि इसके लिए तय सीमा जमानत देने की सीमा की तरह नहीं है।' उधर सीबीआई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस चीमा ने इसे सत्यापित करने और वापस लेने पर सहमति जताई। जिसके बाद अदालत ने मामले को शुक्रवार को रखने का निर्देश दिया।

### आजसू की दूसरी लिस्ट जारी, मनोहपुर से दिनेश चंद्र बोयपाई होंगे प्रत्याशी

**रांची।** आजसू ने आज दूसरी सूची जारी कर दी है। दूसरी सूची में सिर्फ मनोहरपुर (एसटी) सीट पर प्रत्याशी घोषणा कर दी है। दिनेश चंद्र बोयपाई को पार्टी ने मनोहरपुर से प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले आजसू ने रविवार को आठ सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। दो सीट डुमरी और मनोहरपुर को होल्ड पर रखा था। जिसमें से मनोहरपुर पर प्रत्याशी का एलान कर दिया है। अब सिर्फ डुमरी सीट पर एलान करना बाकी है। जिन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है, उनमें सिल्ली, रामगढ़, लोहरदगा, गोमिया, जुगसालाई, मांडू, ईचागढ़ और पाकुड़ शामिल है। सिल्ली से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो चुनाव लड़ेंगे।

### रालोद के बबलू टाइगर रांची विस से आज करेंगे नामांकन

**रांची।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद ) ने झारखण्ड विधानसभा 2024 चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारा है। पार्टी ने रांची विधानसभा से राज कुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर को अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के प्रभारी अनुपम मिश्रा ने बताया कि राजकुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर कल (शुक्रवार) को अपना नामांकन करेंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के पुत्र अजीत सिंह थे। अभी चौधरी अजीत सिंह के पुत्र जयंत चौधरी दल के मुख्य अध्यक्ष है। पार्टी ने झारखण्ड विधानसभा 2024 में अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा है।

# ढोल-नगाड़े और विजय घोष के साथ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता






**रांची।** रांची समाहरणालय परिसर में दिनभर गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ अलग-अलग दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थन में लगे विजयी घोष गूंजते रहे। इसी बीच रांची जिला के विभिन्न विधानसभा के कई दिग्गजों ने अपना नामांकन दाखिल किया। रांची विधानसभा से भाजपा के सीपी सिंह, झामुमो की महुआ माजी, हटिया से भाजपा के नवीन जायसवाल, कांग्रेस के अजयनाथ शाहदेव, कांके से भाजपा के जीतू चरण राम, मांडर से कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की, भाजपा के सन्नी टोप्पो और खिजरी से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा छोटे-बड़े और निर्दलीय के तौर पर दर्जनों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान समाहरणालय के ब्लॉक ए और बी के गेट के पास सैकड़ों कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटा रहा।

**सबसे पहले नवीन जायसवाल ने किया नामांकन**

रांची जिला के विभिन्न विधानसभा के लिए नामांकन का गुरुवार पुष्य नक्षत्र का दिन शुभ था, इसी क्रम में सभी दलों के प्रत्याशी नामांकन के लिए पहुंच रहे थे। एनडीए और इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में सबसे पहले हटिया सीट से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने नामांकन किया। उसके बाद हटिया सीट के लिए इंडिया के अजयनाथ शाहदेव, खिजरी के कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप के बाद भाजपा के कांके प्रत्याशी जीतू चरण राम और उसके बाद भाजपा के प्रत्याशी सीपी सिंह ने नामांकन किया। वहीं मांडर से सन्नी टोप्पो और शिल्पी नेहा तिर्की ने एक-दूसरे के बाद अपना नामांकन किया।

**डॉ बीपी कश्यप समेत कई निर्दलीयों का भी नामांकन**

निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन दाखिल किया। इसमें रांची विधानसभा से पांच निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इसमें रांची के चिकित्सक डॉ बीपी कश्यप, उत्तम यादव, संदीप वर्मा, आलोक कुमार और रानी कुमारी ने निर्दलीय के तौर पर किया। वहीं तमाड़ से चार निर्दलीय के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टियों के भी कई प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा है।

### चुनाव क्विज 2024 की विजेता बनी चाईबासा की अलीशा निषाद

# मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य करें मतदान : के रवि कुमार

- राज्य के सभी मतदाताओं के बीच कराया गया था चुनाव क्विज 2024

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता अवश्य मतदान करें। मतदान को लोकतंत्र के त्योहार के रूप में मनाया जाना है। खुद तो मतदान करना ही है, अपने पूरे परिवार, आस पड़ोस, दोस्तों, परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। वह गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभप्त सभागार में चुनाव क्विज 2024 के फाइनल प्रतियोगिता के उपरांत विजेताओं के लिए आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि ग्रामीण वोटर शहरी वोटर से अधिक सजग होकर मतदान में भाग लेते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस बार के मतदान में सभी पोलिंग पर्सनल को मतदान कराने के लिए कम से कम मतदाताओं को कतार में रहना पड़े, इस हेतु क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की भी ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव क्विज 2024 से युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन का प्रयास किया गया है।

मालूम हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड द्वारा स्टैट्स इंडिया के सहयोग से चुनाव क्विज 2024 का आयोजन 2 अक्टूबर को कराया गया था, जिसमें राज्य के सभी जिलों से एक-एक प्रतिभागी को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित परीक्षा से चयनित किया गया था। इन चयनित प्रतिभागियों के बीच गुरुवार को आर्यभप्त सभागार में अलग-अलग राउंड की प्रतियोगिता कराई गई। इसमें निर्णायक के रूप में सूरज कुमार निबंधक सहयोग समितियां झारखंड, शशि रंजन, राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान एवं गोपिका आनंद राज्य स्टेट आइकॉन पीडब्ल्यूडी शामिल थीं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा की अलीशा निषाद रहीं, जिन्हें 50 हजार रुपए की राशि, द्वितीय स्थान पर रहे गोड्डा के नरेश प्रसाद यादव को 30 हजार रुपए की राशि एवं तृतीय स्थान पर रहे खूंटी के चंदन कुमार को 20 हजार रुपए की पुरस्कार राशि के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से दिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं रांची जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रानी कुमारी ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी किया नामांकन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने गुरुवार को रांची विधानसभा सीट से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल किया। रांची समाहरणालय में उनके द्वारा पर्चा दाखिल करने जाते समय काफी संख्या में नारी शक्ति सेना (गुलाबी गैंग) की सदस्य व अन्य महिला सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थीं।

गौरतलब है कि रानी कुमारी विगत लगभग तीन दशक से राष्ट्रीय जनता दल से जुड़ी हैं। इस दौरान वह पार्टी की कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रही हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में रांची सीट से उन्होंने अपनी दावेदारी पेश की थी। उनके मुताबिक पार्टी सुप्रीमो की ओर से उन्हें ग्रीन सिगनल भी मिल गया था। इसके बावजूद उन्हें टिकट से वंचित होना पड़ा। रांची सीट से महागठबंधन की ओर से झामुमो की प्रत्याशी डॉ महुआ माजी (झामुमो) को टिकट दे दिया गया। इससे नाराज होकर रानी कुमारी ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। रानी कुमारी द्वारा बतौर निर्दलीय उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने के बाद राजद खेमे में खलबली मची है।

इस मौके पर मीरा देवी, गंगा देवी, गीता देवी, सुषमा देवी, अनीता देवी, कबूतरी देवी, सुषमा कुमारी, चिंता देवी, सुनीता देवी, बेबी देवी, प्रमिला देवी, खुशबू देवी, सरिता देवी, ज्योति देवी, आशा देवी, मालती देवी, पार्वती देवी, सरोज टोप्पो, सोना देवी, लोलेन कच्छप, सोनी देवी, मोना रेखा तिग्गा, अंजली देवी, इशा जायसवाल, पूनम सोनी, प्रीति सोनी, कदम देवी, सुनैना देवी, रामप्यारी देवी, पूनम उरांव, प्रेमा देवी, प्रेरणा कुमारी, तपन कुमार, आयुष सिंह, अनूप उपाध्याय, विपुल तिवारी, सोनू गुप्ता, विमल देवी, विभा देवी, अन्नु कुमारी,रूणा देवी, गायत्री देवी, सुमित्रा एक्का, साबिर अंसारी, रूपा देवी, जमाल अंसारी, ललिता देवी, फूलमनी खलखो, पूनम बोध, मोना तिग्गा सहित काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे।

# तख्त बदल दो, ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो : संजय सेठ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि तख्त बदल दो, ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो। श्री सेठ गुरुवार को हरमू मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को सिर्फ मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाये। युवा, महिला और किसानों को पांच सालों तक ठगा। राज्य की रोटी, बेटी और माटी को लूटने का काम किया है। लेकिन, गठबंधन कांग्रेस-झामुमो की सरकार का बालू खाकर भी पेट नहीं भरा। हेमंत सोरेन आदिवासियों की जमीन लूटकर खा गये फिर भी उनका पेट नहीं भरा।

**पत्रकारों को नहीं मिला बीमा लाभ :** हेमंत सोरेन की वादाखिलाफी पर कहा कि 3 साल पहले हेमंत सरकार ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को बीमा का लाभ देने का वादा किया था। 3 साल पहले गठबंधन सरकार ने 3100 रुपया पत्रकारों से लिया और उनको भी ठग लिया। इस सरकार ने चौथे स्तंभ को भी नहीं छोड़ा। आज झारखंड परिवर्तन के लिए तैयार है। अब विदाई समारोह भी तय हो गया है। अब सिर्फ 30 दिन बाकी है, जब हेमंत सोरेन की फरेब सरकार जायेगी।

# जेसोवा दिवाली मेला : खराब मौसम के बावजूद खरीदारी करने पहुंच रहे लोग

- श्रृंगार से लेकर परिधान तक, सब कुछ आकर्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मोरहाबादी मैदान में पांच दिवसीय जेसोवा दिवाली मेला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले के दूसरे दिन गुरुवार को खराब मौसम के बावजूद रांची एवं आस-पास से लोग मेले में पहुंचे और जमकर खरीदारी की। ट्रेडिशनल ज्वैलरी, खादी के कपड़े, कश्मीरी पश्मीना खूब डिमांड में है। स्टाइलिश फैशन के साथ-साथ होम डेकोर के प्रोडक्ट लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मेला घूमने आयी प्राची ने बताया कि दिवाली मेले में आकर वो बहुत खुश है। यहां घर सजाने से लेकर कपड़े सब कुछ मिल रहा है। कश्मीर, मैसूर सहित देश-विदेश के प्रोडक्ट के प्रति लोगों का रुझान देखा गया। साथ ही हैंडलूम प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों के प्रति लोगों में विशेष उत्सुकता दिखाई दी।

स्वदेशी प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेले में झारक्राफ्ट और खादी के उत्पादों के स्टॉल पर ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गयी। अफगानी ड्राई फ्रूट के स्टॉल पर तरह-तरह के स्वास्थ्यवर्धक ड्राई फ्रूट मिल रहे हैं। दिवाली मेले में सबसे ज्यादा भीड़ फूड कोर्ट में रही। फूड कोर्ट में करीब अनेक प्रकार के व्यंजन उचित दाम पर परोसे जा रहे हैं। कोर्ट में भोला लिप्तीए आइसक्रीम स्टॉल, चाइनीज फूड और विभिन्न तरह के हेल्दी जूस के स्टाल लगाये गये हैं।

# सरकार जिसकी भी हो, झारखंड का विकास जरूरी: प्रिंस अजमानी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत विशेष सह संपर्क प्रमुख प्रिंस अजमानी ने विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। अजमानी ने बताया कि वे किसी पार्टी से कोई अपेक्षा नहीं रखते हैं, बस इतना चाहते हैं कि सरकार जिसकी भी हो, झारखंड का सर्वांगीण विकास हो एवं भारत की संस्कृति और अखंडता विद्यमान रहे। वे कहते हैं कि 1992 से पूर्व से रह रहे लोगों को स्थानीयता, एसटी/एससी के लिए विशेष शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आरक्षण की नीति बने तथा स्थानीय को नौकरी में 50 फीसदी आरक्षण मिले। परंतु स्थानीय नीति हो या आरक्षण, स्थानीय नीति के 50 फीसदी आरक्षण में भी कर्म, प्रतिभा और योग्यता के अनुसार अवसर मिले। चाहे वो कोई भी हो। ओरांव हो या सिंह या शर्मा या तिवारी या टिग्गा या महतो बस भारतीय हो।

अजमानी ने कहा कि स्थानीय नीति और आरक्षण उपरांत, योग्यता किसी की मोहताज नहीं होनी चाहिए। प्रतिभा को यदि कोई सरकार सम्मान नहीं देती है और सिर्फ. आरक्षण पर चलेगी तो वह समाज, वह राज्य, अंततः वह देश कभी तरक्की नहीं कर सकता है। अजमानी कहते हैं कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या का वे बहिष्कार करते हैं और तुरंत उनको राज्य ही नहीं संपूर्ण देश से बाहर निकालने का समर्थन करते हैं। अजमानी कहते हैं कि राजधानी रांचीवासी होकर भी उन्हें दुख है, क्योंकि रांची का विकास नहीं हुआ, न ही यहां के लोग जिम्मेवार बन सके, 10% व्यापारी, सेवा वर्ग आदि और 70% गांव के आदिवासी ही सफाई एवं सहनशीलता का परिचय देते हैं, बाकी सभी खाने-पीने और ऐश करने में लगे हैं।

# इस सरकार में बहन-बेटियां भी असुरक्षित : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो

- 5 वर्ष में 7200 बलात्कार की घटनायें हुई



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने नामकुम में एक युवती के साथ हुई रेप और हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। श्री शाहदेव गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा इस सरकार में बेटियां पूरे तरीके से असुरक्षित हैं। राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बेटी को किडनैप करके हत्या कर दी जाती है। इस सरकार के कुल 5 वर्षों के कार्यकाल में अब तक 7200 रेप की घटनायें हो चुकी हैं। 7000 से ज्यादा हत्यायें हो चुकी हैं। ढाई लाख से ज्यादा संज्ञेय अपराध हुये हैं। पूरे तरीके से अपराधियों का बोलबाला है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कार्यकाल और हेमंत सरकार के कार्यकाल की तुलना करें तो 29 प्रतिशत रेप केस की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त बलात्कार और पोस्को के भी मामलों में 25 प्रतिशत से भी कम आरोपियों को सजा हुई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार का फास्ट्रेक कोर्ट के जरिये भी दोषियों को सजा दिलाने का रिकॉर्ड भी बहुत बुरा है। उन्होंने कहा कि एनडीए के उम्मीदवारों की बड़ी संख्या में नामांकन के साथ इस सरकार की उल्टी गिनती की शुरूआत हो जायेगी। भाजपा अपने पंच प्रणों में 500 रूपये में गैस सिलेंडर, 2,70,000 युवाओं को सरकारी रोजगार, 5 लाख लोगों को स्वरोजगार, बेरोजगारों को 2000 मासिक बेरोजगारी भत्ता, गरीबों को 20 लाख से अधिक आवास, मुफ्त बालू देने की योजना के साथ चुनाव मैदान में जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक महागठबंधन का औपचारिक रूप से बंटवारा भी नहीं हुआ है। दूसरी ओर भाजपा गठबंधन जनता के इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की आकांक्षा के अनुसार चुनावी मैदान में उतर गई है।

## सीएमडी एवं निदेशक ने वेस्ट टू आर्ट थीम के तहत बनी मूर्ति का अवलोकन किया



**रांची।** सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार एवं कोयला मंत्रालय के निदेशक अजितेश कुमार ने विशेष अभियान 4.0 के हिस्से के रूप में वेस्ट टू आर्ट थीम के तहत मुख्यालय–रांची परिसर में स्वच्छता : एक कदम स्वच्छता की ओर मूर्तिकला का अवलोकन किया। मूर्ति में गांधी जी को स्वच्छ भारत लोगो (चश्मा) के अलावा झाड़ू पकड़े हुए दिखाया/दशार्या गया है। यह मूर्ति उनके स्वच्छता के शाश्वत संदेश और स्वच्छता के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस संस्थापना के माध्यम से सीएमपीडीआई स्वच्छता के महत्व और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी के बारे में एक शक्तिशाली संदेश प्रदान करता है। अजितेश कुमार ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक पेड़ मां के नाम पहल के हिस्से के रूप में पौधारोपण भी किया और विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत बनाए गए पार्किंग शेड/स्थानों का दौरा किया। अजितेश कुमार ने हाल ही में उद्घाटित 3 गुणा 5 किलोवाट क्षमता वाले सौर वृक्ष (सोलर ट्री), बैडमिंटन कोर्ट, सीएमपीडीआई में विशेष अभियान 4.0 स्वच्छता स्थलों और अत्याधुनिक कोल इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड एनर्जी रिसर्च (नासेर) का भी दौरा किया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एसएंडटी) एके मिश्रा ने संक्षेप में (नासेर) के उद्देश्यों के बताया कि किस प्रकार नासेर अत्याधुनिक अनुसंधान, नवाचार और सहयोग के माध्यम से देश की ऊर्जा मांग को स्थायी रूप से पूरा करने के लिए कोयला और ऊर्जा क्षेत्र के डोमेन में अनुसंधान करेगा। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष तथा अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# स्किनलैव स्टूडियो ने रांची में अपना पहला क्लिनिक शुरू किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गुरुवार को हरमू सहजानंद चौक स्थित उर्मिला गोपाल भवन में कॉस्मेटिक फिजिशियन डॉ जमुना पाई ने स्किनलैब की शुरूआत की। इसका विधिवत उदघाटन साक्षी सिंह धोनी ने किया। उन्होंने अपना उत्साह जताया और इस ब्रांड में अपना आत्मविश्वास दर्शाते हुये कहा कि मुंबई से भारत में कॉस्मेटोलॉजी की अग्रणी डॉ जमुना पाई के इस कार्यक्रम में शामिल होने पर बहुत गर्व है। इस नये स्टूडियो में स्थायी लेजर हेयर रिडक्शन, प्रोफेशनल पील्स, एडवांस मेडीफेसियल, एंटी एजिंग तकनीक, मुंहासे के उपचार, स्किन रिसर्फेसिंग, डर्मल धेरेपी, पिगमेंटेशन उपचार, हेयर लॉस उपचार, हेयर फॉल उपचार और बहुत विभिन्न सामस्याओं को दूर करने के सारे उपाय मौजूद है। यहां इस्तेमाल किये गये सभी उपकरण यूएस एफडीए द्वारा अप्रूव्ड हैं। इसके अलावा इस क्लिनिक के सभी डॉक्टर और सदस्य डॉ जमुना पाई द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षित है।इनके सम्मानित ग्राहकों में कई बॉलीवुड हस्तियां और मिस इंडिया प्रतियोगिता की विजेता शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ जमुना पाई, भाव्या दीवान एवं अनुभव दीवान सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## आचार संहिता समेत अन्य बिंदुओं को लेकर सूचना भवन में कार्यशाला आयोजित

**रांची।** आकाशवाणी प्रादेशिक समाचार एकांश रांची की ओर से गुरुवार को रांची में विधानसभा चुनाव के सिलसिले में आदर्श आचार संहिता समेत अन्य बिंदुओं को लेकर सूचना भवन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा थीं। उन्होंने कहा कि हम सबों का समेकित प्रयास होना चाहिए कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें एवं स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन संपन्न हो। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर आकाशवाणी रांची प्रमुख कृष्ण कुमार लाल, आकाशवाणी कार्यालय प्रमुख डीसी हेंब्रम, आरएनयू प्रमुख दूरदर्शन दिवाकर कुमार, उप जनसंपर्क निदेशक आनन्द, आकाशवाणी रांची के सहायक निदेशक जेवियर कुंडलन्ना, आकाशवाणी कार्यक्रम अधिशासी पंकज मित्र, आकाशवाणी रांची समाचार संपादक महाविष रहमान और दूरदर्शन के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर मौजूद रहे। मौके पर सभी जिलों के अंशकालिक संवाददाता मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारियों ने भी चुनाव के कवरेज से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। मौके पर अंशकालिक संवाददाताओं ने भी कई सवाल किए और अपने अनुभव साझा किए।

# हेमंत कैबिनेट के अंतिम फैसले से चली जायेगी राज्य के 124 अतिथि शिक्षकों की नौकरी

- आरयू अतिथि शिक्षकों के समायोजन की जगह पारित कर लिया निष्कासन का प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में पिछले 7 वर्षों से कार्य कर रहे अतिथि शिक्षक पिछले कई वर्षों से आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में समायोजन करने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने 14 अक्टूबर को अपने अंतिम कैबिनेट में इस प्रस्ताव को लाया और अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में सेवा लेने से संबंधित प्रस्ताव को पारित भी कर दिया। लेकिन यह प्रस्ताव ऐसा बनाया गया कि जिसमें न तो इनका समायोजन किया गया और न इनकी नौकरी रही। इस प्रस्ताव में आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नई बहाली में दोबारा फॉर्म भरने तथा साक्षात्कार में शामिल होने का निर्देश दिया गया अर्थात पुनः नई बहाली की सारी प्रक्रिया की जाएगी। वहीं दूसरी ओर इसी प्रस्ताव में जिस संकल्प 1755 द्वारा इन अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, उस संकल्प को भी निरस्त कर दिया गया। इस कारण अब यह स्थिति उत्पन्न हो गई है कि न नौकरी रही और न इनका समायोजन हो पाया। इस तरह से रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत 124 अतिथि शिक्षकों की नौकरी अब समाप्त मानी जा रही है।

इस पर संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि यह कैसा प्रस्ताव था कि नौकरी देने के नाम से पहले की नौकरी को छीन लेना। यह पूरे हेमंत कैबिनेट का मजाक है। हेमंत कैबिनेट को धोखा दिया गया है। इस पर संघ के संयोजक डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि सचिव राहुल पुरवार तथा उपनिदेशक विभा पांडेय ने हेमंत कैबिनेट को बोका बनाया। जिनकी नियुक्ति पहले से नियम संगत हुई है, उन्हें फिर से फॉर्म भराना और साक्षात्कार कराना और नियुक्ति नहीं होती है तो नौकरी समाप्त माना जाएगा, का फरमान जारी करना। यह झारखंड में अफसर शाही को दर्शाता है। ये लोग सभी अतिथि शिक्षकों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। मालूम हो कि इन अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार के संकल्प 1755 के तहत की गई थी। इसमें इन अतिथि शिक्षकों को नेट उत्तीर्ण कक्षा आधारित शिक्षक कहा गया है, जिसमें स्पष्ट निर्देश था कि जब तक परमानेंट की बहाली नहीं हो जाती है तब तक इनको नहीं हटाया जा सकता। लेकिन कैबिनेट के माध्यम से इस संकल्प को ही निरस्त कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर आवश्यकता आधारित शिक्षकों को 57,700 रुपया प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जा रहा है, जबकि सरकार के द्वारा ही नियुक्त इन अतिथि शिक्षकों को 17 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

# कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 में देश के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ होंगे आकर्षण का केंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024-25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक दरभंगा हाउस, सीसीएल के कन्वेंशन सेंटर, रांची में आयोजित होगी। इस वार्षिक सम्मेलन का विषय स्वास्थ्य प्राथमिकताएं - वर्तमान और भविष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप और सीएमएस मीट के साथ प्रारंभ होगा।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 15 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता शामिल होंगे, जो चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हालिया प्रगति और भविष्य की चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियों के लगभग 300 डॉक्टर हिस्सा लेंगे, जिससे उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध और उन्नत तकनीकों से अवगत होने का अवसर मिलेगा।


PADMA BHUSHAN DR. S.K. SARIN


PADMASHREE DR. N. K. PANDEY


PADMA SHREE DR. RANDEEP GULERIA


PADMA SHREE DR. J.S. TITIYAL

विशेष आकर्षण के रूप में, देश के चार प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर अपने गहन अनुभव और योगदान को साझा करेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से **पद्म भूषण डॉ. एसके सरीन**- निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज नई दिल्ली। डॉ. सरीन हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में विशेष रूप से लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस बी और सी और लिवर ट्रांसप्लांटेशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने भारत में लिवर केयर को उन्नत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

**पद्मश्री डॉ. एनके पांडे**- चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, फरीदाबाद। डॉ. पांडे भारत में न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी माने जाते हैं। उन्होंने भारत में लैप्रोस्कोपिक और एंडोस्कोपिक सर्जरी तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**पद्मश्री डॉ. रणदीप गुलेरिया**- पूर्व निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली। वर्तमान में मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में इंटरनल मेडिसिन और रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन के चेयरमैन हैं। कोविद-19 महामारी के दौरान, डॉ. गुलेरिया एक प्रमुख सलाहकार थे और उन्होंने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**पद्मश्री डॉ. जेएस टिटियाल**- मुख्य, डॉ. आरपी सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज, नई दिल्ली। डॉ. टिटियाल ने मोतियाबिंद सर्जरी, कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन और रिफ्रैक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सम्मेलन कोल इंडिया के चिकित्सा समुदाय को एक साझा मंच पर लाकर ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा, जिससे हमारे डॉक्टरों की क्षमताओं का विकास होगा और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

## एक्शन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड : दिवाली में सिर्फ दो घंटे ही पटाखे फोड़ने की दी अनुमति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वायु प्रदूषण को लेकर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पूरी तरह से एक्शन में है। इस साल भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सिर्फ दो घंटे ही पटाखा फोड़ने की अनुमति दी है। सिर्फ रात्रि के आठ बजे से रात्रि के 10 बजे तक ही पटाखे फोड़े जा सकेंगे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, पटाखों की ध्वनि सीमा भी निर्धारित कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार, पटाखा विक्रेताओं को 125 डेसीबल से अधिक ध्वनिवाले पटाखों को बेचने की अनुमति नहीं मिलेगी। नियमों के उल्लंघन पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**छठ, क्रिसमस और नये साल के लिए भी समय सीमा निर्धारित**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने छठ, क्रिसमस और नये साल के लिए पटाखा फोड़ने के लिए समय सीमा निधारित कर दी है। छठ में सुबह छह से आठ बजे तक और नए साल में मध्यरात्रि के 11 बजकर 55 मिनट से 12 बजकर 20 मिनट तक ही पटाखे जलाए जा सकेंगे।

**क्या है आदेश में :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लिथियम, अर्सेनिक, एंटीमनी, लीड और मरक्यूरी वाले पटाखे बेचे गये तो उस दुकान का लाइसेंस जब्त कर लिया जायेगा। साथ ही ऑनलाइन पटाखे खरीदने वालों पर भी नजर रखी जायेगी। बोर्ड के अनुसार, अत्यधिक पटाखा फोड़े जाने अथवा अनार जलाने से वायुमंडल में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड और बेंजोइन की मात्रा अत्यधिक हो जायेगी। इससे ओजोन लेवल को खतरा हो सकता है और ऑक्सीजन की मात्रा कम हो सकती है।

## ब्राह्मणों के उत्थान के लिए राज्यपाल से कदम उठाने का आग्रह

- भगवान परशुराम के मंदिर और धर्मशाला के निर्माण को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कान्यकुब्ज ब्राहण महासभा ने गुरुवार को राज्यपाल से मुलाकात कर भगवान परशुराम के मंदिर एवं धर्मशाला के निर्माण की मांग रखी है। महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में रहने वाले ब्राहण समाज के लोगों की दुर्दशा का मामला उठाते हुए उनके उत्थान सहित कई अन्य मांगें भी रखीं। उपरोक्त जानकारी देते हुए कान्यकुब्ज ब्राहण महासभा झारखंड के संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पूरे राज्य में अधिकांश ब्राहणों की आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। राज्यपाल ने मुलाकात के दौरान उनकी मांगों पर सकारात्मक आश्वासन भी दिया है।

**केवल पूजा-पाठ और मंदिरों पर निर्भर हैं जीवन :** मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि एक संस्था के सर्वे के अनुसार पूरे झारखंड प्रदेश में ब्राहण समाज के लगभग 12 लाख लोग रहते हैं, जिनमें कान्यकुब्ज ब्राहणों की संख्या लगभग 4 लाख है। इनमें अधिकांश लोगों की आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्होंने कहा कि इस समाज के अधिकांश लोग केवल पूजा-पाठ एवं मंदिरों में पुजारी के रूप में कार्य करके किसी प्रकार अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं। इन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## डीजीपी को पत्र लिखकर जगरनाथपुर थाना प्रभारी पर युवक ने लगाये कई गंभीर आरोप

- मामले की जांच कराकर थाना प्रभारी सहित अन्य के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के एक युवक अमन कुमार चौधरी ने जगरनाथपुर थाना प्रभारी अशोक प्रसाद पर गंभीर आरोप लगाते हुए झारखंड के डीजीपी को पत्र लिखा है। अमन चौधरी के मुताबिक थाना प्रभारी अशोक प्रसाद ने उसे गैरकानूनी तरीके से पांच दिनों तक हिरासत में रखा और सादे कागजात पर दस्तखत करा लिया। ये कार्रवाई कशिश कुमारी के पिता सरोज कुमार की गलत शिकायत के आधार पर की गई, जो उसकी दोस्त है। कशिश कुमारी ने अपने पिता के एटीएम से रुपये निकाले साथ ही अपने गहनों को बेच कर रुपये लिए, लेकिन आरोप उसपर लगाया गया। अमन चौधरी ने बताया कि इस मामले में उसने जमानत ले ली है लेकिन थाना प्रभारी अशोक प्रसाद ने उसे नहीं बचने देने की धमकी दी थी, जिसे उसने गंभीरता से नहीं लिया था। इसके बाद 16 अक्टूबर को होटल प्रशांत विला के कर्मचारियों से बकझक के मामले को आधार बनाते हुए जगरनाथपुर थाना प्रभारी अशोक प्रसाद उसे गिरफ्तार कर थाने ले गये जहां बेरहमी से पिटाई की गई। इस दौरान सरोज कुमार के भतीजे अमन कुमार को भी थाना बुलाया गया और पुलिस की मौजूदगी में उसने मारपीट की, साथ ही कई सादे कागजात पर हस्ताक्षर कराये गये जिनमें दो में ये लिखवाया गया कि मैं सरोज कुमार को 98 हजार रुपये एक साल के अंदर किस्तों में वापस करूंगा और तीन लाख रुपये आनंद रंजन को किस्तों में डेढ़ साल के अंदर वापस करूंगा। इसकी पुष्टि जगरनाथपुर थाने के सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है। अमन कुमार चौधरी ने डीजीपी से मामले की जांच करा कर जगरनाथपुर थाना प्रभारी अशोक प्रसाद, सरोज कुमार, कशिश कुमारी और अमन कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सीआईटी में शोकसभा के बाद कक्षाएं स्थगित

**रांची।** सीआईटी के छात्र विवेक रंजन शर्मा (2022 बैच) की आकस्मिक मौत को लेकर गुरुवार को संस्थान में शोक सभा का आयोजन हुआ। शोक सभा के बाद कक्षाएं स्थगित कर दी गई। मृतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण के बाद प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने सभा को संबोधित किया। उन्होने कहा कि मृतक छात्र काफी मिलनसार और होनहार था। उसका चला जाना अपूरणीय क्षति है। भगवान मृतक के परिजनों को इस अपार दु:ख की बेला में सबल प्रदान करें। बता दें कि मृतक छात्र विवेक शर्मा नामकुम सदाबहार चौक में रहकर सीआईटी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार को उसने आवास पर ही फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मृतक मूल रूप से पटना जिले का रहने वाला था। वह अपने परिवार का एकलौता था। छात्र की मौत से विद्यार्थियों व संस्थान के लोगों में शोक की लहर है।

## शिक्षकों के प्रमोशन में देरी करने वाले पदाधिकारी पर होगी कार्रवाई

- सचिव ने जिला शिक्षा अधीक्षकों को दिए निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षकों के प्रमोशन में अनावश्यक देरी करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई होगी। इसे लेकर प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने फिर निर्देश जारी किए हैं। इस बाबत उन्होंने रांची, लोहरदगा और साहिबगंज को छोड़कर सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को 21 अक्टूबर, 2024 को पत्र लिखा है। प्रभारी सचिव ने लिखा है कि राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षकों की विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति के लिए झारखंड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 गठित है। शिक्षकों की विभिन्न ग्रेडों (यथा ग्रेड-4 एवं ग्रेड-7) में ससमय प्रोन्नति के संबंध में उदासीनता बरते जाने की स्थिति में झारखंड उच्च न्यायालय में अनेक वाद दायर है। इसमें कई अवमाननावाद में परिणत हो गये हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रशासी विभाग के समक्ष अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो रही है।

सचिव ने लिखा है कि प्राथमिक शिक्षा निदेशक के निदेशित करने के बावजूद अपेक्षित परिणाम प्रोन्नति की दिशा में द्रष्टव्य नहीं है, जो कि खेदजनक है। प्रभारी सचिव ने लिखा है कि वर्णित संदर्भ में आपको सचेत किया जाता है कि विषयांकित मामले में तत्परता बरतते हुए प्रोन्नति की प्रक्रियात्मक कार्रवाई शीघ्र निस्तारित करें। अन्यथा अनावश्यक विलंब के लिए चिन्हित दोषी पदाधिकारी के विरूद्ध उचित अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

## लेप्रोस्कोपिक सर्जन के वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए रांची के डॉ अजीत, चौंकाने वाला था केस रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। सदर अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने कोलकाता में आयोजित लेप्रोस्कोपिक सर्जन के वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में केस रिपोर्ट प्रेजेंट किया। विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर न्यू टाउन कोलकाता में 24 से 26 अक्टूबर तक इस वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। इसमें देश-विदेश के सैकड़ों सर्जन शामिल हो रहे हैं। डॉ अजीत के केस रिपोर्ट में 12 वर्षीय एक लड़के के पेट में बाइक का हैंडल घुस गया था, जिससे उसका पेट फट गया था और लीवर में छेद हो गया था। इस दौरान उसने जो भी खाना खाया था (चावल-दाल) वह सारा का सारा उसके पेट के अंदर फैल गया था।

उन्होंने बताया कि चूंकि लड़के की उम्र कम थी और उसके पास पूरी जिंदगी बची हुई थी, इसलिए उनकी टीम ने सभी जांच कराने के बाद यह प्लान किया। फिर लेप्रोस्कोपी विधि से छोटे छेद के द्वारा ऑपरेशन किया, ताकि उसका पूरा पेट खोलने से बच गए। यह एक जटिल सर्जरी थी, जिसमें आमतौर पर पूरे पेट को खोलकर ऑपरेशन किया जाता है। चुनिंदा अस्पतालों में ही लेप्रोस्कोपिक विधि से ये ऑपरेशन होता है। यह ऑपरेशन सक्सेसफुल रहा और बिना बड़े चीरे के ही वह लड़का स्वस्थ होकर घर गया। अगर उसका पेट खोलना पड़ता, तो भविष्य में उसको हॉर्निया व आंत फंसने का खतरा बना रहता। इस ऑपरेशन में क्रिटिकल केयर के डॉक्टर कौशल व पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आरयू में डॉ करमा उरांव की जयंती मनायी गयी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व मानव विज्ञान विभागध्यक्ष स्व डॉ करमा उरांव की जयंती गुरुवार को मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय विभाग के कुड़ुख विभाग में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करमा उरांव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर मनय मुंडा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व करमा उरांव पर शोध करने की जरूरत है। क्योंकि वे आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों पर सेमिनार में बोलते थे। उन्होंने हजार छात्रों को नई दिशा प्रदान की।

मौके पर डॉ करमा उरांव की पत्नी शांति उरांव, पुत्र शनि उरांव, पूर्व एडीजी रेजी डुंगडुंग, पूर्व आईजी शीतल उरांव, रिटायर्ड आईएएस उपेंद्र उरांव, राणा प्रताप उरांव, अशोक चौधरी, सुदेश साहू, हेमंत टोप्पो, डॉ उमेश तिवारी, प्रो शशिबाला, मेरी सोरेन, बंधु भगत, बेलखस कुजूर, सविता केसरी, राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा व बलकू उरांव समेत अन्य शामिल थे।

## रिम्स के वार्डों में बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही पर निदेशक नाराज

- भवन निर्माण विभाग एवं साफ-सफाई एजेंसी अन्नपूर्णा युटिलिटी सर्विसेस को किया शो-कॉज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने गुरुवार को अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण पर निकलने के क्रम में निदेशक ने प्रशासनिक भवन के बाहर बगीचे में गंदगी देखी। पेड़-पौधों इत्यादि के ठीक से रख-रखाव नहीं होने तथा कई जगह गंदगी भी पायी। इस संदर्भ में निदेशक ने चिकित्सा उपाधीक्षक-1 को साफ-सफाई एजेंसी मेसर्स अन्नपूर्णा युटिलिटी सर्विसेस से जवाब मांगने के निर्देश दिए। इसके अलावा मल्टीस्टोरी पार्किंग/बिल्डिंग के आस-पास गंदगी एवं जाम नालियों को देखकर निदेशक ने नाराजगी जताई और पेय जल एवं स्वच्छता विभाग और साफ-सफाई एजेंसी को इसे तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश दिए। अस्पताल भ्रमण के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण बायोमेडिकल वेस्ट मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इस बारे में निदेशक को सूचित किया गया कि वार्डों से बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। इसका त्वरित संज्ञान में लेते हुए निदेशक ने बायोमेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण करने के संबंधित विभाग को आदेश दिए। एनाटॉमी लेक्चर थिएटर पहुंचने पर डॉ राजकुमार ने देखा कि कई स्थानों पर कुड़े का ढेर जमा था एवं जगह-जगह गंदगी थी जिसके लिए उन्होंने साफ-सफाई एजेंसी अन्नपूर्णा युटिलिटी सर्विसेस से स्पष्टीकरण मांगने को कहा। वहीं चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के बाहर कई जगह पर कुड़ा एवं लिफ्ट के सामने कंडम सामान जमा था जिसके लिए उन्होंने भवन निर्माण विभाग एवं साफ-सफाई एजेंसी अन्नपूर्णा युटिलिटी सर्विसेस से स्पष्टीकरण मांगा।




डॉ राजकुमार ने ओपीडी कॉम्पलेक्स में निर्माणाधीन सेंट्रल लैब का निरीक्षण किया एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संपदा पदाधिकारी एवं भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने ओपीडी कॉम्पलेक्स में सीढ़ी के नीचे, शौचालय, कैदी वार्ड, अस्थि एवं जोड़ रोग विभाग व अस्पताल परिसर में जगह जगह गंदगी पाई जिसके संदर्भ में उन्होंने साफ-सफाई एजेंसी पर नाराजगी जाहिर की। अन्नपूर्णा युटिलिटी को असंतोषजनक कार्य के लिए शो कॉज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निदेशक ने ओपीडी कॉम्पलेक्स में बिजली विभाग को विद्युत सुरक्षा एवं आग लगने/स्पार्किंग को रोकने के लिए तुरंत प्रभाव से सुरक्षा मापदंडों के अनुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए। निदेशक ने निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर टूटे फर्नीचरों को इधर-उधर रखे देखा जिसके लिए उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष/पदाधिकारियों को नए फर्नीचर की खरीद करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक के माध्यम से कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया। साथ ही कंडम सामान को हटाने के निर्देश दिए। मरीजों एवं उनके परिजनों की सुरक्षा एवं मरीज हित को ध्यान में रखते हुए औषधि रोग विभाग में लिफ्टों के बाहर टूटे हुए ग्रेडल, अवशेष इत्यादि तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए बिजली विभाग को आदेश दिए गये।

## खबर एक नजर में

### शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरंडा में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित



**रांची।** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरन्डा (राजकीय औषधालय) की अध्यक्षता मे शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरंडा में संपूर्ण साइट के उन्मुखीकरण के अंतर्गत परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं रिपोर्टिंग पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पीएसआई इंडिया के द्वारा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के सभी चिकित्सा पदाधिकारी, जीएनएम, एएनएम, परिवार नियोजन परामर्शदाता, लोक स्वस्थ्य प्रबन्धक और अकाउंट मैनेजर शामिल हुए। इसमें पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोरंडा के लोक स्वास्थ्य प्रबंधकों के द्वारा पीएसआई इंडिया के द चैलेंज इनिशिएटिव कार्यक्रम में दी जा रही तकनीकी सहयोग के तहत परिवार नियोजन के विभिन्न विधियों (प्रसव उपरांत परिवार नियोजन विधि सहित), काउंसलिंग स्किल पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही सभी प्रतिभागियों से परिवार नियोजन की सेवाओं एवं रिपोर्टिंग को मजबूत करने पर बल दिया। इसके साथ ही परिवार नियोजन की विधियों से संबंधित लाभार्थियों, उत्प्रेरक और सेवा प्रदाता को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। उन्मुखीकरण सत्र का समापन पीएसआइ इंडिया के संतोष कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार और लोक स्वास्थ्य प्रबंधक शिशिर रॉय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### चक्रवाती तूफान को लेकर आज बंद रहेंगे चाईबासा के सभी स्कूल, आदेश जारी

**रांची।** चक्रवाती तूफान दाना आने वाला है। इसकी वजह से राज्य के कई जिलों में भारी बारिश और तेज हवा चलने की आशंका रांची स्थित मौसम केंद्र ने जताई है। इसको लेकर कई जिलों के सभी स्कूल कल यानी 25 अक्टूबर को बंद कर दिए गए हैं। उक्त विषय पर विभागीय प्रभारी सचिव का अनुमोदन प्राप्त है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने इस संबंध में आदेश किया है। इसमें कहा है कि रांची मौसम केंद्र द्वारा 24 अक्टूबर, 2024 को झारखंड पर चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव के रूप में भारी वर्षा एवं तेज हवा की चेतावनी दी गई है। विभाग की ओर से बताया गया है कि प‍िमी सिंहभूम, चाईबासा उपायुक्त से प्राप्त अनुरोध के आलोक में निवारक उपाय के तहत मात्र कोल्हान प्रमंडल के अंतर्गत प‍िमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग-कजी से वर्ग-12 तक की कक्षाएं 25 अक्टूबर को बंद रहेंगी।

### डॉ सीमा मोदी को मिला डॉ सरोजनी नायडू अंतरराष्ट्रीय अवार्ड




**रांची।** रंगमंच कलाकार, फिल्म अभिनेत्री, समाजसेवी, फाउंडर सृजन शक्ति वेलफेयर सोसायटी, डॉ सीमा मोदी को मारवाह स्टूडियोज फिल्म सिटी नोएडा में इंटरनेशनल चैंबर ऑफ मीडिया और इंटरटेनमेंट इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में डॉ सरोजनी नायडू अवार्ड (फॉर वर्किंग वीमेन 2024) से नवाजा गया। इस मौके पर फिल्म निर्माता, निर्देशक और एएफटी के फाउंडर प्रेसिडेंट संदीप मारवाह, महामहिम डॉ कैपाया रोड्रिगेज, राजदूत, वेनेजुएला दूतावास और महामहिम एडवोकेट लेबोहांग वैलेंटाइन मोचाबा, उच्चायुक्त, लेसोथो साम्राज्य के उच्चायोग ने उन्हें सम्मानित किया। देश-विदेश की विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशील कई महिलाओं को ये सम्मान मिला।

### सीसीएल ने स्कूलों में करायी विभिन्न प्रतियोगिताएं



**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सीसीएल ने कांके स्थित पीएमश्री विद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल से 125 छात्रों ने भाग लिया। अभियान के तहत 23 अक्टूबर केंद्रीय विद्यालय, राजेंद्रनगर में स्लोगन लेखन, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसका पुरस्कार वितरण गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल से 210 छात्रों ने भाग लिया। सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में जानकारी दी। अपने जीवन शैली में ईमानदार और सत्यनिष्ठ रहने की सलाह दी। गौरतलब है कि सतर्कता विभाग द्वारा 17 से 26 अक्टूबर तक रांची के भिन्न भिन्न स्कूलों में कई प्रतियोगिताएं करायी जा रही हैं।

### निर्मला कॉन्वेंट के बच्चों ने दिव्यांग, गरीब, बुजुर्ग और बच्चों के साथ मनायी दीपावली




**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के बच्चों ने गुरुवार को अपंग, दिव्यांग गरीब तथा बुजुर्ग बच्चों के साथ दीपावली मनायी। इस अवसर पर स्कूलों के विद्यार्थियों ने दीया, केंडिल मेकिंग, ग्रीटिंग कार्ड पोस्टर मेकिंग के द्वारा अपनी अंतर्निहित कला को प्रकट किया, वहीं दूसरी ओर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को पेंटिंग के माध्यम से जीवंत कर दिया। बच्चों ने बहुत ही सुंदर दीये, मोमबत्तियां तैयार की। बच्चों द्वारा सुंदर मन्दिर सजाया गया और सबने मां लक्ष्मी की आरती की। कार्यक्रम की विशेषता स्कूल के बच्चों द्वारा बरियातू स्थित चेशायर होम में रह रहे दिव्यांग तथा गरीब बच्चों और बुजुर्गों के बीच आकर्षक दीये, फुलझड़ी, मिठाइयां, कपड़े, बिस्किट एवं अन्य उपयोगी सामग्री तथा अपने हाथों से उपहार बनाकर वितरित करना रहा, जहां मानवता की भावना प्रमुख रही। स्कूल प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों से प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का आह्वान करते हुए सभी को दीपावली की शुभकमनाएं दी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि मानव जीवन की सबसे बड़ी खुशी एक जरूरतमंद इंसान की सेवा करना तथा अपनी खुशियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करना, हमारे अंदर सहयोग तथा सेवा का भाव विकसित करता है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा, सुधा राणा, एनिमा इक्का, गीता शर्मा, किरण कुमारी, आंचल कुमारी, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार तथा अन्य सहित स्टूडेंट्स उपस्थित मौजूद थे।

# शिल्पी नेहा तिर्की और सन्नी टोप्पो ने किया नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** मांडर विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। राँची समाहरणालय में आयोजित इस नामांकन समारोह में दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में हजारों की संख्या में समर्थक शामिल हुए। दोनों प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपार जन समर्थन मिलने के बाद शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी के अपार समर्थन से मेरा दिल गद-गद है। मैं मांडर की जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगी और आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगी। इस विशाल जनसमूह की उपस्थिति ने मांडर विधानसभा क्षेत्र में शिल्पी नेहा तिर्की की लोकप्रियता और जनता के बीच उनकी पकड़ को साफ तौर पर प्रदर्शित किया। तो वहीं भाजपा के टिकट पर पहली बार चुनाव लड़ रहे सन्नी टोप्पो के समर्थन में भी काफी संख्या में समर्थक शामिल हुए। विशाल जन समूह को देखते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि यह मांडर की जनता का प्यार ही है कि मेरे नामांकन दाखिल करने में हजारों की तादाद में समर्थक शामिल हुए हैं। इससे साफ लगता है कि मांडर की जनता बदलाव देखना चाहती है। और विकास की गति को आगे बढ़ना चाहती है।





नामांकन भरने के साथ ही मांडर विधानसभा चुनाव काफी रोमांचक होने के आसार है। एक तरफ गैर भाजपा का अभेद किला कहे जाने वाले मांडर में कांग्रेस के टिकट पर शिल्पी नेहा तिर्की तो वहीं भाजपा से लोकप्रिय नेता सन्नी टोप्पो खड़े हैं। आजादी के बाद अभी तक 2014 में सिर्फ एकबार गंगोत्री कुजूर ही भाजपा से विधायक बनी हैं।

## रंथा महली खिजरी से लड़ेंगे चुनाव



**अनगड़ा।** ग्राम प्रधान और पूर्व जिला परिषद सदस्य रंथा महली खिजरी विधान सभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगें उक्त जानकारी देते हुए पूर्व जिप सदस्य ने बताया कि इसके लिए उन्होंने तैयारी पूरी कर ली है। जाति प्रमाण पत्र एवं प्रत्याशी बनने के लिए उन सभी जरूरी कागजातों की व्यवस्था कर ली है। एक दो दिन के भीतर वे अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## एक नजर में

### बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने की योगाभ्यास



**ओरमांझी।** टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी प्रोजेक्ट हाई स्कूल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में गुरूवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कर योग व ध्यान का महत्व बताया गया। साथ ही सभी से मानसिक तनाव दूर करने के लिए योग व ध्यान को अपनाने की अपील किया गया। इसके अलावे सरस्वती षिषु विद्या मंदिर ओरमांझी में आयोजित तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण का सम्मापन हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य सपना कुमारी, ओपप्रकाश चंद्रवंशी, सत्यनारायण तिवारी, शैलेंद्र मिश्रा, उमाशंकर साहू, प्रसाद महतो, समाधान के सचिव बिनोद सिंह व योग प्रशिक्षक शत्रुघन कुमार आदि उपस्थित थें।

### डकरा परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग, लोग भयभीत

**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र के डकरा परियोजना से हो रही लगातार हैवी ब्लास्टिंग से खदान से सटे गांवों में रह रहे लोग दहशत में है। हैवी ब्लास्टिंग से खदान से सटे केडी कॉलोनी, चदरा धौड़ा, केडी शिवपुरी कॉलोनी, केडी मुख्य बाजार, पत्रकार कॉलोनी, प्रगति नगर, नया बस्ती, गुलजारबाग सहित अन्य जगहों पर रह रहे लोग भयभीत जी रहे है। बताना चाहते है कि गुरूवार की दोपहर में डकरा खदान में दो बार काफी तेज ब्लास्टिंग किया गया। तीव्रता ब्लास्टिंग होने से मानो जैसे क्षेत्र भुकंप आया गया जैसा लगा। वहीं ब्लास्टिंग से रिहायशी इलाकों में बने घर एवं दुकानों को काफी क्षति पहुंच रही है। पुर्व में भी कई बार डकरा खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग से लोगों के घरों एवं दुकानों में पत्थर उड़ कर गिरे है। बॉस्टिंग से घरों की एस्बेस्टस शीट क्षतिग्रस्त हो चुकि है वहीं लोग बाल-बाल बचे है। डकरा परियोजना में पदाधिकारी के अनदेखी से त्रस्त भाजपा युवा नेता प्रताप यादव ने कहा कि डकरा खदान से हैवी ब्लास्टिंग के कारण लोगों को अपने घरों के साथ-साथ जान माल के नुकसान होने का भय हमेशा बना रहता है। प्रबंधन को पुर्व में कई बार खदान में ब्लास्टिंग को कम तीव्रता से करने को कहा गया था लेकिन प्रबंधन लोगों के जान माल के नुकसान की चिंता किए बैगर सिर्फ अपने उत्पादन को पुरा करने में लगा है। वहीं उन्होने डकरा प्रबंधन को चेताया कि अगर हैवी ब्लास्टिंग की तीव्रता को कम करके नहीं किया गया तो स्थानीय लोग द्वारा खदान में काम को बंद करा दिया जाएगा।

## नामांकन के बाद जेएमएम प्रत्याशी ने की सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तमाड़ प्रत्याशी विकास कुमार मुंडा ने गुरुवार को नॉमिनेशन के बाद भारी बारिश के बाद भी विधानसभा क्षेत्र के बुंडू हरिजन मैदान में विशाल जन सैलाब को संबोधित किया। हजारों की संख्या में कांग्रेस तथा झामुमो के कार्यकताओं ने तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा को पुनः तमाड़ विधायक का ताज पहनने की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विकास कुमार मुंडा की धर्मपत्नी गरिमा सिंह मुंडा तथा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक सविता महतो शामिल थी। विकास कुमार मुंडा ने कहा कि उनके बीते कार्यकाल में जो कार्य किया गया है उसे बताने की आवश्यकता नहीं है हम क्षेत्र में विकास के लिए जन्मे हैं और विकास ही करेंगे उन्होंने कहा कि हमारे पिता का हत्यारा जो खुलेआम घूम रहा है वह जल्दी ही सलाखों के पीछे होगा। इस मौके पर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों संख्या में बुंडू तमाड़ तथा अड़की क्षेत्र से हजारों संख्या में महिला तथा पुरुष समर्थक पहुंचे हुए थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नामांकन दाखिल किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खिजरी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने गुरूवार के अपना नामंकन दाखिल किया नामांकन के पूर्व अपने मौजा के सरना स्थल में पुजा कर, कच्छप राजाउलातु चर्च, बरगांवा मंदिर, नामकुम हनुमान मंदिर, बिरसा मुंडा सरहुल जतरा स्थल, दुर्गा सोरेन चैक पर रघुनाथ महतो, तेलंगाना खड़िया, दुर्गा सोरेन के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए रास्ते में पडने वाले विभिन्न मंदिर और चर्च में आशीर्वाद लेते हुए रांची समाहरणालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। मौके पर मुख्य रूप से अशोक मिश्र, रमेस पाण्डेय, जमल मुण्डा, रिजवान अंसारी, सतीश पंडा, माधो कच्छप, तुलसी खरवार, प्रेमनाथ मुण्डा, राजेन्द्र मुण्डा, एतवा उरांव, विजय टोप्पो, अनु बेक, महादेव मुण्डा आदि मौजूद थे।

### उमेश बडाईक भी खिजरी से र्निदलीय नामांकन करेंगें

खिजरी विधानसभा से भाजपा नेता सह ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि वह मोदी जी को अपना आदर्श मानते हुए चुनावी मैदान में मजबूती के साथ लड़ेंगे। श्री, बड़ाईक ने बताया कि उनका नाम साजिश के तहत हटाया गया है, वह भाजपा के सच्चे सिपाही है, पूरा जीवन भाजपा के लिए समर्पित कर दिया है। जनता खिजरी में बदलाव मांग रही है, जनता का काफी दवाब होने की वजह से उन्हें चुनावी मैदान में इस बार उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह खिजरी विधानसभा क्षेत्र में ईईएफ फैक्टरी, मेगा फूड पार्क, गेटलसुद के विस्थापितों और एफसीआई खोदाम के मुद्दे पर मुखरता से आंदोलन करते आए हैं। यह आंदोलन जीवनभर जारी रहेगा।

## स्पीड न्यूज

### जगुआर पुलिस ने एरिया डोमिशन कर छापामारी अभियान चलाया

**खलारी।** आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर राँची पुलिस के वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगलों व कस्बो में पुअनि दीपक कुमार साहू के नेतृत्व में जगुआर फोर्स के साथ एरिया डोमिशन करते हुए छापामारी अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों के साथ सीमावर्ती क्षेत्र के डेगाड़ेगी, बालूमाथ पिपरवार सीमावर्ती एरिया के जगल, लरबेधवा, नवाडीह, जोभीया सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।

### कुएं से 35 वर्षीय युवक का शव बरामद

**मांडर।** पुलिस ने गुरुवार को हारिल गांव के निकट स्थित एक कुएं से 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। ब्लू रंग का शर्ट व लोअर पहने इस युवक की पहचान नहीं हो पायी है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को दोपहर में हारिल गांव जाने वाले सड़क के किनारे स्थित कुएं में पानी के ऊपर इस शव को किसी ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कुएं से निकालकर अपने कब्जे में ले लिया है।

### पडहा सोहराई जतरा सह स्वः दशा उरांव टूनार्मेंट कुदलौग का उद्घाटन



पिस्का नगड़ी। पडहा सोहराई जतरा सह स्वः दशा उरांव टूनार्मेंट कुदलौग का उद्घाटन मैच सेम्बो एफ.सी.और बी.टी.ईलेवन के बीच खेला गया जिसका उद्घाटन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बिनोद तिर्की कुदलौग पंचायत मुखिया मंजु लिण्डा, दछिणी टूण्डूल मुखिया संजय लिण्डा ने सामूहिक रूप से कीक मार कर किया। जिसमें सेम्बो ए.फ.सी. टीम विजय हुई। इस टूनार्मेंट का संचालन सुशांत तिर्की ने किया। इस अवसर पर राखी देवी, पहान बिगल मुंडा, सुकरा उरांव, बिरसा उरांव, रितेश कुजूर, रमण तिग्गा, दशरथ तिग्गा, लाखो उरांव, पिंकी लकडा, विनीता तिर्की, बसंत उरांव, सोनु केरकेट्टा, सुमित तिग्गा, कान्हु गाडी, बिजय सिंह, संजय सिंह, रंजीत कच्छप, सामू लोहरा, अजय कच्छप, पवन कच्छप, बबलू महली, बसंत बखला, रंजीत तिर्की, दीपक मिंज, हेरमन कच्छप, प्रदीप कच्छप, आलोक तिग्गा, संजय लकडा, श्रीकांत कच्छप, सहित कई लोग मौजूद थे।

## रातू पुलिस ने जब्त किया चोरी की ईंट लदा ऑटो

- दो बैट्रा और दो मोबाइल भी मिले
- 24 अक्टूबर तीन बजे की घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। इससे न केवल नागरिकों में भय है। बल्कि, पुलिस भी त्रस्त है। अपराधियों ने 24 अक्टूबर की सुबह करीब तीन बजे हुरहुरी में निमार्णाधीन मकान को निशाना बनाया। ईंट की चोरी कर रहे दो लोगों को ग्रामीणों ने दौड़ाया। वह जान बचाकर भाग निकले। लेकिन, ब्लू रंग का ऑटो जेएच 01 एफक्यू 5432, दो मोबाइल और उसमें रखे दो बैट्रा छोड़ गये। सूचना पाकर पहुंची गश्ती दल उसे जब्त कर थाने ले आयी है। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज होने की कोई खबर नहीं है। दोनों आरोपित पिठोरिया स्थित उरुगुटु के रहने वाले हैं। ऑटो उसी गांव के सबदर अली की बतायी जा रही है। वह फिलहाल भोपाल में है। अतहर अली चालक है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### जानें क्या है मामला

लॉरेंस इंटर कॉलेज के पास नया मकान बन रहा है। इसमें ईंट समेत सभी तरह की निर्माण सामग्री रखी हुयी है। रात में वहां एक गार्ड रहता है। गाड़ी में ईंट लादने की आवाज सुन उसकी नींद खुली और बाहर निकला। उसे देख चोर ऑटो लेकर कुछ दूर चले गये और गाड़ी खड़ी कर दूसरे की ईंट उठाने लगे। इतने में वह ग्रामीणों को इसकी टेलीफोनिक सूचना दी। लोगों को आते देख दोनों ऑटो छोड़ कर फरार हो गये। उसमें मोबाइल और बैट्रा था। बैट्रा भी चोरी की है। जब्त मोबाइल के जरिये गुनाहगारों की पहचान की गयी।

## ओरमांझी में धराया 2.74 लाख कैश व पंपलेट



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हुटुप चेकपोट पर वाहन जांच के दौरान लगभग 2.74 लाख रूपया व पंपलेट पकड़ा गया है। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सड़क मार्ग पर गुजरने वाली वहनों की गहनता से जांच की जा रही है। गुरूवार को देर शाम गोंदलीपोखर से गेतलसूद होते हुए आ रही एक ओमनी मारूती वेन जेएच01डीडी-7238 को रोक कर तलासी लेने पर एक बैग में भरे रूपए के साथ पेटी में भरे विभिन्न ब्रांड के सिगरेट बरामद हुआ है। वाहन में चालक सहित दो लोग सवार थें। चेकपोस्ट में उपस्थित दंडाधिकारी कनीय अभियंता राहूल कुमार व एएसआई बिनोद कुमार सोनी द्वारा पुछताक्ष करने वर बताया वे लोग सरस्वती ग्रुप में कार्य करते हैं। इसके अलावे एक वेगनआर कार जेएच01सीएच-7721 को तलासी करने पर उसमें काफी संख्या में पंपलेट मिला। लोक जागरण अभियान झारखंड राज्यहित में मतदान करने को लेकर अपील किए गए पंपलेट को भी जब्त कर लिया गया। दोनो वाहनों के साथ पकड़े गए समानों को षील कर जब्त कर लिया गया है। इसकी जानाकरी देते हुए थाना प्रभारी अनिल तिवारी व बीडीओ कामेष्वर बेदिया ने बताया निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना प्रषासन का उदेष्य है। जिसके तहत वहनों की गहनता से जांच की जा रही है। चुनाव अचार संहिता के अनुरूप ही पैसे व सामना लेकर चलना है। कहीं पंपलेट चुनाव प्रभावित करने को लेकर तो नही थी। इस संबंध में पुछताक्ष की जा रही है।

### बुधवार को बरामद शव की अभी तक शिनाख्त नही

**नामकुम।** बुधवार को खरसीदाग ओपी क्षेत्र के डुंगरी चापाटोली के एक चाहरदीवारी में बरामद महिला के शव की शिनाख्त गुरूवार को भी नंही हो सकी। बुधवार देर रात ओपी पुलिस ने चाहरदीवारी के मालिक अनील कुमार राय के ब्यान पर अज्ञात अपराधियों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। श्री राय ने बताया है कि वे स्थानीय अलंकार ज्वैलर्स में मैनेजर के पद पर कार्यरत हे। उन्होने वर्स 2019 20 में अपनी पत्नी के नाम उक्त जमीन खरीदी थी। बुधवार षाम चार बजे डुंगरी के एक परिचीत ने उन्हे फोन से जानकारी दी की उनकी जमीन पर हत्या हो गयी है। उसके बाद वे मौके पर पहुंचे।

## बेकाबू कोयला ट्रक ने रेलवे फाटक का हाइट वेब पोल को तोड़ा, ट्रक जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज रेलवे फाटक 8/ए टी में बीती रात्रि बड़ी घटना होते होते बाल बाल बचा। घटना लगभग 11:30 का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार बीते रात्रि एक कोयला लदा बेकाबू ट्रक जेएच 19 बी 6144 बालूमाथ के तरफ से मैक्लुस्कीगंज की ओर रही थी। इसी क्रम में मैक्लुस्कीगंज रेलवे फाटक पहुँचते ही ट्रक बेकाबू हो गया। बेकाबू ट्रक सड़क किनारे यात्री बस को हल्का टक्कर मरते हुए फाटक में लगे हाइट वे फाटक के पोल से जा टकराया। पोल से टकराने के बाद ट्रक उसी जगह रुक गया। स्थानीय लोगो ने बताया कि ट्रक के टक्कर होने के बाद बहुत जोर की आवाजें आयी। आवाज सुनकर देखा तो ट्रक रेलवे पोल को तोड़ते हुए फसा हुआ है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस व आरपीएफ घटना स्थल पहुँची। घटना स्थल पहुँचकर जाँच पड़ताल किया गया। आरपीएफ के जाँच के रेलवे का कोई नुकसान नही हुआ। रेल सुचारू रूप से आवागमन हुआ। ततपश्चात जांच कर ट्रक को छोड़ दिया गया।

### हाथियों के झुंड ने धान फसल को किया नष्ट

**सोनाहातू। थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में गुरुवार की सुबह ही जंगली हाथियों का झुंड ने गांव के पास खेत में तैयार हो रहे धान फसल को खाया और रौंद दिया है। हाथियों के झुंड ने अजीत महतो, सुरेश महतो, मनीषा महतो, महादेव महतो, बागेश्वर महतो, समल महतो आदि किसानों के 10 एकड़ से अधिक खेत में तैयार हो रहे धान की फसल को रोंद डाला है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर मुआवजा की मांग किया है।**

## शहीद अभिषेक साहू का शहादत दिवस मनाया गया



**चान्हो।** प्रखंड स्थित चोरेया गांव में गुरवार को शहीद अभिषेक साहू का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा शहद की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर किया गया। और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इसके बाद अतिथियों को तिरंगा पट्टा देकर स्वागत किया गया। अतिथि के रूप में उपस्थित देवेंद्र नाथ सिंह उच्च विद्यालय के शिक्षक भुनेनेश्व सिंह ने कहा कि शहीदों से हमें सीख लेने की जरूरत है। यह पल हमारे लिए गर्व का है। हमसे जो भी छोटा से छोटा भी काम हो देश सेवा के लिए करनी चाहिए। हम सेना में ना भी जा पाए तो भी अपने राष्ट्र के प्रति जो कर्तव्य है उन्हें निभाएं। सभा में उपस्थित सभी लोग देशभक्ति की भावना से सराबोर थे। सभा को पूर्व मुखिया चक्रधर नाथ मिश्र, शिक्षिका संध्या कुमारी, धर्म प्रकाश मिश्रा, मुखिया रेखा सांगा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता,विनोद भगत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मोहसिन खान ने किया।

## 25 गोरखा रेजीमेंट में कौशल विकास केंद्र की शुरूआत हुई





खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** गुरुवार को कोचाटोली स्थित माउंटेन स्ट्राइकर ब्रिगेड 25 गोरखा रेजिमेंट में कौशल विकास केंद्र की शुरूआत की गई.केंद्र का उद्घाटन परिवार, माउंटेन स्ट्राइकर ब्रिगेड की कल्याण समन्वयक ने विकास भारती की उपाध्यक्ष रंजना चौधरी, अध्यक्ष मारवाड़ी समाज की पूर्व अध्यक्ष नीरा बथवाल और जन शिक्षन संस्थान के निदेशक अखिलेश मैती की उपस्थिति में किया। मौके पर अपने संबोधन में वक्ताओं ने बताया कि भारत सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत यहां प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें ब्यूटी केयर, कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण की ट्रेनिंग दी जायेगी, जिससे महिलाओं आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान मिलिट्री स्टेशन के परिवारों को प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। मौके पर ब्रिगेड कल्याण से जुडी सभी सदस्यों सहित सैनिक परिवार उपस्थित थे।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा**
**(प्रेक्षक एवं प्रोटोकोल कोषांग, विधान सभा आम चुनाव-2024)**

**"आम-सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आसन्न विधान सभा आम चुनाव-2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा **27-चतरा विधान सभा क्षेत्र** के लिए सामान्य प्रेक्षक महोदय की प्रतिनियुक्ति की गयी है एवं चतरा जिला में इनका आगमन हो चुका है।

अतएव आम-जन एवं सभी राजनैतिक दल अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु परिसदन भवन, चतरा के सभागार में प्रेक्षक महोदय के समक्ष अथवा मोबाईल या ई-मेल के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। इससे सम्बन्धित विवरणी निम्न प्रकार है :-

| क्र0 | प्रेक्षक का नाम | कमरा/भवन का नाम | मिलने का समय | सम्पर्क पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sri Amrutesh Kalidas Aurangabadkar, IAS<br>कोड संख्या : G-31769<br>(चतरा विधान सभा क्षेत्र)<br>मो0-6206696940<br>Email Id-protocolcellchatra@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | पीयूष प्रताप सिंह, प्राक्कलन पदाधिकारी, मो0-7985592968 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, चतरा

PR 339472 Election(24-25)#D



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**
**आम सूचना**

विधान सभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) के तहत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को अपने स्थानीय थाना/ओ०पी०/आर्म्स डीलर के पास दिनांक 25.10.2024 के संध्या 04:00 बजे तक निश्चित् रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा शस्त्र आर्म्स डीलर के पास अपना शस्त्र जमा करने की स्थिति में पावती रसीद की छायाप्रति निश्चित् रूप से स्थानीय थाना/ओ०पी० को उपलब्ध करायेंगे। विधान सभा निर्वाचन, 2024 सम्पन्न होने के पश्चात् संबंधित थाना/ओ०पी० एवं आर्म्स डीलर से अपना शस्त्र वापस प्राप्त कर सकते है।

उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नही करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 339482 District(24-25)D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**( प्रेक्षक कोषांग )**

**आम सूचना**

विधान सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित 72-लोहरदगा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों, आम मतदाताओं एवं अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक, 72-लोहरदगा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का लोहरदगा जिला में आगमन हो चुका है।
व्यय प्रेक्षक के नाम, पदनाम, मोबाईल संख्या एवं उनसे मिलने का समय आदि की विवरणी निम्नवत है:-

| क्र0 | प्रेक्षक के नाम एवं पदनाम | मोबाईल नं0 | मिलने का स्थान | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री अमित सिंह बंसल (भा0प्र0से0) सामान्य प्रेक्षक | 9430765369 | परिसदन (नया भवन) लोहरदगा | अपराह्न 05:00 बजे से 06:00 बजे अपराह्न तक |
| 02 | श्री एम0 रवि प्रकाश (भा0पु0से0) पुलिस प्रेक्षक | 9430765296 | परिसदन (नया भवन) लोहरदगा | अपराह्न 04:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 03 | श्री विमल चन्द्र दास (भा0रा0से0) व्यय प्रेक्षक | 9430760428 | परिसदन (नया भवन) लोहरदगा | पूर्वाह्न 8:00 बजे 11:00 बजे पूर्वाह्न तक |

वरीय पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग, लोहरदगा।

PR 339503 (Lohardaga) 24-25 (D)

# बाल विवाह दुर्भाग्यपूर्ण

कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। इसको लेकर समाज में जागरूकता के प्रसार की जरूरत है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को कड़ा रुख दिखाते हुए कहना पड़ा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं? एक संबंधित याचिका पर सुनवायी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। कोर्ट को कहना पड़ा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिये बाधित नहीं किया जा सकता। अशिक्षा और गरीबी भी इसके पीछे बड़ा कारण है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है।

## कार्टून वर्ल्ड







मेष : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

वृष : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

मिथुन : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

कर्क : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

सिंह : पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

कन्या : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

वृश्चिक : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

धनु : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखे। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

मकर : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

कुंभ : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

मीन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

# सनातन के पक्षकार वाली अंतरराष्ट्रीय हस्तियों से कौन परेशान है

**सनातन** या हिंदू संस्कृति और देवी-देवताओं में विश्वास की अभिव्यक्ति सभी क्षेत्र के लोगों के बीच आम हो रही है। हालाँकि, यह सनातन धर्म के विरोधियों को एक शक्तिशाली संकेत देता है, जो ऐसे व्यक्तियों को अपनी विचारधारा का दुश्मन मानते हैं।

हालाँकि, जड़ जमाए हुए स्वार्थी हित, चाहे जानबूझ कर हों या अनजाने में, आमतौर पर मानव मन के समग्र या अंतिम परिप्रेक्ष्य में रुचि नहीं रखते हैं, विशेष रूप से सनातन धर्म में, जैसा कि हमारे प्राचीन ऋषियों ने खोजा था। कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक और दार्शनिक सनातन धर्म के विशाल ज्ञान के साथ-साथ कार्यों, प्रथाओं को वैज्ञानिक मानते हैं, खासकर मानव जाति और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में। हालाँकि, सनातन धर्म से नफरत करने वाले जिनमें कई कम्युनिस्ट, मिशनरी, इस्लामिक उपदेशक और राजनेता शामिल हैं, इसके बारे में गलत मिथक फैलाते हैं।


**सनातन को निशाना बनाते है**

भारतीय मार्क्सवादियों का मानना है कि इस्लाम एक 'प्रगतिशील' धर्म है जिसके 'सिद्धांत अमीर और गरीब के बीच समानता को बढ़ावा देते हैं। दूसरी ओर, सनातन धर्म 'मूर्तिपूजा' और 'इससे होने वाली बुराइयों' में अपने विश्वास से प्रभावित है। यह समझ से परे है कि कैसे आरएस शर्मा और सभी मार्क्सवादी हिंदू मूर्तिपूजा को एक स्व-स्पष्ट बुराई मानते हैं, जबकि गुलामी व्यापार, हलाला, ट्रिपल तलाक, बहुविवाह और अन्य बर्बर शरीयत कानूनों, 'कुफ्र' के लिए अंतर्निहित घृणा, जो अन्य धर्मावलंबियों के लिए घोषित असहिष्णुता से अधिक कुछ नहीं है और इस्लामी प्रथाओं में हिंसा और गंदी राजनीति की अभिन्न भूमिका में ये मार्क्सवादी कोई बुराई नहीं देख पाते हैं। आरएस शर्मा की कम्युनल हिस्ट्री और राम की अयोध्या में न केवल हिंदू विरोधी भावनाएँ शामिल हैं, बल्कि इस्लाम के प्रति एक सुखद रवैया दिखाने की सोची-समझी आदत भी दिखाई देती है, जिसे दुनिया भर के कम्युनिस्टों ने शीतयुद्ध की शुरूआत से ही हासिल कर लिया है। जैसा कि हम अब देख सकते हैं, यह समय के साथ एक स्थायी मार्क्सवादी आदत बन गई है।

**भारतीय रीति-रिवाजों का वैज्ञानिक आधार है**

सनातन धर्म की परंपराओं को पहले अंधविश्वास माना जाता था लेकिन विज्ञान के आगमन के साथ यह स्पष्ट हो रहा है कि ये परंपराएँ वैज्ञानिक ज्ञान पर आधारित हैं





**- पंकज जयस्वाल**

> देखा जाए तो इस आधार पर हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत उत्पादन की संतृप्ति सीमा आ चुकी है, किंतु जल विद्युत क्षमता का आकलन बढ़ता ही जा रहा है। बड़े-बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बजाय यदि हर गांव में एक मेगावाट सौर ऊर्जा रूफ टॉप और अनुपजाऊ भूमि पर बना ली जाए तो भारत वर्ष में 6 लाख मेगावाट बिजली बनाई जा सकती है।

और सदियों से परंपराओं के रूप में चली आ रही हैं। हालाँकि आम लोगों को इसमें विज्ञान नहीं पता था लेकिन उन्होंने समय के साथ इसका पूरी ईमानदारी से पालन किया। सनातन धर्म अपने साधकों को बदलने के लिए बल का उपयोग नहीं करता है। यह साधक ही हैं जो आंशिक रूप से या पूरी तरह से खुद को परिवर्तित करते हैं क्योंकि सनातन धर्म उन्हें अपनी इच्छानुसार किसी भी भगवान की पूजा करने की अनुमति देता है, साथ ही उन्हें अपने मूल धर्म का पालन जारी रखने की भी अनुमति देता है, चाहे वह ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या कोई और।

**सनातन धर्म अपनाने वाले अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के कुछ उदाहरणः**

जूलिया रॉबर्ट्सः 2010 के एक साक्षात्कार में रॉबर्ट्स ने खुद को हिंदू धर्म के मार्ग पर प्रशस्त कहा और कहा कि उनका परिवार उनके साथ मंत्रोच्चार, प्रार्थना और उत्सव मनाने जाता है।

सिल्वेस्टर स्टेलोनः सनातन धर्म के एक प्रमुख अनुयायी।

विल स्मिथः सनातन धर्म के एक प्रमुख अनुयायी।

रॉबर्ट डाउनी जूनियरः सनातन धर्म में दृढ़ विश्वास रखने वाले और भगवान कृष्ण की विचारधारा के अनुयायी।

माइली साइरसः मानसिक शांति के लिए अपने घर में लक्ष्मी पूजा करती हैं।

मैडोनाः कुछ हिंदू परंपराओं का पालन करती हैं और योग का अभ्यास करती हैं।

रसेल ब्रांडः सनातन धर्म में अपार आस्था रखने वाली प्रसिद्ध हास्य कलाकार।

लीना हेडीः गेम ऑफ थ्रोन्स के लिए प्रसिद्ध, उनकी सनातन धर्म में अपार आस्था है।

जैकी हंगः सनातन धर्म में अपार आस्था रखने वाली मार्शल आर्ट कलाकार।

-एनएफएल खिलाड़ी रिकी विलियम्स एक हिंदू और शाकाहारी हैं। चोटों से उबरने के लिए वह हिंदू-आधारित प्राणिक उपचार का उपयोग करते हैं।

-संगीतकार ट्रेवर हॉल जब दौरे पर नहीं होते हैं तो हिंदू साधु की तरह रहते हैं। 2013 में वे भारत की यात्रा पर गए थे।

-₹आर्मी वाइव्स₹ की अभिनेत्री केली विलियम्स ने 1996 में अपने पति अजय सहगल से शादी करने के बाद हिंदू धर्म अपना लिया था।

-ब्रिटिश उपन्यासकार क्रिस्टोफर इशरवुड एक हिंदू थे।

-मैनहट्टन परियोजना की देखरेख करने वाले सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी रॉबर्ट ओपेनहाइमर भगवद् गीता, महाभारत और भारतीय इतिहास से प्रभावित थे। उन्होंने संस्कृत सीखी और भगवद् गीता को उसकी मूल भाषा में पढ़ा। पहले परमाणु बम के विस्फोट से दो दिन पहले, ओपेनहाइमर ने भगवद् गीता से एक श्लोक पढ़ा।

-नील्स हेनरिक डेविड बोहर इस सूची में एक और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हैं। डेनिश भौतिक विज्ञानी परमाणु संरचना और क्वांटम सिद्धांत में अपने जबरदस्त योगदान के लिए जाने जाते हैं। स्टीफन प्रोथेरो की पुस्तक गॉड इज नॉट वन (पृष्ठ 144) में, नील बोहर ने उद्धृत किया हैः

मैं प्रश्न पूछने के लिए उपनिषदों में जाता हूँ-अमेरिकी खगोलशास्त्री, ब्रह्मांड विज्ञानी, खगोल भौतिकीविद्, खगोल जीवविज्ञानी और दार्शनिक कार्ल सागन का ब्रह्मांड विज्ञान और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान में योगदान अभूतपूर्व है। वे एक कट्टर हिंदू थे और उन्हें यह कहते हुए देखा गया हैःहिंदू धर्म दुनिया के मुख्य धर्मों में से एकमात्र ऐसा धर्म है जो इस विश्वास को समर्पित है कि ब्रह्मांड स्वयं बहुत बड़ी संख्या में, यहाँ तक कि आंतरिक रूप से, मृत्यु और पुनर्जन्म का अनुभव करता है। यह एकमात्र ऐसा धर्म है जिसमें समय के पैमाने आधुनिक वैज्ञानिक ब्रह्मांड विज्ञान से मेल खाते हैं। इसके चक्र हमारे सामान्य दिन और रात से लेकर ब्रह्मा के दिन और रात तक होते हैं, जो 8.64 बिलियन वर्ष तक चलते हैं। पृथ्वी या सूर्य की आयु से अधिक और बिग बैंग के बाद की अवधि का लगभग आधा। और अभी भी बहुत लंबे समय के पैमाने हैं। कार्ल सागन, कॉसमॉस।

-निकोला टेस्ला को व्यापक रूप से सभी समय का सबसे महान वैज्ञानिक माना जाता है और उनके आविष्कारों ने मानवता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है; वे कई क्षेत्रों में अग्रणी थे। सर्बियाई-अमेरिकी वैज्ञानिक और इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से प्रसिद्ध हैं, जिसमें टेस्ला कॉइल, रेडियो, वैकल्पिक धारा और टेलीफोन शामिल हैं। हालांकि, उन्हें वेदांतिक अवधारणाओं का हवाला देते हुए देखा गया हैःसभी बोधगम्य पदार्थ एक प्राथमिक पदार्थ, या अवधारणा से परे तनुता से आते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## टवीट

**अमर** वीर शहीद सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव की क्रांतिकारी भूमि बरहेट विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल करने का परम सौभाग्य मिला। वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों के सपनों का झारखण्ड हमें बनाना है। आप और हम - सब मिलकर झारखण्ड रूपी पेड़ की जड़ों को सींच कर इसे विराट बनायेंगे।

**– हेमंत सोरेन सीएम**

**गांडेय** विधानसभा से आगामी विधानसभा चुनाव में झामुमो उम्मीदवार के रूप में मैंने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। गांडेय विधानसभा की जनता का स्नेह, आदरणीय बाबा दिशोम गुरु जी और मां का आशीर्वाद तथा हेमन्त जी का साथ ही मेरा हौसला है, मेरी ताकत है, मेरा विश्वास है। **– कल्पना सोरेन, विधायक**

# भारत-पाकिस्तान रिश्तों में नई शुरूआत की संभावना

**जीवीएस शास्त्री**

## सामयिक


भारत की विदेश नीति का यह पहलू पर्यवेक्षकों को चकित कर सकता है कि वह लगभग हर बहुपक्षीय समूह में शामिल होने के लिए कैसे तैयार रहता है। शांघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को ही लेते हैं। इसमें चीन और पाकिस्तान दोनों शामिल हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह भारत द्वारा एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयासों से अलग है जिनमें क्वाड भी शामिल है। परंतु गत सप्ताह ऐसे समूहों का महत्त्व सामने आया।

पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय बैठक पिछले कुछ समय में संभव नहीं हो पा रही थी लेकिन एससीओ शिखर बैठक के इस्लामाबाद में आयोजित होने के कारण विदेश मंत्री एस जयशंकर को यह अवसर मिला कि वह सीमा पार जाएं और दोनों पड़ोसी देशों के रिश्तों में नई जान फूंकें।

यह आठ वर्षों में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा थी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पोती के निकाह के अवसर पर अचानक पाकिस्तान पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक जयशंकर ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से दो बार बात की। वह सीमा पार गतिविधियों के बारे में कड़ा संदेश देने में कामयाब रहे और इस विषय पर भारत की लंबे समय से चली आ रही चिंता से अवगत कराया।

उन्होंने दक्षिण एशियाई देशों के आपसी रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में रास्ते तलाश करने की दिशा में भी प्रयास किया। दोनों पक्षों की इस बात के लिए तारीफ की जानी चाहिए कि उन्होंने भड़काऊ बयान देकर सुर्खियां बटोरने का प्रयास नहीं किया। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले महीनों में एक परिपक्व रास्ता तलाश किया जा सकेगा।

हाल के वर्षों में पाकिस्तान को लेकर भारत का रुख यह रहा है कि वह उसे यथासंभव अलग-थलग कर दे।




पाकिस्तान की आंतरिक उथल-पुथल ने भी इसमें योगदान किया है और इस तथ्य ने भी कि उसकी अर्थव्यवस्था की हालत बहुत खराब है। पहले तर्क दिए जाते थे कि सीमा पार व्यापार दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को एकजुट करता है और उनके रिश्तों में स्थिरता लाता है। अब भारत में इस तर्क पर बहुत अधिक यकीन नहीं किया जा सकता है।

इस लिहाज से अब यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि दक्षिण एशिया में शांति की स्थापना की गुंजाइश है और ऐसा किया जाना चाहिए। शरीफ के पास अभी भी पाकिस्तान में काफी राजनीतिक शक्ति है क्योंकि पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री उनके भाई हैं। पद पर रहते हुए शरीफ ने कई बार इस संभावना के बारे में बात की। भारत की बात करें तो उसने 2019 में कश्मीर का दर्जा बदलने के बारे में पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पर ध्यान दिया होगा जो कूटनीतिक दायरे में ही रही थी।

इससे दो संभावित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैंः पहला, पाकिस्तान में अब यह क्षमता नहीं है कि वह भारत के काम को बाधित कर सके, चाहे वह कश्मीर से जुड़ा मुद्दा ही क्यों नहीं हो। दूसरा यह कि यह इस बात का संकेत है कि वहां का प्रतिष्ठान रिश्तों को सामान्य बनाने के नाम पर ऐसे कदमों की अनदेखी करने का इच्छुक है।

चाहे जो भी हो सामान्यीकरण का ऐसा सवाल है जिसे अब खंगालने की जरूरत है। ऐसा भारत की चिंताओं की कीमत पर नहीं होना चाहिए और पाकिस्तान को भी उन्हें दूर करना चाहिए।

इससे होने वाले लाभ शायद उतने व्यापक नहीं हों जितना कि उन्हें दो दशक पहले माना जाता था जब शरीफ और अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर घोषणापत्र के जरिये रिश्तों को नए सिरे से सुधारने की कोशिश की थी। परंतु इस बीच दोनों देशों के बीच तुलनात्मक असंतुलन भी बढ़ा है। दक्षिण एशिया में स्थिरता की एक नई राह नजर आ रही है।

# मणिपुर की जातीय हिंसा, अधिकारियों की अग्नि परीक्षा

**-प्रियंका सौरभ**

## मीडिया

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा 3 मई, 2023 को भड़क उठी। इस संघर्ष में 200 से अधिक मौतें हुईं और 60, 000 लोग विस्थापित हुए। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष की जड़ें मणिपुर के जातीय और ऐतिहासिक संदर्भ में गहराई से जुड़ी हुई हैं। मुख्य रूप से घाटी क्षेत्रों में रहने वाले मेइतेई और पहाड़ी जिलों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच लंबे समय से सामाजिक-राजनीतिक और भूमि सम्बंधी विवाद हैं। राजनीतिक सत्ता, भूमि और सरकारी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा ने इन समुदायों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। आरक्षण, भूमि स्वामित्व और स्वायत्तता से सम्बंधित नीतियाँ इस टकराव के केंद्र में हैं। आदिवासी और गैर-आदिवासी समूहों को वर्गीकृत करने की ब्रिटिश काल की नीतियों ने विभाजन पैदा किया जो आज भी गूंजता है।

कानून-व्यवस्था की स्थिति तेजी से बिगड़ गई, सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और हिंसक घटनाएँ सामने आईं। सांप्रदायिक विभाजन ने अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) के अधिकारियों के कामकाज को गहराई से प्रभावित किया, जिससे उनके बीच भौगोलिक और मनोवैज्ञानिक बाधाएँ पैदा हुईं, संघर्ष के कारण पहाड़ी और घाटी जिले दुर्गम हो गए। वर्तमान स्थिति सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा परिकल्पित स्टील फ्रेम के लिए खतरा है, जिसमें अखिल भारतीय सेवाएँ भारत की प्रशासनिक मशीनरी की रीढ़ हैं। हिंसा और जातीय विभाजन के कारण एस्प्रिट डे कॉर्प्स (अधिकारियों के बीच एकता और आपसी सम्मान) तनाव में है, जिससे अधिकारियों के बीच सहयोग और विश्वास कमजोर हो रहा है। संघर्ष ने एआईएस अधिकारियों के बीच पारस्परिक सम्बंधों पर गहरा प्रभाव डाला है, सामाजिक आदान-प्रदान और सहयोग दुर्लभ हो गए हैं। नफरत फैलाने वाले भाषण, प्रचार और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक चर्चा के ध्रुवीकरण ने रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के अधिकारियों के लिए एक साथ काम करना मुश्किल हो गया है।

मनोवैज्ञानिक युद्ध, दुष्प्रचार और आर्थिक व्यवधान जैसे गैर-गतिशील तत्वों ने मणिपुर में तनाव को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाइब्रिड युद्ध के हिस्से के रूप में इन युक्तियों ने जनता के मनोबल और शासन में विश्वास को कम कर दिया है, जिससे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार आईएएस और अन्य सेवाओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती पैदा हो गई है। विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के सिविल सेवकों को अपनी जातीय पहचान के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को संतुलित करने में दुविधाओं का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक अपेक्षाओं और वफादारी का दबाव बनाम प्रशासनिक तटस्थता बनाए रखने की आवश्यकता एक महत्त्वपूर्ण नैतिक चुनौती प्रस्तुत करती है। कई अधिकारियों को उनकी जातीयता के कारण व्यक्तिगत सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है। सरकारी अधिकारियों को भीड़ द्वारा निशाना बनाए जाने और सुरक्षा की आवश्यकता की रिपोर्टें उनके सामने आने वाले गंभीर खतरों को रेखांकित करती हैं। इससे मनोवैज्ञानिक तनाव पैदा हो गया है और उनके कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई है।

दुष्प्रचार, घृणास्पद भाषण और भड़काऊ सामग्री फैलाने में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की भूमिका ने संघर्ष को बढ़ा दिया है। हिंसा और भड़काऊ भाषणों के वीडियो ने समुदायों को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे नागरिक अधिकारियों के लिए कहानी को प्रबंधित करना मुश्किल हो गया है। चुनौतियों के बावजूद, मणिपुर संघर्ष को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) जैसे संस्थानों द्वारा अनुसंधान और दस्तावेजीकरण के अवसर के रूप में देखा जा सकता है। इस मामले के आधार पर संघर्ष प्रबंधन, सुलह और प्रशासनिक तटस्थता पर प्रशिक्षण मॉड्यूल और क्षमता-निर्माण कार्यशालाएँ विकसित की जा सकती हैं। इस तरह के केस अध्ययन लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर जातीय केंद्रित संघर्षों से निपटने में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे, जो संघर्ष क्षेत्रों में शासन की शैक्षणिक और व्यावहारिक समझ में योगदान देंगे।

वेबर द्वारा प्रतिपादित नौकरशाही की अवैयक्तिक प्रकृति का लाभ संघर्षग्रस्त राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए किया जा सकता है। बैचमेट्स के बीच पेशेवर टीम भावना और राष्ट्रीय एकीकरण के एजेंट के रूप में एआईएस अधिकारियों की तटस्थ भूमिका संघर्षों को हल करने के लिए एक लचीला ढांचा प्रदान करती है। शांति-निर्माण प्रयासों में अधिकारियों को शामिल करने के लिए नवीन कार्मिक प्रबंधन नीतियों का कार्यान्वयन। विभिन्न जातीय समुदायों के अधिकारियों के बीच नियमित आभासी बैठकें बेहतर सम्बंधों को बढ़ावा दे सकती हैं और संघर्ष से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक अलगाव को कम कर सकती हैं। इस तरह के उपाय मणिपुर में उभरे प्रशासनिक सिलोस को तोड़ने में मदद कर सकते हैं, सिविल सेवाओं के भीतर बेहतर सहयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं और शांति प्रक्रिया में योगदान दे सकते हैं। यह संघर्ष भारत में संघीय एकता के महत्त्व को भी रेखांकित करता है। संचार चैनलों को मजबूत करने और राज्य और केंद्र सरकारों के बीच साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने से भविष्य के संकटों को कम करने में मदद मिल सकती है।

मणिपुर में जातीय हिंसा ने गहरे जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक संघर्षों से निपटने में भारत की प्रशासनिक प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। हालाँकि यह स्थिति अखिल भारतीय सेवाओं की अखंडता के लिए गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है।

## स्पीड न्यूज

### अग्रसेन स्कूल में मना संयुक्त राष्ट्र दिवस



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का स्थापना दिवस मनाया गया। प्रातः कालीन सभा में शिक्षकों ने संयुक्त राष्ट्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि संपूर्ण विश्व को भविष्य में किसी युद्ध की विभीषिका से बचाने और मानव कल्याण के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। भारत भी इसका सदस्य है। भारत हमेशा वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ संपूर्ण विश्व के कल्याण एवं शांतिपूर्वक ढंग से रहने की नीति को अपनाता रहा है। विशेष सत्र के बाद बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

### पयोनियर ने किसानों को किया सम्मानित



कुजू। रोयांग में कोटरेवा पयोनियर धान बीज कंपनी ने प्रदर्शनी लगाया। कंपनी के जिला प्रतिनिधि अजहरुद्दीन, क्षेत्रीय प्रखंड के अशोक कुमार गिरि, जीतू प्रजापति, प्रकाश महतो, अविनाश कश्यप, पंचम कुमार, देवानंद कुमार ने किसानों को पयोनियर 27पी37 अत्यधिक पैदावार वाला हाइब्रिड धान बताया। साथ ही धान की बाली अन्य के मुकाबले लंबी और गुच्छेदार एवं वजनदार होने की जानकारी दी। वहीं धान के फसलों में लगने वाले बीमारियों व किट से संबंधित कई बातों को बताया गय। वहीं जिन जिन किसानों ने कंपनी का बीज लगाया था उनको सम्मानित किया गया। मौके पर देवनारायण महतो, चुरामन महतो, बलराम महतो, पंकज महतो, सोहनलाल महतो, सरिता देवी, संगीता देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद थे।

### शिक्षक आशीष व राहुल सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। जीएनआईओटी के झारखंड और दिल्ली एनसीआर के रीजनल हेड प्रणव सिन्हा ने टीचर अकादमी भुरकुंडा के शिक्षक आशीष कुमार और राहुल कुमार को एडमिशन में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया है। मेन रोड पटेलनगर भुरकुंडा स्थित टीचर अकादमी में विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। इस संस्था में शिक्षक आशीष कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराकर उनका भविष्य संवारने का काम बखुबी किया जाता है। इधर टीचर अकादमी विभिन्न तरह के एजुकेशनल कोर्स रेगुलर और डिस्टेंस में ज्यादा से ज्यादा बच्चों के नामांकन करवाकर बेहतर प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर रीजनल हेड प्रणव सिन्हा ने शिक्षक आशीष कुमार और राहुल कुमार को उपहार देकर सम्मानित किया है।

### रजरप्पा में खुला मेडिकल दुकान



रजरप्पा। बड़कीपोना दुर्गा मंदिर चौक के समीप स्वास्तिक मेडिकल दुकान का उद्घाटन संचालक निर्मल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के मेडिकल खुलने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। गांव में ही शहर जैसा सुविधा मिलेगा। दुकान सभी तरह के विशेषज्ञ डॉक्टर बैठेंगे। फिजिशियन, ऑर्थो, फिजियो थ्रपी के तहत ईलाज किया जाएगा. साथ ही यहां सभी प्रकार का दवा उपलब्ध है। मौके पर किशोरी महतो, अनिमा कुमारी, सुलेन्द्र महतो, गीलेश्वरी देवी आदि मौजूद थे।

### 10 हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त



रामगढ़ । उपायुक्त रामगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु सभी अंचल अधिकारी / सभी थाना / ओपी प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है। 23 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की गोला थाना अंतर्गत ग्राम-कोराम्बे बुध बाजार के पास अवैध बालू माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कर बालू का भण्डारण किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं छापमारी हेतु अंचल अधिकारी गोला एवं थाना प्रभारी गोला के नेतृत्व में संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से गोला थाना अंतर्गत ग्राम-कोराम्बे बुध बाजार के आस-पास छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में लगभग 100 ट्रैक्टर (लगभग 10000 सीएफटी ) बसलू भण्डारित तथा एक 100 सीएफटी अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया।

### ममता देवी का भव्य स्वागत



गोला( रामगढ़)। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से ममता देवी लड़ेंगी चुनाव। ममता देवी बुधवार शाम पार्टी का सिंबल लेकर दिल्ली से रामगढ़ पहुंची। ममता देवी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रखंड कार्यालय के निकट, कॉंग्रेस कार्यालय के निकट, सुभाष चौक पर माल्यार्पण,थाना चौक में गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए ममता देवी का काफिला छत्तरमांडु, चितरपुर होते हुए देर रात गोला पहुँची। रास्ते में दर्जनों स्थानों पर ममता देवी का सैकड़ो कॉंग्रेसी समर्थको ने जोरदार स्वागत किया। वहीं शहर में कई स्थानों पर ममता देवी के पहुँचने पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। ममता देवी ने कहा कि पार्टी के वैसे सभी वरिष्ठ नेताओं का में आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने रामगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी बनाने में सहयोग किया। स्वागत करने वालों में कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, सी पी संतन, खोगेंद्र साव, पंकज तिवारी, मुकेश यादव, जमुना साव, बजरंग महतो, संजय साहू, मनोज पूज्जर, दिनेश मुंडा, रमेश प्रसाद,भीम प्रसाद साहू, महेश प्रसाद, कमलेश महतो, जनार्दन पाठक,गौरी शंकर महतो व अन्य।

# प्रदीप प्रसाद, मुन्ना सिंह व किशोरी राणा ने भरा पर्चा

## हजारीबाग सदर विस

**जनता का आशीर्वाद है और जीत महज एक औपचारिकता : प्रसाद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद।

**हजारीबाग।** सदर विधान सीट से बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद, कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी किशोरी राणा ने गुरूवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। तीनो प्रत्याशियों के समर्थक भारी संख्या में जुटे। प्रदीप प्रसाद समर्थको के हुजूम के साथ पूरे ताम झाम के साथ निकले वहीं मुन्ना सिंह व किशोरी राणा भी अपने लोगो के साथ समाहरणालय पहुंचे। प्रदीप प्रसाद ने रैली निकालते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उनके साथ छतीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सहित सैकड़ों भाजपा के नेता मौजूद रहे। नामांकन से पहले प्रदीप प्रसाद ने बूढ़वा महादेव स्थित मंदिर में माथा टेका और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया और जीत का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर स्टेडियम से चुनाव कार्यालय लेकर डीएम तक नामांकन रैली निकाली गई। नामांकन रैली में मौजूद लोगों की संख्या और उत्साह का आलम यह था कि सड़क जाम हो गया लगभग दो किमी. की इस दूरी पर भाजपा के समर्थन में जबरदस्त नारेबाजी हो रही थी। फिर एक बार मोदी सरकार और जय श्रीराम के नारों से आकाश गूंज रहा था। रैली में शामिल होने के लिए लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आए थे और नाचते-गाते हुए नारे लगा रहे थे।

प्रदीप प्रसाद ने पत्रकारों से कहा कि हजारीबाग के सदर सीट भाजपा की सेफ सीट है। हम जीतने की नहीं बल्कि जीतने के बाद किन कार्यो को करना है उसपर मंथन कर रहे है। जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है और जीत महज एक औपचारिकता है। जनता के आशीर्वाद से बड़े मार्जिन से चुनाव को जीतूंगा। लोगों का बहुत बहुत धन्यवाद जो नामांकन के दौरान मेरे साथ रहे और आगे भी रहेंगे।

### दमखम से ताल ठोकेंगे किशोरी राणा



हजारीबाग सदर विधान सभा में चतुष्कोणीय मुकाबला की स्थिति बनती नजर आ रही है। सदर विधान सभा से निर्दलीय उम्मीदवार किशोरी राणा ने गुरूवार को अपना पर्चा दाखिल कर दिया। किशोरी राणा अपने आवास से निकले और पूरी भीड़ के साथ समाहरणालय तक पहुंचे। किशोरी राणा ने कहा है कि वे आम जनता के बीच रहेंगे और आम जनता के लिए काम करेंगे। वे जनता के सपोर्ट से अभिभूत है। जनता की मांग थी की वे इस बार चुनाव जरूर लड़े, उनकी मांग और उनके मुद्दों के साथ वे पुरे दम से चुनाव लड़ेंगे। उन्हें जनता का अपार समर्थन मिला रहा है। इस बार हजारीबाग की जनता सभी को चौका देंगी। वे करीब 30 साल से जनसेवा करते आये है। इस सेवा को वे अनवरत जारी रखते हुए काम करेंगे। युवाओं, महिलाओ, बेरोजगारो, प्रवासी मजदूरो के लिए बहुत काम करने है।

## मुन्ना सिंह के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब



**हजारीबाग।** चुनाव कार्यालय बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए जनसमूह के साथ समाहरणालय पहुंचे। भीड़ की उत्साह और ऊर्जा देखते ही बन रही थी। मुन्ना सिंह के साथ जिला कांग्रेस के हर छोटे बड़े नेता साथ थे। जनसभा में उमड़े अपार जनसमूह को देखकर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोगों के उत्साह और ऊर्जा को देखकर कहा जा सकता है कि हजारीबाग सदर विधान सभा सीट से कांग्रेस भारी मतों से विजयी होने वाली है। उन्होंने कहा कि सिर्फ यही नहीं हमलोग बरही, बड़कागांव, मांडू से भी बड़ी मार्जिन में जीतेंगे। रैली में गठबंधन दलों के कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहर की अधिकांश सड़कों पर दोपहर बाद से ही ढोल,बैंड, नगाड़े के साथ कार्यकताओं का काफिला आने लगा था। कार्यकर्ताओं के हाथ में कांग्रेस का झंडा लहरा रहा था। सभी उत्साह से लबरेज होकर नारे बाजी कर रहे थे। शहरी क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था को परिवर्तित किया गया था। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी बंदोबस्ती थी। नामांकन से पहले मुन्ना सिंह ने मंदिर में माथा टेका और बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। उसके बाद वे शहर के दिगंबर जैन पहुंचे जहां दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री, उपाध्यक्ष, सयुक्त महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद जन सैलाब के साथ समाहरणालय पहुंचे और पर्चा दाखिल किया। यह चुनाव सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे हजारीबाग की जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का है। मैं अपने क्षेत्र के विकास, युवाओं के भविष्य और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं। जनता का अपार आशीर्वाद मुझे मिला है, वह मेरे लिए एक प्रेरणा है और मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। जनता जानती है कि कांग्रेस वादे ही नहीं इरादों के साथ काम करती है। जुमलेबाजों को हटाकर कांग्रेस को वापस लाएगी।

# मनोज यादव व अमित यादव ने दाखिल किया नामांकन

## बरही विधानसभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बरही।** बरही इंटर कॉलेज के खेल मैदान में बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव व बरकट्ठा से भाजपा प्रत्याशी अमित यादव के नामांकन रैली को लेकर जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में बिहार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व मोतिहारी सांसद संजय जायसवाल, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल थे। भाजपा कार्यकताओं ने बड़े जोश और गर्मजोशी से सभी अतिथियों का स्वागत किया।

मंगल पांडेय ने भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव और अमित यादव को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ही राज्य और देश का समुचित विकास कर सकती है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास को लेकर भाजपा दृढसंकल्पित है।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ादर्टी की उपलब्धियों की सराहना की और जनता से अपील की कि वे भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन दें। सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने पूरे देश के विकास में पार्टी के योगदान का हवाला देते हुए कहा कि अगर झारखंड में भाजपा की सरकार सत्ता में आती है, तो विकास की गति तेज होगी। मनोज कुमार यादव ने अपनी पार्टी की उपलब्धियों और विकास योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि भाजपा ही क्षेत्र का समुचित विकास कर सकती है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि बरही की जनता ने हमेशा विकास और प्रगति का समर्थन किया है, और इस बार भी उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता भाजपा का साथ देगी। भाजपा प्रत्याशी सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अमित यादव ने अपने नामांकन रैली के दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला किया। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार की आकंठ में डूबी हुई है, जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां सिर्फ अपनी जेब भरने के लिए बनाई जा रही हैं, जबकि आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रही है। राज्य के विकास के लिए राज्य में एनडीए की सरकार जरूरी है।

# अंबा प्रसाद ने किया नामांकन

## बड़कागांव विधानसभा



रामगढ़। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विधायक अंबा प्रसाद ने गुरूवार को रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन किया। इस मौके पर उनके साथ उनके पिता पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद एवं उनकी माता पूर्व विधायक निर्मला देवी सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन करने के बाद विधायक अंबा प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव मे वह नई थीं और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बारे में उनको पूरी जानकारी नही थी। लेकिन अब वह पूरे विधानसभा क्षेत्र से अच्छी तरह से परीचित हो चुकी हैं। कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोग अब उनके लिए परिवार हैं। कहा कि यदि लोगों का आशीर्वाद मिला तो मैं लोगों के सेवा का अपना कार्य जारी रखुंगी। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मैंने क्षेत्र के लोगो की हमेशा मदद की है और मुझे पूरा विश्वास है कि लोगों के आशीर्वाद से मैं चुनाव में जीत दर्ज करूंगी।

### ओरला में लाखों के जेवरात लूटे

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के ओरला पंचायत सचिवालय के समीप राशन दुकान व्यवसायी के घर पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे नकाबपोश हथियार लैश अपराधियों ने दिन दहाड़े करीब एक घंटे तक तांडव मचाते हुए डकैती की घटना को अंजाम दिया। घटना से पूरा क्षेत्र में सनसनी फैल गया। जानकारी के अनुसार ओरला निवासी राशन दुकान व्यवसायी बृजकिशोर प्रसाद के घर उनकी पत्नी 55 वर्षीय रीता देवी व दिव्यांग 24 वर्षीय पुत्र विष्णु कुमार मौजूद थे। इस दौरान दोपहर में नकाबपोश व हथियार से लैश अपराधी उसके घर पहुंचकर पुत्र व पत्नी को कब्जा में लिया। अलमीरा की चाबी मांगा। चाभी नहीं देने पर अपराधियों ने पत्नी के साथ पिस्टल के कुंदा से जमकर मारपीट किया। जिससे वह घायल हो गयी। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दिव्यांग पुत्र विष्णु कुमार के साथ भी मारपीट किया। भुक्तभोगी बृजकिशोर प्रसाद ने कुजू पुलिस को सूचना दी। इधर घटना की सूचना पाकर पहुंचे मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव पहुंचकर मामले की छानबीन किया। इस दौरान लूटपाट के क्रम में अपराधियों के तीन गमछा को बरामद किया।

# भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने भरा पर्चा

- **कहा-बड़कागांव के लोगों का मुझे मिलेगा आशीर्वाद**
- **मांडू से आजसू के तिवारी महतो ने दाखिल किया नामांकन**





**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने गुरूवार को रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में नामांकन किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से मेरी जीत होगी। उन्होंने कहा कि मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों की हर सुख दुख में साथ देता रहता हूं। जहां भी लोगों को मेरी जरूरत होती है मैं उपलब्ध रहता हूं। इसलिए मुझे विश्वास है कि इसबार के विधानसभा चुनाव में लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा और मेरी जीत होगी।

मांडू विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी निर्मल कुमार महतो उर्फ तिवारी महतो गुरूवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान वह अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ गाजे-बाजे के साथ नयामोड़ से पैदल मार्च करते हुए डटमा मोड़, कुजू बस्ती, कुजू चौक, ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए डायवर्सन से हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इस बीच उन्होंने लोगों से मिलते हुए अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा की जनता एक ही चेहरा को देखकर पूरी तरह से उब चुकी है। इस बार निश्चित रूप से बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा की जनता के विकास के लिए मैं हमेशा उनके साथ हूं। चुनाव में मुझे पूरा विश्वास है कि यहां की जनता मुझे अपना आशीर्वाद देंगे। मांडू विधानसभा के विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, राजेंद्र कुशवाहा, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, नरेश महतो, तेजनाथ महतो, जयकिशोर महतो, लालचंद महतो, हेमलाल महतो, गुडू सिंह, राजेंद्र महतो, अमित ठाकुर राधे, मुकेश कुमार महतो, ओमप्रकाश पटेल, विकास पटेल, मनोज गुप्ता सहित आजसू, भाजपा, जदयू, लोजपा के कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक नजर में

### झमन प्रसाद ने दाखिल किया नामांकन

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जन जागरूकता पार्टी की ओर से प्रत्याशी झमन प्रसाद ने सैकड़ो समर्थकों के साथ गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया । मौके पर झमन प्रसाद ने कहा कि अगर मैं चुनाव जीता तो जनता को कभी भी निराश होना नहीं पड़ेगा। एक बेहतर विधानसभा क्षेत्र का निर्माण करूंगा ताकि पूरे राज्य में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन हो।मौके पर प्रत्याशी झमन प्रसाद ,पंकज कमल (राष्ट्रीय अध्यक्ष), मनोज सिन्हा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी),साहेब राणा (राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा), राधेश्याम पांडे (प्रदेश अध्यक्ष),पवन कुमार दास (प्रदेश सचिव),संजय किशोर प्रसाद (जिला अध्यक्ष), गीता कुमारी,दीपक साव,रामधनी महतो,सुरेंद्र कुमार,रविंद्र कुमार,विशेश्वर राम सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता

**पदमा।** मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में दीपावली के शुभ अवसर पर प्रो. राजेश कुमार तथा प्रो. अविनाश कुमार के निर्देशन में रंगोली प्रतियोगिता संपन्न हुआ महाविद्यालय के प्राध्यापकों के निर्देशन में गंगा, सतलज, निलगिरी तथा हिमालय हाउस के द्वारा प्रशिक्षुओं ने चार रंगोली का निर्माण किया, जिसमें बेहतरीन अनुशासन तथा समन्वय का परिचय दिया। प्राचार्य सहित अध्यापकों की टीम निर्णायक मंडल ने थीम, कला, प्रस्तुति तथा सौंदर्य के आधार पर मूल्यांकन किया जिसमें, प्रथम स्थान पर नीलगिरी, द्वितीय स्थान पर हिमालय, तृतीय स्थान पर गंगा तथा चतुर्थ स्थान पर सतलज रहा। प्रशिक्षुओं में कामेश्वर कुमार पांडे, सुमन कुमारी, ममता कुमारी, स्नेहलता कुमारी, संजीत कुमार शर्मा, सिंपल कुमारी, श्वेता कुमारी, संजना कुमारी, लखन कुमार, रूबी कुमारी, निशांजलि वर्मा, उपेंद्र कुमार दास, साहिल कमर, ब्यूटी कुमारी, बिट्टू कुमार बैठा, वैशाली कुमारी, आशीष कुमार पासवान, कामेश्वर राम प्रमुख रहे. कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र चौरसिया ने मंच संचालन किया तथा हर्षोल्लास के वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### कांग्रेस नेता संजय कुमार आजसू में शामिल

**बड़कागांव।** कांग्रेस पार्टी नेता पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार ने अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थाम लिया है। गुरुवार को रांची में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। सुदेश महतो ने पार्टी में शामिल सभी को माला व पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। बताते चलें कि संजय महतो विगत 15 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रूप से पार्टी में कार्यरत थे। इनके अलावा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता रामकेश्वर सिंह,द्वारका महतो, बालेश्वर राम,कुलेश्वर महतो ने भी कांग्रेस को त्याग कर आजसू पार्टी का दामन थामा। मौके पर आजसू नेता मोहम्मद आवेश,उपेंद्र महतो, गीरेंद्र प्रसाद,मनोज दांगी,लीलाधन साहु,दिनेश कुमार,मुरली महतो, विजय कुमार के अलावा अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कटकमदाग में बच्चों ने बनायी रंगोली




हजारीबाग। उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सुंदर, आकर्षक और संदेशपरक रंगोली बनाई। इसमें बच्चों ने मतदान के महत्व को दशार्या और संदेश दिया कि कैसे मतदान से हमारे देश का लोकतंत्र सशक्त होता है। इसलिए हर मतदाता को वोट जरूर डालना चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत यहां मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। वहीं विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें अभिभावकों को बच्चों की योग्यता और प्रतिभा के बारे में जानकारी दी गई। अभिभावकों ने शिक्षा के उन्नयन के लिए विद्यालय के शिक्षकों को नेक सलाह दी। वहीं अभिभावकों से मतदान अवश्य करने की अपील की गई। साथ ही आस-पड़ोस और परिचितों से भी मतदान अवश्य करने के आग्रह की बात कही गई। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाध्यापक नागेश्वर कुमार अग्रवाल की देख-रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक-शिक्षिकाओं में अन्नु कुमारी, काजल कुमारी, श्वेता सिन्हा, रूपेश कुमार दास, शंकरलाल चौरसिया, चित्तरंजन कुमार, रामा कुमारी, वासिफ जहीर एहसान, पंकज कुमार सिंह, इंदू कुमारी, ममता सिंह, सहायक अध्यापिकाओं में सरिता कुमारी, सबिता कुमारी आदि मौजूद थीं। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास ने किया नामांकन

**सिमरिया।** भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल कुमार दास ने गुरुवार को सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में निवार्ची सह अनुमंडल पदाधिकारी आईएस सन्नी राज के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन भाजपा प्रत्याशी के रूप में किया है। नामांकन से पूर्व प्रत्याशी उज्ज्वल दास ने इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर और सिमरिया सुभाष चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसके बाद अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस कार्यक्रम में आये भाजपा समर्थ बगैर अनुमति लिए सिमरिया रेफरल अस्पताल परिसर को पार्किंग जोन में तब्दील कर दिया। जिससे अस्पताल में आनेजाने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : अनंत ओझा

**राजमहल।** विधानसभा भाजपा प्रत्याशी अनंत कुमार ओझा ने कहा कि जनता के प्यार और आशीर्वाद के सहारे हर वह सपना जो यहां के क्षेत्रवासी देखा है हर एक सपना को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और एक विषय मैं साहिबगंज में गंगा पुल निर्माण ना करवा पाया तो मैं अनंत कुमार ओझा आपके पास अपने लिए वोट मांगने नहीं आऊंगा और आज इस नामांकन के बाद राजमहल गंगापुल निर्माण 2024 से लेकर 2029 के बीच में नहीं होता है तो मैं अनंत कुमार ओझा आपके पास वोट मांगने नहीं आऊंगा। जो भय आतंक मचा करके भय पूर्ण वातावरण बनाकर के वोट बैंक की राजनीति के लिए यह जो तुष्टिकरण का खेल चल रहा है जो यहां के डेमोग्राफी को बदलने का खेल चल रहा है दियारा के जमीन जो कटाव से पीड़ित है अब आने वाले समय में हमारे लिए रोजगार एक प्रमुख मुद्दा बनेगा यहां पर जो उद्योग बंद पड़े हैं इस सरकार में चाइना किले माइंस को बंद कर दिया गया षड्यंत्र के तहत।

### जीत के प्रति है आश्वस्त, पिता की तरह करेंगे क्षेत्र के लोगों की सेवा : आलोक

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी के तौर पर आलोक सोरेन ने गुरुवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। नॉमिनेशन के बाद वे सीधे अपने क्षेत्र शिकारीपाड़ा पहुंचे और यहां के बरमसिया मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने भाग लिया। इस अवसर पर उनके साथ उनके पिता नलिन सोरेन, माता जॉयस बेसरा भी मौजूद थी। मौसम भले ही काफी खराब था पर झामुमो के इस सभा में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। माला पहनकर आलोक सोरेन का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में आलोक सोरेन ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता है ।

# भाजपा ही करेगी झारखंड का विकास: चिराग



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने गुरुवार को सिमरिया के खादी ग्रामोद्योग मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन भाषण में उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास भाजपा ही करेगी। भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खाने वालों से झारखंड का भला नहीं हो सकता। लोजपा प्रमुख यहां भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई कहानी लिख रहा है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर अग्रसर है। भक्ति आस्था का राम मंदिर अयोध्या में प्रतिस्थापित हो चुका है। भाजपा के डिजिटल इंडिया में गरीब बच्चे भी मोबाइल से वीडियो बना रहे हैं। विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। ऐसे में झारखंड को भी देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना होगा और विकास की राह पर चलना होगा। भाजपा के सत्ता में लौटते हैं झारखंड में बड़ा बदलाव होगा और विकास की राह पर चल पड़ेगा। केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ आप तक सही तरीके से पहुंचेगा और आप लाभान्वित होंगे। झामुमों की सरकार ने झारखंड को बर्बाद किया है। यह लूट खसोट की सरकार है। इस सरकार में विधि व्यवस्था भी चरमराई हुई है। उन्होंने कार्यकताओं को एकजुट होकर चुनावी अभियान में लग जाने को कहा और आम लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने को कहा ताकि झारखंड को विकसित राज्य बनाया जा सके। जनसभा में जिले से लेकर प्रखंड तक के तमाम मोर्चों और अनुषंगिक इकाई के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जब तक मैं जिंदा हूं संविधान में छेड़छाड़ कोई नहीं कर सकता



**चतरा।** विधानसभा चुनाव के लिए चतरा के सिमरिया विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास और चतरा सीट से लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने गुरुवार को अपना पत्र दाखिल किया। उज्ज्वल दास ने सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में और जनार्दन पासवान ने चतरा अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र भरा। नामांकन के बाद गाने बाजे के साथ लोजपा रामविलास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान थाना मैदान में आयोजित सभा में पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बड़े अफसोस के साथ ये कहना पड़ रहा है कि यहाँ के मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ता है। इसके कारण हम लोगों को शर्मसार होना पड़ा। वहीं दूसरी ओर हमारे गठबंधन के नेता सह प्रधानमंत्री के कार्यों ने दुनिया में विकास की गाथा लिखते हुए भारत का नाम शिखर पर लिखवाने का काम किया है। अब हमें इनमें से एक व्यक्ति को चुनना है। नरेन्द्र मोदी या फिर हेमंत सोरेन। हमें अगर विकास चुनना है तो फैसला करना मुश्किल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपकी उपस्थिति देखकर जीत तो निश्चित हो गया। यह पता तो चल गया है परन्तु जीत का आंकड़ा इतना बढ़ाना है कि इसकी गूंज प्रधानमंत्री तक चली जाय। उन्होंने कहा कि लोग आज संविधान को बदलने और छेड़छाड़ करने की बात कहकर लोगों को बरगलाते हैं. परन्तु मैं वादा करता हूँ कि जब तक मैं जिंदा हूँ संविधान में छेड़छाड़ कोई नहीं कर सकता है। चिराग ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे कई महत्वकांक्षी योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने उपस्थित जनता को हेलीकॉप्टर छाप पर इवीएम में बटन दबाकर जीताने की अपील की। वहीं इस मौके पर लोजपा के झारखंड प्रभारी सह जमुई सांसद अरुण कुमार भारती ने कहा कि कल तेजस्वी यादव ने सत्यानंद भोक्ता द्वारा किये गए गलती के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है,वे सभी जगह ऐसा ही करते हैं। पर जनता उन्हें नकार रही है। इस मौके पर चतरा भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता से लेकर सभी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुमका से बसंत, शिकारीपाड़ा से आलोक और जरमुंडी से बादल ने किया नामांकन





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** विधानसभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन जिले के तीन विधानसभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों ने अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। अब तक कुल चार उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिसमें दुमका विधानसभा सीट के लिए झामुमो के प्रत्याशी बसंत सोरेन ने निवार्ची पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वहीं शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से सांसद नलीन सोरेन के पुत्र झामुमों प्रत्याशी आलोक सोरेन ने निवार्ची पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वहीं सहयोगी दल कांग्रेस के जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बादल ने निवार्ची पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

जरमुंडी विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र मंडल ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने से पूर्व उम्मीदवारों ने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया।

## डॉ लंबोदर, कुमार जय मंगल व रविन्द्र पांडेय ने किया नामांकन









खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी के समक्ष आजसू पार्टी के डॉ लंबोदर महतो और इफ्तिखार महमूद ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। डॉ लंबोदर महतो के साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, डॉ संजय सिंह, श्रीधर महतो, जिप सदस्य प्रल्हाद महतो मौजूद थे। वहीं, बेरमो विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी मुकेश मछुवा के समक्ष कांग्रेस के प्रत्याशी कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह और भाजपा के रविन्द्र कुमार पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के समय उनकी पत्नी अनुपमा सिंह मौजूद थे। भाजपा प्रत्याशी रविंदर कुमार पांडेय के साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल मौजूद थे। इन प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं, और दोनों विधानसभा क्षेत्रों में पार्टियों के समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। लंबोदर महतो ने कहा कि पिछले पचास वर्षों में जो विकास नहीं हो सका मैने पांच वर्षों में विकास की लकीर खींची है। गोमिया के लोगो ने पुनः इस बार भी गोमिया के बेटा को विधानसभा भेजने का प्रण ले लिया है।

## इंदरवा मैदान में राजद का चुनावी सभा में जमकर गरजे तेजस्वी, कहा लालू जी व्यक्ति नही विचारधारा हैं

# इस विचारधारा को मजबूत बनाने के लिए लालटेन का जीतना जरूरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने 24 अक्टूबर को साढ़े 12 बजे निर्वाची पदाधिकारी रिया सिंह के समक्ष चार सेट में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, जिलाध्यक्ष रामधन यादव मुख्य रूप से शामिल थे। इसके पूर्व विशुनपुर रोड स्थित आवास से सुभाष प्रसाद यादव का नामांकन जुलूस पूजा अर्चना के उपरांत निकला। वहीं प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने सुभाष चौक पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस और डॉ.बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं नामांकन स्थल पर राजद कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। वहीं नामांकन दाखिल करने के बाद अनुमंडल कार्यालय गेट पर समर्थकों की भारी हुजूम ने माला पहनाकर स्वागत किया।

**राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने कहा :** वहीं नॉमिनेशन में शामिल पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने कहा कि सुभाष यादव विकास के मुद्दे पर चुनावी मैदान में हैं, उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेजवाया है, जिसका जवाब कोडरमा की जनता देगी। हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, अबुआ आवास योजना से झारखंड की जनता लाभान्वित हुई है, जिसका फायदा इंडिया गठबंधन को मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि विकास के मामले में कोडरमा काफी पिछड़ा है, कोडरमा खनिज-संपदाओं से परिपूर्ण जिला है, बावजूद कोडरमा में रोजगार की कमी है। वहीं उन्होंने कहा कि बिजली-पानी और सड़क को दुरुस्त करना, कोडरमा की जनता के लिए रोजगार की व्यवस्था करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कोडरमा की जनता इस बार परिवर्तन के मूड में है, इस बार कोडरमा की जनता का आशीर्वाद सुभाष यादव को मिलेगा और उनकी जीत सुनिश्चित है। इंदरवा मैदान में आयोजित सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने की, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव डॉ. जावेद अख्तर, मनोज रजक, मो. मोजहिर ने की। साथ ही कई राजद नेताओं व महागठबंधन के नेताओं ने सभा को संबोधित किया। वहीं महागठबांन के कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगीरथ पासवान, जेएमएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने संबोधित किया। वहीं राजद के नामांकन सभा को बिहार के नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने संबोधित किया। वहीं उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का संदेश लेकर कोडरमा आया हूं। कोडरमा ने हमेशा से लालू जी का साथ दिया है, लालू जी व्यक्ति नही विचारधारा हैं और इस विचारधारा को मजबूत बनाने के लिए कोडरमा में लालटेन का जीतना जरूरी है। वहीं उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले 10 साल का मौका भाजपा को मिला, लेकिन विकास की रफ्तार सुस्त रही। मगर इसबार पूरा भरोसा है कि कोडरमा के जनता मालिक निर्णायक निर्णय लेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा का दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, गरीब और मेहनतकश आवाम लालटेन की लौ तेज कर राजद को विजयी बनाने के लिए कमर कस चुके है। कोडरमा में विकट परिस्थितियों में भी राजद ने जनता का साथ कभी नही छोड़ा, कोडरमा राजद का गढ़ है, लालू जी और मेरा खास लगाव है।

### भाजपा साम्प्रदायिक शक्ति, देश को बांटने का कर रही है काम : तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा की साम्प्रदायिक शक्ति देश को बांटने में जुटी हुई है। भाजपा के लोग दंगा-फसाद कर देश को अशांत करने की कोशिश कर रही है। वहीं उन्होंने कहा की राजद ने पिछडो को 27 प्रतिशत आरक्षण और जाति जनगणना पास कराया, मगर भाजपा गठबन्धन वाली सरकार ने उसे खत्म कर दिया। भाजपा के लोग आरक्षण और पिछड़ा विरोधी है। यह लोग भले ही कुछ खास लोगों का भलाई किया है, लेकिन समाज को तोड़ने का काम किया है। वहीं उन्होंने कहा कि डाल के चक्कर में जड़ को मत उखाड़िये, राजद मजबूत रहेगा, तो दलित पिछड़ा, गरीब अल्पसंख्यक पर कोई उंगली नही उठा पायेगा। उन्होंने कोडरमा के मतदाताओं से अपील किया कि लालू जी का झंडा झुकने मत दीजियेगा। 13 नवंबर को एक एक गरीब, दलित, पिछड़ा और आवाम के साथ जनता मालिक लालटेन पर बटन दबाने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कहा कि फिरकापरस्त ताकतों और भाजपा को राजद हराकर भाईचारा कायम करेगी और तेज रफ्तार से विकास की गति को आयाम देगी।

मौके पर राज्यसभा सांसद मनोज झा, राज्य सभा सांसद संजय यादव, मसौढ़ी विधायक रेखा पासवान, पूर्व विधायक अनवर आलम, युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवोश प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता अनिता देवी, लोक गायक धर्मेंद्र-जितेंद्र, छोटा लालू, सोशल मीडिया सनसनी सह राजद नेत्री सीमा कुशवाहा, सरफराज नवाज खान, सरफुद्दीन अंसारी, मो. मुबारक हुसैन, घनश्याम तुरी, महेंद्र यादव, मंटू यादव, विजय सिंह, संजय दास समेत कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष सहित कई दिग्गज हुए शामिल

# फिर बनेगी सरकार : डॉ रामेश्वर उरांव





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा एसडीओ कार्यालय में डॉ रामेश्वर उरांव ने गुरुवार को लोहरदगा विधानसभा सीट के लिए चार सेट में नामांकन किया। इस मौके पर प्रस्तावक के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, जिप सदस्य संदीप कुमार, जलेश्वर उरांव मौजूद रहें। नामांकन के बाद मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इन्होंने कहा की पांच वर्षों तक हमने राज्य के विकास के लिए काम किया है। कई योजनाओं को लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में उतारा है। इसलिए जनता हमें फिर से चाहती है और इसी उम्मीद के साथ ये मैदान पर उतरे है।

झारखंड में एक बार फिर इनके कार्यों का पुरस्कार राज्य की जनता देगी। नामांकन के दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव का कार्यकाल में बेहतर रहा है। खिलाड़ियों के लिए हमने कई प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएं है। जीत हमारी ही होगी।

इससे पूर्व जिला सम्हारणालय मैदान से हजारों कार्यकर्ता के साथ नामांकन के लिए एसडीओ कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लोकसभा सांसद सुखदेव भगत सहित कांग्रेस, जेएमएम और इंडिया गंठबंधन दल के लोग मौजूद थे। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारी सरकार एक बार फिर प्रदेश में बनने जा रही है। हमारे कार्यों का आशीर्वाद हमें मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज प्रथम चरण और द्वितीय चरण में होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन करने का काम किया जा रहा है। इसी के लिए ये लोहरदगा पहुंचे है।

# गुमला के तीनों विधानसभा सीट के वर्तमान विधायक भूषण तिर्की, चमरा लिंडा और जिग्गा ने भरा पर्चा

### गुमला से भाजपा के सुदर्शन भगत व सिसई से डॉ अरूण उरांव ने दाखिल किया पर्चा , कुल 14 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन पर्चा









खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के चुनाव को लेकर गुरूवार को गुमला जिला के तीनों विधान सभा सीटों से 14 उम्मीदवारों ने अपना नामांन पत्र दाखिल किया। जिसमें गुमला विधान सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत, झामुमो प्रत्याशी भूषण तिर्की, निर्दलीय धरम मुंडा व निर्दलीय कुलदीप मिंज ने अपना पर्चा निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। वहीं सिसई विधान सभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरूण उरांव, निर्दलीय जोहन एक्का, झामुमो के जिग्गा सुसराण होरो, निर्दलीय चंद्रकिशोर उरांव, निर्दलीय अरविंद कुजूर, निर्दलीय लोहोर मईन उरांव ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं विशुनपुर विधान सभा सीट के लिए जेएमएम प्रत्याशी चमरा लिंडा, निर्दलीय महात्मा उरांव, सीपीआई के महेंद्र उरांव व निर्दलीय बुद्धिमान उरांव ने अपना नामांकन पर्चा निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। गुमला विधान सभा क्षेत्र के वर्तमान झामुमो विधायक भूषण तिर्की ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। भूषण तिर्की के नामांकन जुलूस में कार्याकर्ताओं व समर्थकों का हुजुम उमड़ा।

वहीं विशुनपुर विधान सभा के वर्तमान विधायक चमरा लिंडा बिना किसी तामझाम के कुछ समर्थकों के साथ अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसी तरह सिसई विधान सभा के वर्तमान विधायक जिग्गा सुसारन होरो भी कम समर्थकों के साथ आकर अपना नामांकन पर्चा भरा। इधर भाजपा के गुमला विधान सभा सीट से प्रत्याशी सुदर्शन भगत एक ही दिन दो बार दो-दो सेटों में अपना नामांकन पर्चा निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। वहीं सिसई विधान सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ अरूण उरांव भी शक्ति प्रदर्शन करते हुए गाजे-बाजे के साथ अपना नामांकन पर्चा दाखिल किये। नामांकन के दौरान भाजपा नेता सह केंद्रीय इस्पतात राज्य मंत्री फगन सिंह कुलस्ते शामिल हुए।

नामांकन जुलूस पालकोट रोड से आरंभ होकर टावर चौक, मेन रोड, महावीर चौक, जशपुर रोड होते हुए कचहरी परिसर पहुंची। इस दौरान भाजपा समर्थक जमकर नारे बाजी भी करते नजर आयें।

# पूर्णिमा के नामांकन में भाजपाइयों ने दिखाया दम, ऐतिहासिक रहा जुलूस



- शीतला माता मंदिर एवं सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुनावी अभियान का किया श्रीगणेश
- सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, पूर्व मंत्री सरयू राय, बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, मदन सैनी एवं विधायक भावना बोहरा का लिया आशीर्वाद।
- चंद्रशेखर मिश्रा, चंद्रगुप्त सिंह, रामनगीना यादव, अनिल ठाकुर बने प्रस्तावक।
- मेरे लिए यह राजनीति नहीं बल्कि जनसेवा का पवित्र संकल्प : पूर्णिमा साहू





नामांकन सभा में एनडीए प्रत्याशी सरयू राय और हिमंता बिस्वा सरमा के साथ पूर्णिमा साहू, नामांकन दाखिल करने जा रही पूर्णिमा पर पुष्प वर्षा करती भाजपा की महिला समर्थक और नामांकन दाखिल करती पूर्णिमा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विस सीट से भाजपा प्रत्याशी पुर्णिमा साहू ने गुरुवार को अपने नामांकन पत्र को भव्य रूप से दाखिल किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री सरयू राय, पोटका विधानसभा की प्रत्याशी मीरा मुंडा, जुगसलाई विधानसभा सीट से आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस, बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, श्रवण कुमार एवं मदन सैनी, छत्तीसगढ़ की विधायक एवं जमशेदपुर लोकसभा क्लस्टर प्रमुख भावना बोहरा, पूर्व विधायक मेनका सरदार जैसे प्रमुख नेताओं की उपस्थिति ने नामांकन समारोह को और भी खास बना दिया। वहीं, भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने भालूबासा स्थित शीतला मंदिर और सिदगोड़ा के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने कहा कि आपकी बहन, बेटी और सेविका के रूप में जनता के सामने उनके आशीर्वाद और स्नेह के साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी लेकर आई है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति जो क्रांतिकारी कदम उठाये गये हैं, वे न केवल महिलाओं के सम्मान को बढ़ाते हैं बल्कि हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजनीति में महिलाओं की 33% भागीदारी सुनिश्चित करना एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल है। मुझे भाजपा की ओर से टिकट मिलना भी इसी विश्वास और संकल्प का प्रमाण है।

# जमशेदपुर पूर्व को एक परिवार के आतंक से मुक्त कराना ही मेरा लक्ष्य : डा अजय कुमार

- इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने जमशेदपुर पूर्व से किया नामांकन
- कहा, मालिकाना हक दिलवाने के लिए बनवायेंगे आयोग



नामांकन दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने गुरुवार को एसडीओ कार्यालय में नामांकन किया। इस दौरान उनके साथ एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामाश्रय प्रसाद, प्रस्तावक पी. एन. झा और रविंद्र झा उर्फ नट्टू झा उपस्थित रहे. अजय कुमार ने दो सेट में नामांकन किया। इससे पहले अपने कार्यकताओं के साथ डा. अजय कुमार ने गोलमुरी चौक पर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किए, उसके बाद वहां से आमबगान मैदान पहुंचे। वहां डा. अजय ने कार्यकताओं को संबोधित किया। तत्पश्चात जुलूस के तौर नामांकन करने एसडीओ कार्यालय पहुंचे। नामांकन के पश्चात डा. अजय कुमार ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी में विगत 25 वर्षों से एक ही परिवार का शासन रहा है। इस परिवार के आतंक और भय से लोगों को मुक्ति दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है. जो बीजेपी परिवारवाद का विरोध करती रहीं आज वहीं परिवारवाद का नायाब उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। केवल कोल्हान में पत्नी, बेटा और बहु को टिकट देकर बीजेपी ने सिद्ध कर दिया कि परिवार का अर्थ सही अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई का बेटा बाबुलाल सोरेन और राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू ही होता है।

## स्पीड न्यूज

### पूर्वी सिंहभूम के छह विस क्षेत्रों से 49 का नामांकन

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 49 प्रत्याशियों ने आज संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। विवरणी निम्नवत है– **44- बहरागोड़ा :** अमर कुमार भकत, भागीदारी पार्टी (पी) समीर कुमार मोहंती, जेएमएम दिनेशानंद गोस्वामी, बीजेपी दिनेश महतो, जेएलकेएम सनत महतो, बहुजन समाज पार्टी। **45- घाटशिला :** सूर्य सिंह बेसरा, जे पी पी, बाबूलाल सोरेन, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी, इंद्रजीत मुर्मू, भारत आदिवासी पार्टी, पार्वती हांसदा, निर्दलीय। **46- पोटका :** सुनीता मुर्मू, निर्दलीय, मीरा मुंडा, भारतीय जनता पार्टी, सिरमा देवगम, निर्दलीय, लव कुमार सरदार, निर्दलीय, सलमा हांसदा, झारखंड पीपुल्स पार्टी, बिजन सरदार, भागीरथ हांसदा, जेएलकेएम। **47- जुगसलाई :** रामचंद्र सहिस, आजसू, मनोज करुआ, निर्दलीय, सृष्टि भुइयां, एनसीपी, बिप्लव भुइयां, निर्दलीय, जुगल किशोर मुखी, निर्दलीय। **48- जमशेदपुर पूर्व :** कंचन सिंह, निर्दलीय, तरुण कुमार डे, जेएलकेएम, रविंद्र सिंह, निर्दलीय, धर्मेंद्र सिंह, निर्दलीय, पवन पांडेय, एनसीपी, सुग्रीव मुखी, जेबीकेएसएस, कृष्णा लोहार, निर्दलीय, राजकुमार सिंह, निर्दलीय इंदल सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक, अभिषेक कुमार, निर्दलीय, डॉ अजय कुमार, कांग्रेस, सोमनाथ बनर्जी, निर्दलीय, शुभम सिन्हा, निर्दलीय, सागर कुमार तिवारी, निर्दलीय, सौरभ विष्णु, निर्दलीय, पूर्णिमा साहू, भारतीय जनता पार्टी। **49- जमशेदपुर पश्चिम :** डॉ उमेश कुमार, निर्दलीय, राम बचन, भारतीय आजाद सेना, बन्ना गुप्ता, कांग्रेस, सरयू राय, जदयू, जितेंद्र सिंह, निर्दलीय, सौरभ कुमार ओझा, एनसीपी, संतोषी बाई, निर्दलीय, बिपिन कुमार सिंह, प्रभात सिंह, निर्दलीय, शंभू नाथ चौधरी, निर्दलीय, वृंदावन दास, बहुजन समाज पार्टी, डॉ ओम प्रकाश आनंद, निर्दलीय।

### 10 ने खरीदा प्रपत्र

वहीं, सभी छह विधानसभा क्षेत्र में कुल 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदा।

# जमशेदपुर पश्चिम की जनता से किया हर वादा निभाया, अब इनाम भी दें : बन्ना गुप्ता

- गाजे-बाजे और बड़े जुलूस के साथ नामांकन करने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता
- कहा, जमशेदपुर पश्चिम और जमशेदपुर पूर्व में कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन की जीत तय





नामांकन सभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता और नामांकन दाखिल करते कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बन्ना गुप्ता।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार बन्ना गुप्ता के नामांकन सभा का आयोजन आमबगान मैदान साकची में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के नेताओं ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराया।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकत्ताओं ने हजारों की संख्या में शामिल होकर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार बन्ना गुप्ता को समर्थन दिया।

नामांकन सभा में बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुझे जमशेदपुर पश्चिम के लोगों ने आर्शीवाद देकर विधायक बनाया और कांग्रेस पार्टी ने मंत्री बनाकर सेवा का मौका दिया। जब मैं जमशेदपुर के जनता के लिए विकास का कार्य में फ्लाईओवर निर्माण का कार्य कराने लगा तो एक बुद्धिमान नेता ने हंसी उड़ाकर कहा कि फ्लाईओवर नही बनेगा। लेकिन आप के आर्शीवाद से बहुत तेज गति से फ्लाईओवर निर्माण हो रहा है। अब मानगो और साकची के लोगों जाम से निजात मिलेगा, यहाँ से भाजपा के मुख्यमंत्री भी थे, लेकिन एमजीएम अस्पताल का बदहाली नही सुधार पाई, लेकिन मैने एमजीएम का पुनर्निर्माण के लिए 400 करोड रुपए से निर्माण कार्य द्रुतगति से प्रारंभ कराया। अब जमशेदपुर के निवासी को उच्च स्तरीय चिकित्सा बहुत जल्द मिलेगी। मैंने जमशेदपुर पश्चिम की जनता से पूरा किया हर वादा पूरा किया, अब मतदाताओं से करजोर प्रार्थना है कि पंजा छाप पर बटन दबा कर मुझे इनाम दीजिए। उन्होंने जमशेदपुर पश्चिम एवं पूर्वी से दोनो सीट पर कांग्रेस पार्टी को जिताने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि सप्तगिरी शंकर उल्का ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को भारी बहुमत से साथ देकर विजयी बनायें। सभा में ओडिसा के सांसद सप्तगिरी शंकर उल्का सह प्रभारी झारखण्ड प्रदेश, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, वरिष्ठ नेता झामुमो कुणाल षाडंगी, मोहन कर्मकार, राजू गिरी, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, परविंदर सिंह, मानगो अध्यक्ष फतेह चन्द्र टुडू, कदमा अध्यक्ष अभिजीत सोरेन, बबन राय आदि मौजूद थे।

# पोटका समेत पूरे कोल्हान में भाजपा सह एनडीए लहरायेगा परचम : मीरा मुंडा

- नामांकन के बाद आयोजित सभा में मीरा मुंडा का संबोधन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को पोटका विधानसभा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने नामांकन दाखिल के पश्चात जमशेपुर के बोधि मैदान में आयोजित एनडीए के नामांकन सभा को संबोधित किया। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, अशोक चौधरी एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो उपस्थित रहे। मीरा मुंडा ने कहा कि जनसभा में जनता के उत्साह को देखकर साफ प्रतीत हो रहा है कि पोटका सहित पूरे कोल्हान की 14 सीटों पर एनडीए गठबंधन प्रचंड वोटों के साथ जीत दर्ज करेगी। वर्तमान राज्य सरकार ने युवाओं को, महिलाओं को, आदिवासी समाज को सिर्फ ठगकर अपनी झोली भरने का काम किया है और ऐसी सरकार को जनता इस बार उखाड़ फेंकेगी।

# झारखंड में आदिवासियों और हिंदुओं की सरकार बनायेंगे : हिमंता बिस्वा सरमा

- भगवान बिरसा मुंडी की धरती पर हुसैनाबाद कैसे? सरकार बनी तो नाम बदलेंगे : हिमंता
- एनडीए उम्मीदवारों के नामांकन सभा में खूब गरजे असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा



बोधि मंदिर मैदान, साकची में एनडीए के प्रत्याशियों के साथ हिमंता।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज की सभा में उपस्थित लोगों का जोश और उत्साह देखकर मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। पिछले तीन महीनों से हमने राज्य का दौरा किया है और देशभर की स्थिति देखी है। परंतु, झारखंड ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बार-बार प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं, जिससे राज्य के युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। झारखंड में जनता की नहीं, बल्कि 'बंटी और बबली' की सरकार है। यहां पति-पत्नी की सरकार चल रही है। जहां भी हेमंत सोरेन जी जाते हैं, वे कहते हैं कि कल्पना सोरेन जी यह कर रही हैं, और कल्पना सोरेन जी कहती हैं कि हेमंत सोरेन जी यह कर रहे हैं। यह समझ नहीं आता कि सरकार चल रही है या सिनेमा की शूटिंग हो रही है। पति-पत्नी एक-दूसरे की बातें कर रहे हैं, लेकिन जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# ईचागढ़ : भाजपा के बागी अरविंद उर्फ मलखान सिंह ने गाजे-बाजे के साथ दाखिल किया नामांकन

›› चुनावी रैली में उमड़ी समर्थकों की भीड़



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल।** ईंचागढ़ विधानसभा से तीन बार विधायक रहे अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन चांडिल एसडीओ कार्यालय में किया। इस बीच चौका में एक नामांकन रैली और जनसभा का भी आयोजन किया गया था जिसमें लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सभास्थल में विधायक अरविंद सिंह के जयकारे लगा रहे थे। निर्दलीय 35 सालों से ईचागढ़ विधानसभा के लोगों की सेवा कर रहे हैं। 1994 में जब डायरिंग आक्रामक रूप ले चुका था तब उन्होंने क्षेत्र में ही डॉक्टरों की टीम लेकर पहुंचे थे कैंप लगा दिया था। टीकर की पुल-पुलिया की बात हो या विधानसभा के किसी अन्य पुल-पुलिया की सभी को बनाने का काम किया।

# जमशेदपुर हाफ मैराथन 2024 24 नवंबर को : चाणक्य चौधरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज जमशेदपुर हाफ मैराथन और अन्य दौड़ श्रेणियों की तारीखों का ऐलान किया, जो 24 नवंबर को आयोजित होंगी। इस 9वें संस्करण की थीम है : रन फॉर फिटनेस, रन फॉर फन। उक्त जानकारी टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने दी। इस अवसर पर स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के चीफ मुकुल विनायक चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। अपने 9वें संस्करण में, इस साल की दौड़ श्रेणियों में कुछ खास विकल्प शामिल हैं। 'आनंद रन' एक 2 किमी की परिवार-मैत्रीपूर्ण और गैर-प्रतिस्पर्धी दौड़ होगी, जो हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए खुली है। वहीं, 5 किमी की दौड़ (सभी उम्र के धावकों के लिए खुली) नए धावकों की सहनशक्ति और गति को परखने के लिए तैयार की गई है।

# झारखंडी जनमानस की यही पुकार, बनेगी एनडीए की सरकार : सहिस

- पूरे तामझाम से नामांकन करने पहुंचे आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस





कार्यकर्ता कंधे पर बिठा कर सहिस को ले गये नामांकन करवाने और नामांकन दाखिल करते रामचंद्र सहिस।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह जुगसलाई क्षेत्र के लोकप्रिय नेता जुगसलाई सीट से एनडीए प्रत्यासी के रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र साहिश ने नामांकन किया इससे पूर्व मंत्री ने सुबह घर मुंचूडीह से निकले और अपने पूर्वजों के समक्ष माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किए फिर हाथी घोड़ा मंदिर जाकर बतौर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर नामांकन के लिए निकले जो बोड़ाम से पूरे जुलूस के शक्ल में बोधि मंदिर और फिर उपायुक्त कार्यालय में नामांकन किया।

उक्त अवसर पर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सह जुगसलाई विधानसभा के चुनाव प्रभारी कन्हैया सिंह ने कहा कि जो पार्टी जनता के साथ वादा खिलाफी करेगी जनता उसके साथ वादा खिलाफी करेगी क्योंकि वर्तमान विधायक की कारगुजारिया जनता से छिपी नहीं है और उन्हें सबक सिखाने के लिए 13 नवंबर को एक नया इतिहास रचेगी और और आजसू पार्टी को जुगसलाई सीट से पूर्व मंत्री रामचंद्र सहीस को जिताकर मंत्री बनाने और फिर क्षेत्र की जनभावनाओं के साथ कार्य करने की बात कही।

नामांकन करने आए पूर्व मंत्री श्री सहीस ने कहा कि झारखंडी जनमानस की यही पुकार अबकी बनेगी एनडीए की सरकार साथ ही श्री सहिस ने कहा कि आजसू पार्टी का संकल्प है जुगसलाई विधानसभा को सिल्ली विधानसभा जैसे मॉडल विधानसभा के रूप में स्थापित करने और सभी प्रखंड के पंचायतों में विकास का लिए निम्न वायदे के साथ जनता के बीच जाऊंगा। नामांकन में आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, सागेन हांसदा, वनविहारी महतो, आदित्य महतो भी थे।

## एक नजर में

### कोई भ्रम नहीं पालें, यह ध्यान में रखें कि जमशेदपुर में सिलेंडर ही कमल : सरयू राय



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार श्री सरयू राय ने कहा कि आज से पांच साल पहले वह जमशेदपुर पश्चिमी को जिस हालत में छोड़ कर गए थे, पांच साल बाद इस क्षेत्र की हालत बदतर हो गई है। मानगो के कई मोहल्लों में शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। उस वक्त पानी की जो टंकियां हमने बनवाई थी, उनका आज कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है। बिजली के क्षेत्र में भी यही हाल है। हर वक्त पावर कट होता रहता है। पहले ऐसा नहीं था। साकची के बोधि मंदिर मैदान में आयोजित जनसभा में अपने छह मिनट के धाराप्रवाह भाषण में श्री राय ने कहा कि कई लोग भ्रम फैला रहे हैं कि जमशेदपुर पश्चिम में इस बार कमल नहीं है। आप इस भ्रम में मत रहिएगा। कमल ही यहां सिलेंडर है और सिलेंडर ही कमल है। इसलिए कोई कहे कि यहां कमल नहीं है तो उसकी बात ना मानें। कमल और सिलेंडर एक ही हैं। इसके पूर्व जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार श्री सरयू राय ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन पत्र अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद ने स्वीकार किया। श्री राय ने ठीक 12 .45 बजे नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व श्री राय ने गुरुवार की सुबह टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर (केबुल टाउन) बेल्डीह काली मंदिर, बिष्टुपुर गोस्वामी तुलसीदास मंदिर और शीतला मंदिर में पूजा-पाठ की। इसके उपरांत वह नामांकन दाखिल करने के लिए अपर उपायुक्त के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नामांकन दाखिल किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, नित्यानंद सिन्हा, नुपुर चौधरी, धर्मेंद्र प्रसाद, संजीव कुमार, हरेंद्र पांडेय, पंचम जंघेल, अजय भलोटिया, संजय सामंता, अमरेंद्र मल्लिक आदि मौजूद रहे। नामांकन सभा में श्री राय ने लोगों को आश्वस्त किया कि इस बार जब एनडीए की सरकार झारखंड में बनेगी, तब इन आपराधिक गिरोह की कमर तोड़ने का काम किया जाएगा। सब पर कानूनी कार्रवाई होगी। कोई बचेगा नहीं। जनसभा में झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ की विधायक भावना बोहरा, बिहार के तीन मंत्री : अशोक चौधरी, श्रवण कुमार और मदन सहनी समेत एनडीए घटक दलों के कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

### चाईबासा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता बलमुचु ने दाखिल किया नामांकन



**जमशेदपुर/चाईबासा।** भारतीय जनता पार्टी सह एनडीए प्रत्याशी गीता बलमुचु ने आज चाईबासा सीट पर अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर की चुनावी सभा में मंच पर प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिड, जिलाध्यक्ष संजय पांडे, प्रभारी मनोज महतो, चाईबासा नगर परिषद के पूर्व चेयर पर्सन नीला नाग, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश पूरी, पूर्व प्रत्याशी मनोज लेयांगी, पिछड़ा जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री हेमंत केशरी, अनूप सुल्तानिया, दुर्गावती बोइपाई, सुमन बिरुवा, हेमंती विश्वकर्मा, राकेश बबलू शर्मा, संचालनकर्ता बिपिन लागुरी, प्रताप कटियार, मंडल महामंत्री सिकंदर सुंडी, लेबेया लागुरी, ब्रजमोहन चतोम्बा, प्रसून बिरुवा, पवन शर्मा, रामानुज शर्मा, अक्षय खत्री, पिंटू प्रसाद, बिनोदिनी बानरा, मृदुला निषाद के साथ हजारों कार्यकर्ता नामांकन सभा में उपस्थित रहे।

### ईचागढ़ : एनडीए प्रत्याशी के रूप में आजसू के हरेलाल महतो ने किया नामांकन



**चांडिल।** ईंचागढ़ विधानसभा सीट से एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी हरेलाल महतो ने गुरुवार को नामांकन किया। हरेलाल महतो के नामांकन में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ तथा आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो शामिल हुए। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने एनडीए उम्मीदवार हरेलाल मजतो को शुभकामनाएं दीं। सुदेश महतो ने कहा कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने पूरी एकजुटता से काम किया और चुनाव जीतकर एनडीए की सरकार बनी, उसी तरह केंद्र एवं स्थानीय मुद्दों पर एनडीए गठबंधन झारखंड में चुनाव लड़ रही हैं। एनडीए गठबंधन के सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं, निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम आएंगे।

### जमशेदपुर पश्चिम में एनडीए चुनाव कार्यालय खुला



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को साकची के क्रिस्टल कावेरी अपार्टमेंट स्थित एनडीए के चुनावी कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय, बिहार सरकार के मंत्रीद्वय : अशोक चौधरी और श्रवण कुमार, भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा, भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, वरिष्ठ जदयू नेता निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व के जनप्रतिनिधियों का पांकी के विकास से सरोकार नहीं रहा : मुमताज



**पांकी पलामू।** किसी भी समाज को शिक्षित किये बिना विकसित करना संभव नहीं है। इसलिए शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। उक्त बातें आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार मुमताज अहमद खान ने कही। वे अपने नामांकन के पूर्व संध्या में अपने समर्थकों के साथ रोड शो किया। हमारे पूर्व के जनप्रतिनिधियों को इससे कोई मतलब ही नहीं रहा। वर्तमान विधायक को हिंदू-मुस्लिम और फारवर्ड-बैकवर्ड करने में पांच साल गुजर गया जबकि भूतपूर्व को ठेकेदारी से फुरसत नहीं मिली। अब जनता को सोचना होगा।

### जनता के विश्वास पर खरा उतरूंगी : पुष्पा



**पाटन पलामू।** पुष्पा देवी ने हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को नामांकन किया। नामांकन में पूर्व सांसद मनोज कुमार भी थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ पुष्पा देवी का स्वागत किया तथा नारेबाजी की। पुष्पा ने भी लोगों का आभार जताया। पुष्पा ने कहा कि पाटन छतरपुर की जनता ने जो हमें सम्मान दिया है मैं पुनः उस पर खरा उतरुंगी। जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। मेरे कार्य का प्रतिफल है कि जनता का प्यार मिल रहा है। पुनः जनता मेरे विकास कार्य को देख जितायेगी। नामांकन कार्यक्रम में पाटन छतरपुर चुनाव प्रभारी राजधानी यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अपार मतों से जीतेंगे केएन : अनिल साव




**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में अनिल साव ने सदर प्रखंड के चियांकी से बाजे गाजे के साथ विशाल बाइक जुलूस निकाला। जो शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए आईटीआई मैदान पहुंचा। जहां से केएन त्रिपाठी के साथ सदर एसडीओ कार्यालय पहुंच नामांकन परचा दाखिल किया। अनिल साव ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में केएन त्रिपाठी को अपार मतों से जिताया जायेगा। उनके नेतृत्व में डालटनगंज विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। साथ ही कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ेगा। जुलूस में परवेज अख्तर अंसारी, महताब खान, मुकेश साव, अवधेश विश्वकर्मा, पिंटु तिवारी, विनोद उरांव भी शामिल थे।

### तुरीदाग पहाड़ी के पास मुठभेड़ में कई राउंड फायरिंग, हताहत नहीं : एसपी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के छतरपुर, नावा बाजार एवं पाटन थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित तुरीदाग पहाड़ी के पास गुरुवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी व पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें दोनों तरफ के कई राउंड फायरिंग हुई है। मुठभेड़ के बाद पुलिस के सर्च अभियान में उग्रवादियों के दैनिक उपयोग के कई सामान बरामद हुए हैं। एक हथियार भी बरामद हुआ है। एसपी रीष्मा रमेसन ने मुठभेड़ पर कहा कि मुठभेड़ में कहीं कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस के सर्च अभियान पर टीएसपीसी के नक्सलियों ने पुलिस को लक्ष्य कर गोली चलाना शुरू कर दिया। अभियान जारी है।

### चेकपोस्ट पर 42 बियर की बोतल बरामद



**हुसैनाबाद पलामू।** गुरुवार को शहर के शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के पास पुलिस चेक पोस्ट पर बियर की 42 बोतल पुलिस ने पकड़ी। हालांकि चालक पुलिस को देख गाड़ी छोड़ भाग गया। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि 42 बोतल किंगफिशर ब्रांड का बियर पकड़ाया, जिसे पुलिस बाइक के साथ जब्त कर थाना ले आयी है। गाड़ी के आधार आवश्यक कार्रवाई जारी है।

### स्वीप के तहत चला जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस जिले में आगामी चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रही है। इनका मुख्य उद्देश्य है कि लोग अपने घरों से बाहर निकलें और शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में जाकर अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करें। उक्त प्रयास के तहत पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने पहले मतदान, फिर जलपान करें जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व समझाने की कोशिश की है। इसके अलावा, मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर-बैनर बांटे जा रहे हैं। पलामू पुलिस मतदाताओं को यह आश्वासन देती है कि चुनाव के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे जिम्मेदारी से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करें और जिले को एक सफल, शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव कराने में सहयोग दें।

### सीओ की डीलर, बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश



**विश्रामपुर (पलामू)।** विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को विश्रामपुर अंचल कार्यालय सभागार में सीओ राकेश तिवारी ने डीलर, बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। स्थानांतरित व मृत मतदाताओं की पहचान कर सूची अद्यतन करने, 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं व गंभीर रूप से दिव्यांग, चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं के लिए सभी बीएलओ को प्रपत्र पंजी उपलब्ध कराया। सीओ ने मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने को कहा। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप से जन वितरण के साथ बैठक कर मतदान प्रक्रिया को बढ़ाने व उनके पोषक क्षेत्र में बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर बैठक करने व मतदान को ले प्रेरित करने को कहा।

## नामांकन का महाकुंभ
## पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र से विभिन्न प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया


विश्रामपुर : भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी का नामांकन।


डालटनगंज : कांग्रेस के केएन त्रिपाठी का नामांकन।


डालटनगंज : भाजपा के आलोक चौरसिया का नामांकन।


पांकी : निर्दलीय देवेंद्र कुमार सिंह 'बिट्टू' का नामांकन।


हुसैनाबाद : निर्दलीय विनोद सिंह का नामांकन।


पांकी : मुमताज खान ने भी सपा से किया नामांकन।


पांकी : जेएलकेएम के ओमकार नाथ जायसवाल का नामांकन।


हुसैनाबाद : राजद के संजय सिंह यादव का नामांकन।


छतरपुर : भाजपा की पुष्पा देवी का नामांकन।


विश्रामपुर : समाजवादी पार्टी की अंजू सिंह का नामांकन।


डालटनगंज : आजाद समाज पार्टी के अजय सिंह चेरो का नामांकन।


हुसैनाबाद : आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) की प्रभा देवी का नामांकन।


हुसैनाबाद : किसान ब्रिगेड के कर्नल संजय का नामांकन।


विश्रामपुर : राजद के नरेश प्रसाद सिंह का नामांकन।


विश्रामपुर : बसपा के राजन मेहता का नामांकन।

# जब तक आलोक है, गरीबों की आवाज दबने नहीं देंगे : चौरसिया

- भाजपा ने शिवाजी मैदान में की नामांकन सभा
- आदिवासियों को आदिवासी नेता ने ही ठगा : सतीशचंद्र दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते और नामांकन करने जाते आलोक चौरसिया।

**मेदिनीनगर।** भाजपा द्वारा शिवाजी मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरिया, बड़गड़, रामगढ़, चैनपुर, सतबरवा, सदर से हजारों की संख्या में महिला पुरूष समर्थकों ने भाग लिया। सभा में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे ने कहा कि जिस आशा व उम्मीद के साथ अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य का निर्माण किया था उस पर इंडिया गठबंधन के लोगों ने पानी फेरा है। वाजपेयी जी की सोच थी कि अलग झारखंड से यहां की संपदाओं के साथ आदिवासियों का उत्थान होगा लेकिन आदिवासियों को आदिवासी नेता हेमंत सोरेन ने ही ठगा है। उन्हें बरगला कर उनकी जमीन लूटी। सरकार ने राज्य को रसातल में भेजा। निवर्तमान विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि जो लोग 25 वर्ष तक इस विस क्षेत्र में राज किये, उल्टा हमसे पूछते हैं कि 10 वर्ष में क्या किया। जब तक स्व अनिल चौरसिया का बेटा जिंदा है तब तक गरीब दलित व शोषितों की आवाज दबने नहीं देगा। सांसद बीडी राम ने कहा कि भाजपा ही सबके विश्वास के साथ काम करती है। मौके पर श्यामनारायण दुबे, अमित तिवारी, विभाकर नारायण पांडेय, अमलेश दुबे, राजहंस अग्रवाल, विजय ठाकुर, विजयानंद पाठक, रघुराज पांडेय, मंगल सिंह, परशुराम ओझा, अमलेश्वर दुबे, रामलव चौरसिया, शिवकुमार मिश्रा, जय दूबे, अजय तिवारी, विश्वजीत पाठक, अभिमन्यु तिवारी, परशुराम ओझा, धर्मेंद्र उपाध्याय, अर्जुन सिंह चेरो, अरविंद गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, धीरेंद्र दुबे, पप्पु गुप्ता, बिपुल गुप्ता, रीना किशोर, रूपा सिह, उषा मखडिंया, बसंती देवी, रिंकी यादव, मीना गुप्ता भी थे।

# हेमंत सरकार के कुशासन से ऊब चुकी है जनता : रामचंद्र चंद्रवंशी

- राज्य सरकार को राज्य की जनता उखाड़ फेंकेगी : सतीशचंद्र दुबे
- बिश्रामपुर विधानसभा से रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया नामांकन दाखिल, रैली में उमड़ा जन सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान अतिथि और नामांकन करने जाते रामचंद्र चंद्रवंशी।

**मेदिनीनगर/ विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने गुरुवार को विश्रामपुर विस से सदर एसडीओ के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व वे विश्रामपुर अष्टभुजी और ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद वे समर्थकों के साथ बी मोड़ चौक पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री चंद्रवंशी का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद जुलूस सुदना स्थित यज्ञस्थल पर सभा में पहुंचा। सभा में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार के नाकामियों का परिणाम है कि इस बार राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। इसे देखकर गठबंधन के लोग हताश हो गये हैं। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुआ है। आगे भी तेज गति के साथ विकास कार्य जारी रहेगा। प्रदेश की जनता हेमंत सरकार के कुशासन से ऊब चुकी है। मौके पर सुशील चौबे उर्फ टिकैत, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विजयानंद पाठक, रामचंद्र यादव, भोला चंद्रवंशी, राजन पांडेय, अनुज पांडेय, सुरेंद्र नाथ पाठक, डॉ वी पी शुक्ला, दिनेश शुक्ला, विजय रवि, कृष्णा गुप्ता, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, बबन राम, संतोष राम, मनीष कुमार, रूपा सिंह भी थे।

# पार्टी ने भ्रष्टाचारी को उम्मीदवार बनाया और मुझे जनता ने बुलाया, मैं आपके सम्मान को झुकने नही दूंगा : विनोद सिंह

- भाजपा के बागी उमीदवार निर्दलीय प्रत्याशी विनोद सिंह के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब
- भीड़ ने मैं भी विनोद हूं, मैं भी विनोद हूं का लगाया नारा, अपनी ताकत दिखायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सभा को संबोधित करते विनोद सिंह और उमड़ी भीड़।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी निर्दलीय उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पूर्व रिद्धि सिद्धि मैरिज परिसर मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इसका संचालन हैदर नगर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ अजय जायसवाल ने किया। श्री सिंह ने कहा कि मैंने भाजपा में 20 से 25 वर्षों तक सेवा की। हर कार्यकर्ता को जोड़ पार्टी को विशाल वृक्ष बनाया, लेकिन प्रदेश के नेतृत्व ने एक भ्रष्टाचारी को टिकट देकर उसके हाथों में बागडोर दे दी। अगर किसी पार्टी कार्यकर्ता को टिकट दिया जाता तो मैं चुनाव में नहीं जाता। सबके सम्मान को बचाने के लिए मुझे यह चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जन सैलाब ने मैं भी विनोद हूं मैं भी विनोद हूं जय विनोद तय विनोद का नारा लगाया। मौके पर सभी बागी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा व हुसैनाबाद के व्यवसायिक सहित हरिहरगंज व पीपरा, हैदरनगर के जिप सदस्य संतोष कुमार सिंह, मोहम्मद गंज के कई पंचायत के जनप्रतिनिधियों समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।



### आलोक-त्रिपाठी के नामांकन में घंटों जाम

**चैनपुर पलामू।** चुनावी नामांकन दाखिल करने को लेकर जनप्रतिनिधि गांव गांव से भिड़ जुटा कर अपना दम खम दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच आज भाजपा प्रत्याशी आलोक कुमार चौरसिया व के एन त्रिपाठी का नामांकन में शाहपुर चौक लगभग दो घंटे जाम रहा जिसमें विद्यालय वाहन में नौनिहाल बच्चे विद्यालय से लौटते समय उनका वाहन जाम में घंटों परेशान दिखे। जाम तो चैनपुर डालटनगंज के लिए आम है पर आज का खास था।

# पांकी विधायक ने क्षेत्र की जनता को केवल ठगा है : देवेंद्र सिंह



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी के पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डीएसओ के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद नीलांबर पीतांबरपुर के महावीर मोड़ पर विशाल जनसभा की। श्री सिंह ने कहा कि आज के 10 साल पहले जो विकास की लकीर स्व विदेश बाबू ने खींची थी, आज वहीं तक विकास सीमित है। बीते 5 सालों में भाजपा विधायक ने लोगों को सिर्फ ठगा है। वे इस विस को राजनीतिक भ्रष्टाचार का अखाड़ा बना दिये। जाति धर्म के भेदभाव में ही जनता को उलझाये रहे। जिससे यह विस विकास से कोसों दूर रहा। जिसका माकूल जवाब 13 नवंबर को पांकी की जनता देने को आतुर है। ऐसे लोगों की राजनीति ध्वस्त कर विदेश बाबू के रास्ते पर चलकर हमें इस विस को विकास के रास्ते पर ले जाना है। जिस तरह हमारे पिता ने पूरे विस में सड़कों का जाल बिछाया था, उनके बाद हम सबसे पहले उसे पूरा करेंगे। मौके पर काफी संख्या में पूर्व विधायक के समर्थक व ग्रामीण शामिल थे।

### स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त चार बारातियों की मौत

**मनातू।** झारखंड के पलामू जिले के मनातू प्रखंड के उरुर जंगल में बारात जा रही स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें चार व्यक्तियों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि इस घटना में तीन अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

### वाहन के धक्के से होटल कर्मी की मौत

**नावा बाजार।** मेदिनीनगर - औरंगाबाद मुख्य पथ पर तुकबेरा में अज्ञात वाहन के धक्के से होटल कर्मी गणौरी साव की मौत हो गयी। घटना गुरुवार रात साढ़े आठ बजे की है। गणौरी तुकबेरा में ही एक होटल में काम करता था।

# दस साल कभी भूलेंगे नहीं और पांच साल छोड़ेंगे भी नहीं : केएन त्रिपाठी

- आईटीआई मैदान में सभा कर केएन त्रिपाठी ने चुनाव का परचा दाखिल किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


नामांकन सभा को संबोधित करते पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी।

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने विधानसभा चुनाव के तहत आईटीआई मैदान में वृहद सभा कर अपना नामांकन परचा सदर एसडीओ के समक्ष दाखिल किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि डालटनगंज विस क्षेत्र की जनता ने मुझे पांच साल सेवा का मौका दिया था जिस पर खरा उतर विकास कार्य किया है। मैंने जो पांच प्रतिज्ञा ली है, उसे पूरा करने को जनता ने मौका दिया, तो प्राथमिकता के आधार पर पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि कोयल, औरंगा, मलय जैसे छोटी बड़ी नदियों को बांधकर पेयजल के साथ खेतों में हरियाली लाने के लिए पानी पहुंचायेंगे। इस विस क्षेत्र में एक मल्टीसुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल बनेगा। सभा में बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, युगल किशोर, सुनील तिवारी, दिलीप चंद्रवंशी, जिशान खान, शंभु चौरसिया, मुन्ना खान, सुनील सिंह, फुजैल अहमद, विवेकानंद त्रिपाठी, विवेका त्रिपाठी, दिलीप चंद्रवंशी, महताब खां, परवेज खां, विजय चौबे, जलील अंसारी, रंजन दुबे, शंकर तिवारी, बृजकिशोर तिवारी भी थे।

# महागठबंधन के राजद से संजय सिंह यादव ने किया नामांकन



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक व 2024 विधानसभा के संयुक्त उमीदवार संजय सिंह यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व उन्होंने अपने घर से हजारों झामुमो, कांग्रेस व राजद के कार्यकर्ताओं के साथ नगर भ्रमण कर जनता का अभिवादन किया। शहर में चौक चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नामांकन के बाद पंचसरोवर पार्क मैदान की जन सभा में बिहार के राज्यसभा सांसद व राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, गोह विधायक भीम सिंह यादव, नबीनगर विधायक डब्लू सिंह समेत राजद प्रदेश व जिला के कई बड़े नेताओं ने संबोधित किया। जयप्रकाश ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन व संयुक्त महागठबंधन की सरकार ने राज्य सही दिशा व दशा दी है। महिलाओं के सम्मान में 21 से 49 वर्ष की बहनों को मंइयां योजना, किसानों की ऋण माफ, अबुआ आवास, 200 यूनिट बिजली बिल माफ सहित सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात दी है।

# हुसैनाबाद को भय, भ्रष्टाचार, लूट खसोट और ठेकेदारों से बचाकर जनता को हक दिलाऊंगा : कर्नल संजय सिंह

- हजारों समर्थकों संग कर्नल संजय सिंह ने भरा नामांकन परचा
- भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित जनसंकल्प सभा को किया संबोधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


नामांकन सभा को संबोधित करते कर्नल डॉ संजय सिंह।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र से कर्नल संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को हजारों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के भारी समर्थन से यह स्पष्ट हो गया कि क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है। मैं हुसैनाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त कर समग्र विकास के लिए संकल्पित हूं। जनता के आशीर्वाद से हुसैनाबाद के स्वाभिमान की रक्षा करूंगा। उन्होंने हुसैनाबाद के समग्र विकास के लिए फैक्टर (स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों, सिंचाई और सुरक्षा) पर जोर दिया और इन क्षेत्रों में सुधार के लिए काम करने का संकल्प लिया। कर्नल संजय ने जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित करने, किसानों के लिए निःशुल्क बिजली, सिंचाई और फसल के उचित मूल्य दिलाने, युवाओं और मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने, महिलाओं के रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य में प्राथमिकता दिलाने का भरोसा दिया। किसान ब्रिगेड महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा अराधना सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद के स्वाभिमान की रक्षा के लिए आप सभी का आशीर्वाद चाहिए। बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को बांटने की साजिश हो रही है। आपलोग एकजुट होकर कर्नल के हाथों को मजबूत कीजिये। मौके पर ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव, बिष्णु देव गुप्ता, बद्रीनारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह, रविरंजन सिंह, विन्ध्येश्वरी यादव, आराधना सिंह, कपिल देव राम, राम प्रवेश सिंह, विनोद पासवान, धीरेन्द्र बैठा, भुनेश प्रसाद सिंह, भोला पासवान, बिन्देशरी पाठक, लाल बहादुर सिंह, लक्ष्मण चंद्रवंशी, कमिश्नर सिंह आदि भी थे।

# छतरपुर विधानसभा की कई योजनाओं को सीएम ने नहीं दी स्वीकृति: पुष्पा देवी

- छतरपुर विधानसभा से लगातार दूसरी बार नामांकन परचा दाखिल की पुष्पा देवी
- हेमंत सोरेन झारखंड को चारागाह बनाया : कृपादयाल सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पुष्पा देवी की नामांकन सभा में उपस्थित अतिथि व अन्य पार्टी कार्यकर्ता।

**छतरपुर/ पाटन पलामू।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 13 नवंबर को मतदान पलामू जिला के सभी विस क्षेत्रों में होना है। इसे लेकर छतरपुर विस क्षेत्र से निवर्तमान विधायक पुष्पा देवी ने लगातार दूसरी बार नामांकन परचा छतरपुर एसडीओ के समक्ष दाखिल किया। इसके बाद छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में सभा की। सभा में यूपी सरकार के परिवहन मंत्री कृपादयाल सिंह ने कहा कि देश के भाजपा शासित प्रदेशों में तीव्र गति से चहुंमुखी विकास डबल इंजन की सरकार के देखरेख में हो रहा है। पुष्पा देवी ने कहा कि पांच वर्ष क्षेत्र में जो विकास किया है उसके आधार पर जनता मुझे वोट देगी। श्रीमती देवी ने कहा कि छतरपुर अनुमंडल में निबंधन कार्यालय खोलने, पोस्मार्टम हाउस खोलने समेत कई सिंचाई योजनाओं का प्रस्ताव दिया लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने मुझे झूठा वादा देकर छला है। जिसे छतरपुर विस की जनता कभी माफ नहीं करेगी। सभा को पूर्व सांसद मनोज भुइयां, उदय शुक्ला, वरूण दूबे, मनोज गुप्ता, रेशम कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष नरेश यादव व अन्य ने संबोधित किया। मौके पर रौशन सिंह, अशोक मिश्रा, रामप्रसाद, अशोक तिवारी, अरबिंद सिंह, श्याम बाबू, संजय सिंह, संतोष गुप्ता, चंदन यादव, अजीत प्रजापति, श्यामबिहारी यादव, चिंटु सिंह, अभय मिश्र समेत काफी संख्या में लोग शामिल है।

### तीर धनुष और कमल को मात देने पूर्व मंत्री गिरिनाथ ने किया नामांकन

# आप अपने वोट का ताकत दिखाइए, मैं आपको ताकतवर गढ़वा दूंगा : गिरिनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से चार बार चुनाव जीतकर 17 वर्षों तक विधायक रहे पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एक बार फिर चुनावी रणभूमि में ताल ठोंकने उतर गये हैं। उन्होंने 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया एवं अपना नामांकन दाखिल किया। लगातार 17 वर्षों तक विधायक बनने के बाद 2009 में उन्हें परिवर्तन के ब्यार का शिकार होना पड़ा था। 2014 के चुनाव में भी वह अपनी वापसी नहीं कर पाए। तब उन्होंने अपनी पार्टी राजद को त्याग दिया था। तब से वह दल बदलते रहे। लेकिन कहीं से उन्हें टिकट मिलने की पूर्ण गारंटी नहीं मिली। इस कारण 2019 का चुनाव उन्होंने लड़ा ही नहीं। 2024 के चुनाव के पूर्व उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने की मंशा लेकर भाजपा को छोड़ दिया एवं राजद में शामिल हो गये। चतरा लोकसभा सीट से उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया गया तो कांग्रेस के उम्मीदवारी के लिए चक्कर काटने लगे लेकिन वहां भी उनकी किसी ने नहीं सुनी। तीन-तीन प्रमुख दलों से मात खाने के बाद बतौर निर्दलीय गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से किस्मत आजमाने का बड़ा निर्णय लिया। उन्होंने गढ़वा विधानसभा के प्रायः सभी गांवों, टोलों का भ्रमण किया एवं अपने पक्ष में बहुमत का माहौल तैयार किया। नामांकन के दो दिन पूर्व उन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली एवं उसके सिंबल पर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के पूर्व गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में गढ़वा जिला मुख्यालय में विशाल रैली निकाली गई। रैली में शामिल अपार जनसमूह की नारों से शहर गूंज उठा।

भीड़ को देखकर यह कयास लगाना कठिन नहीं हुआ कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से कोई एक नहीं बल्कि तीन-तीन शक्तिशाली प्रत्याशी हैं जिसमें गिरिनाथ सिंह भी शामिल हैं। रैली शहर के रामा साहू मैदान से निकाली गई थी। रैली शहर



नामांकन व रोड शो करते गिरिनाथ सिंह

के विभिन्न मार्गों से होते हुए गोविंद हाई स्कूल मैदान में पहुंची। जहां सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए गिरिनाथ सिंह ने वर्तमान मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के कार्यकाल में जनता के साथ हुए धोखे, भ्रष्टाचार, उपेक्षा, गुंडागर्दी, सरकारी संसाधनों की लूट पर जमकर बरसे। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए अपने कार्यकाल एवं उन दोनों के कार्यकालों की स्वयं से तुलना कर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोनों में एक सांपनाथ है तो दूसरा नागनाथ है। दोनों का काम एक ही है जनता को डंसना। यदि आप उनसे निजात पाना चाहते हैं। अपने साथ गढ़वा का मान, सम्मान, प्रतिष्ठा चाहते हैं तो दोनों को करारा जवाब दीजिए। आप अपने वोट का ताकत दिखाईए। मैं आपको ताकतवर गढ़वा दूंगा। इस मौके पर सपा के झारखंड प्रदेष अध्यक्ष रंजन यादव, झारखंड प्रदेष प्रभारी व्यास गौड़ ने भी अपने उद्बोधन में विपक्षियों पर करारा प्रहार किया। कहा कि सपा ही एक ऐसी पार्टी है जो भाजपा को आगे बढ़ने से रोक सकती है। झारखंड के गढ़वा में सपा का जलवा इस चुनाव में दिख जाएगा। इस मौके पर जमीरूद्दीन अंसारी, सत्यनारायण यादव, अमित सिंह, रंजन चौबे सहित कई लोग शामिल थे।

## रेलवे लाइन के दोहरीकरण का फैसला स्वागतयोग्य : मुख्यमंत्री

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा अयोध्या से माँ सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी (पुनौरा धाम) तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण के फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22.09.2024 को पत्र के माध्यम से मैंने प्रधानमंत्री जी से माॅ सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी (पुनौरा धाम) हेतु रेल सम्पर्कता के संबंध में अनुरोध किया था। आज अयोध्या से माॅ सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी तक 4,553 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 256 किलोमीटर की रेल लाइन के दोहरीकरण का फैसला केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। यह फैसला स्वागतयोग्य है।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया

**सहरसा।** मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायती राज विभाग अंतर्गत ई ग्राम कचहरी ऑनलाइन पोर्टल एवं राज्य के सभी जिला परिषदों का पोर्टल का लोकार्पण किया। सहरसा जिलांतर्गत कुल 33 इकाई पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया गया है।

### खबर एक नजर में

## चार हजार 500 करोड़ की लागत से होगा रेलवे का दोहरीकरण

**पूर्वी चंपारण।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के नॉर्थ-ईस्ट रेलवे जोन का विकास तेजी से होगा। इसको लेकर प्रधानमंत्री के द्वारा अलग से बजट की स्वीकृति दी गयी है। उक्त बातें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गूगल मीट के बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नरकटियागंज से लेकर सीतामढ़ी होते हुए दरभंगा तक व मुजफ्फरपुर तक डबल रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा। नरकटियागंज से लेकर दरभंगा व मुजफ्फरपुर तक 40 से अधिक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा। वही 300 से अधिक पुल-पुलियां का भी निर्माण कराया जाएगा। इसको लेकर प्रधानमंत्री के द्वारा अलग से 4500 करोड़ का बजट दिया गया है। उन्होंने कहा कि डबल रेल लाइन का निर्माण होने के बाद 160 किलोमीटर की स्पीड से ट्रेन चलेगी। जिससे यात्री कम समय में अपना सफर तय कर सकेंगे। उक्त रेललाइन के परिचालन के बाद वाल्मीकिनगर, नरकटियागंज, रक्सौल सीतामढ़ी, दरभंगा व मुजफ्फरपुर क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। गूगल मीट का आयोजन रक्सौल स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी थी। जहां स्टेशन अधीक्षक के साथ रेल कर्मी व शहर के अन्य लोग मौजूद थे। गूगल मीट में रेल मंत्री श्री वैष्णव ने यह भी जानकारी दिया कि अभी दीपावली व छठ पर्व को देखते हुए प्रधानमंत्री के द्वारा सात हजार स्पेशल ट्रेन पूरे देशभर में चलायी जा रही है। जिसमें दो लाख पैसेंजर आसानी से घर आ सकते है।

## आरओबी निर्माण को लेकर फारबिसगंज विधायक से मिले नागरिक संघर्ष समिति के सदस्य

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज के सुभाष चौक स्थित रेल ढाला संख्या के जे 65 पर प्रस्तावित आरओबी के निर्माण को लेकर बनी संशय की स्थिति को लेकर फारबिसगंज नागरिक संघर्ष समिति का एक शिष्टमंडल ने आज गुरुवार को फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी से इस संदर्भ में मुलाकात कर इस आरओबी के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की। बताया जा रहा है की रेल प्रशासन ने यह कह कर की बिहार राज्य पुल निर्माण निगम व रेलवे के 50- 50 प्रतिशत भागीदारी के तहत इस आरोबी का निर्माण होना था। लेकिन राज्य सरकार द्वारा अपनी हिस्सेदारी देने से इनकार कर दिए जाने के कारण इसका निर्माण अधर में लटक गया है। वही, रेलवे के इस जवाब से असमंजस की स्थिति बन गई है। जिसको लेकर शिष्टमंडल ने फारबिसगंज विधायक से मुलाकात की।

## लकड़ी काटने के आरोप में एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल आरपीएफ पुलिस ने मरजदवा स्टेशन के पास छापेमारी कर रेलवे के लकड़ी काटने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए रक्सौल आरपीएफ पोस्ट के कमांडर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मरजदवा स्टेशन के पास रेलवे के लकड़ी को काटा जा रहा है। सूचना के बाद रक्सौल पोस्ट से अधिकारी व जवानों को भेजा गया तो पता चला कि एक हरी लकड़ी काटा गया है। जिसे बगल में एक लकड़ी विक्रेता के पास रखा गया था। उक्त लकड़ी का वजन 500 क्विंटल है। इस दौरान दुकानदार नजरूद्दीन आलम को गिरफ्तार किया गया है।

## कटिहार में अग्निवीर सेना भर्ती रैली 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक

**कटिहार।** पूर्वी बिहार के 12 जिलों के युवाओं के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए सेना भर्ती रैली 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक गढ़वाल ग्राउंड (आर्मी कैंप), कटिहार में आयोजित की जाएगी। इस रैली में अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज, खगड़िया, मधेपुरा, मुंगेर, पूर्णिया, सहरसा और सुपौल जिलों के युवा भाग ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यालय सेना भर्ती क्षेत्र (बिहार और झारखंड) के तत्वावधान में सेना भर्ती कार्यालय, कटिहार द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक पूरे भारत में ऑनलाइन कॉमन प्रवेश परीक्षा (सीईई) के आयोजन किया गया था। ऑनलाइन आवेदन के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए 25 नवंबर 2024 से गढ़वाल ग्राउंड (आर्मी कैंप), कटिहार में सेना भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को एक संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट मनेश कुमार मीणा ने की।

## डीसी-एसपी ने किया वज्रगृह, मतगणना हॉल व डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने गुरूवार को संयुक्त रूप से विधानसभा आम निर्वाचन के मतगणना केंद्र के लिए चयनित बाजार समिति तथा श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज में बनाये गए डिस्पैच सेंटर का भौतिक निरीक्षण कर वहा की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मतगणना के दिन प्रवेश-निकासी, वाहन पड़ाव तथा सुगमतापूर्ण ईवीएम वीवीपीएटी व सामग्री आदि की जानकारी लेकर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। डीसी-एसपी ने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए संबंधित पदाधिकारी को विधानसभा वार अलग-अलग काउंटर बनाने, प्रवेश निकास के लिए अलग अलग द्वार बनाने, सुरक्षा व्यवस्था, अलग-अलग काउंटर के लिए बैरिकेडिंग, विधानसभा वार पोलिंग पार्टी वाहनों का पड़ाव, ईवीएम-वीवीपैट एवं सामग्री वितरण के लिए मतदान केंद्र निर्धारित कर अलग-अलग काउंटर बनाने तथा आवश्यक साईनेज बोर्ड लगाने, पानी, शौचालय, लाइटिंग समेत अन्य तैयारी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामाारी कॉलेज में बने डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर वहां पर किये जा रहे तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ नाथ मिश्रा, उपनिर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार के कार्यों से हताश हो गई है भाजपा : इंडिया गठबंधन



बैठक करते इंडिया गठबंधन के नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के चिनियां रोड स्थित होटल द शिवम् में गुरूवार को कांग्रेस, झामुमो एवं इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गढ़वा, भवनाथपुर, डाल्टनगंज-भंडरिया, विश्रामपुर-मझिआंव आदि सभी विधानसभा सीटों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीताने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस बैठक में हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की सभी योजनाओं की जानकारी क्षेत्र में प्रत्येक जनता तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि महागठबंधन के सभी घटक दलों के लोग चुनाव कार्य में जी जान से लग जायें। हर हाल में जनता को हेमंत सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा किये गये विकास कार्यों की जानकारी देते हुए महागठबंधन प्रत्याश्री श्री ठाकुर के चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने की अपील करें। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि हेमंत सरकार में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों से भाजपा के लोग निराश एवं हताश हो गये हैं। वे लोग चुनाव के वक्त हिन्दू-मुस्लिम कर वोट मांग रहे हैं। गांव-गांव में अब भाजपा नेताओं का काफी विरोध हो रहा है। साथ ही पुराने भाजपाई पार्टी छोड़ रहे हैं। आने वाला समय इंडिया महागठबंधन का ही होगा। मौके पर सभी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ तन-मन-धन से लग कर अपने प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ट नेता सुरेन्द्रनाथ तिवारी, उदय नारायण तिवारी, कांग्रेस युवा महासचिव अभिजीत कमल, राम करेश चौबे, शम्भू चन्द्रवंशी, फरीद खान, सलीम जाफर, प्रियांषु दूबे, उगेन्द्र चौबे, ब्रजेन्द्र चौरी, सुनिल कालिया, आशिक खान, महताब आलम, मोसाहीद हुसैन, जवाहर चौधरी, फुजैल अहमद, सरफराज खान, मकसुद अंसारी, इफ्तेखार अंसारी सहित काफी संख्या में महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्षेत्र की दशा व दिशा बदलनी है तो महागठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जिताएं : अब्दुल सिद्दीकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नरेश प्रसाद सिंह ने अपने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह बिहार के पूर्व काबिना मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी सहित महागठबंधन के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। नामांकन के बाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरहमोरिया मोड पर एक महती जनसभा की गई। इस जनसभा में करीब 10 हजार की संख्या में लोग उपस्थित थे।

संबोधित करते हुए नामांकन सभा के मुख्य अतिथि अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि राजद सहित महागठबंधन के अन्य दल कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संयुक्त रूप से नरेश प्रसाद सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। मुझे जानकारी है कि यह विधानसभा क्षेत्र गलत प्रतिनिधित्व के कारण काफी पिछड़ा हुआ है।

जिसमें सुधार के लिए नरेश प्रसाद सिंह जैसे व्यक्ति की जरूरत है। सर्व विदित है कि इन्होंने अपनी निजी राशि खर्च करके पिछले 10 वर्षों से पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास योजना के कार्यान्वयन के साथ-साथ जन कल्याणकारी कार्य करते रहे हैं। जो व्यक्ति अपनी निजी राशि से 10 वर्षों तक आपका विकास कर सकता है उसे यदि आपने मौका दिया तो निश्चित रूप से क्षेत्र की तस्वीर एवं क्षेत्र में रहने वालों की तकदीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव का नाम लेकर लोग गलतबयानी किया करते हैं।



मंचासीन केंद्रीय प्रधान महासचिव व अन्य

लालू यादव ने जिन्हें समाज में बोलने का अधिकार नहीं था उसे सबके सामने बोलने का अधिकार दिया है। जिसे सबके सामने बैठने का अधिकार नहीं था। उसे यह अधिकार लालू प्रसाद यादव ने दिया है। तथाकथित निहित स्वार्थी लोग इसी कारण उनकी आलोचना किया करते हैं। यदि गरीब गुरबों एवं शोषित वंचित लोगों की मदद करना, समाज के अंतिम आदमी तक को सामाजिक न्याय मुहैया कराना गलत है तो यह गलती हम बार-बार करते रहेंगे। इसे आपको समझना होगा। उन्होंने कहा कि यह सुनहरा मौका आप अपने हाथ से नहीं जाने दे और लोकतंत्र के इस महापर्व में 13 नवंबर को सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाकर एक-एक मतदाता अपना वोट लालटेन छाप में देकर अपने हालात सुधारने की खुद अपने हाथों से प्रयास करें। उन्होंने लोगों से हाथ ऊंचा करके नरेश प्रसाद सिंह को वोट देने का संकल्प लेने की गुजारिश की। महागठबंधन प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं किसी भी गांव के किसी भी व्यक्ति से अपरिचित नहीं हूं। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक इलाके और गांव में जाने और आपके आदेश के अनुसार अपने औकात के अंदर मैं काम करने का प्रयास किया है। जो बहुत से काम रह गए हैं उसे बिना हाथ में प्रजातांत्रिक अधिकार आए पूरा नहीं किया जा सकता। कहा कि आज तक आपने जिन्हें भी अपना जनप्रतिनिधि बनाया उन्होंने अपना विकास करने को ही प्राथमिकता दी। आपके विकास को ताक पर रख दिया। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि आपको लगता हो कि नरेश प्रसाद सिंह ने हमारा काम अन्य सभी लोगों से अच्छा या बेहतर किया है तो आप हमें वोट देंगे। बरडीहा प्रखंड राजद अध्यक्ष बबलू कुमार रजवार, विश्रामपुर प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष निजामउल हक सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, कांग्रेस के सुरेंद्रनाथ चौबे, परमानंद पांडेय सहित महागठबंधन के घटक दलों के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे। सभा का संचालन प्रियरंजन सिन्हा ने किया। मौके पर हजारों लोगों के लिए भोजन एवं पानी की व्यवस्था की गई थी।

## पेज एक का शेष

### जायेगी भ्रष्ट सरकार

**जनता परिवर्तन को तैयारः संजय सेठ :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झामुमो सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि तख्त बदल दो-ताज बदल दो-बेईमानों का राज बदल दो. उन्होंने कहा कि आज झारखंड परिवर्तन के लिए तैयार है। जेएमएम और कांग्रेस की झूठ बोलने वाली सरकार का परिवर्तन तय है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को सिर्फ मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए हैं। राज्य सरकार ने युवा, महिला और किसानों को पांच सालों तक ठगा।

**वसूली में लगी है सरकार : मरांडी :** गिरिडीह बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। हत्या, अपहरण की घटनाएं रोज हो रही हैं। बहू बेटी तक सुरक्षित नहीं हैं। हेमंत सरकार खुद वसूली में लगी हुई है। उन्होंने कहा भाजपा जो करती है, उसे पूरा करती है।

**झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला : हिमंता :** जमशेदपुर में असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार में युवाओं का कोई भविष्य नहीं हैं। राज्य में सीजीएल समेत तमाम परीक्षाएं होती हैं, उसका पेपर पैसे लेकर बेच दिया जाता है। हेमंत सरकार में पेपर लीक और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता सब जानती है कि हेमंत सोरेन, बन्ना गुप्ता मिलकर झारखंड में परीक्षाओं को होने नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जमशेदपुर आया तो मुझसे एक पत्रकार ने पूछा कि आप जमशेदपुर में जीतेंगे तो मैंने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा , आजसू और सरयू राय सब अलग चुनाव लड़े थे लेकिन इस बार सारी नदियां मिलकर समुद्र बन गयी हैं। हमारे साथ आजसू, लोजपा और जदयू तीनों का समर्थन है, इस बार हमारी जीत पक्की है।

**भाजपा ही आदिवासी हितैषी : चंपई :** घाटशिला से भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के नामांकन सभा में चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड को बनाने में हम लोगों ने लंबा संघर्ष किया है। पहले देश में कांग्रेस की सरकार रह चुकी है, लेकिन झारखंड आंदोलन को कांग्रेस ने नजदीक से नहीं देखा। कांग्रेस ने कभी झारखंड के आदिवासी, मूलवासियों की भावना को नहीं समझ सकी। उस आंदोलन में कितने ही बहु बेटियों का सिंदूर मिट गया। कांग्रेस की सरकार ने कभी आदिवासी, मूलवासियों के हित में नहीं सोचा। आज वे झारखंड के हित की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा झारखंड आंदोलन को कुचलने का काम किया। भाजपा ने ही अलग झारखंड बनाया, वही आदिवासियों का दुख-दर्द समझती है। उन्होंने कहा, आज जो हमलोग अलग प्रदेश में रह रहे हैं छाती ठोंक के कहता हूं कि भाजपा की देन है। भाजपा ही आदिवासियों का संरक्षण कर सकती है।

### पाकुड़ से आलम ...

इसके अलावा कांग्रेस ने बरही से मौजूदा विधायक उमाशंकर अकेला का टिकट काटते हुए अरुण साहू को उम्मीदवार बनाया है। वहीं पांकी से बिट्टू सिंह की जगह लाल सूरज को उम्मीदवार बनाया गया है। गौर करने वाली बात है कि गुरुवार को ही ही बिट्टू सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया था।

## बीडीओ ने किया बरडीहा व सलगा पंचायत स्थित सभी बूथों का निरीक्षण



मॉडल आवासीय विद्यालय में चुनावी पाठशाला में उपस्थित बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरडीहा।** बरडीहा बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण कर उपलब सुविधाओं का जायजा लिया। श्री सहाय ने बरडीहा प्रखंड अंतर्गत बरडीहा एवं सलगा पंचायत के उत्क्रमित मय विद्यालय जिका, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेभरी, राजकीय मय विद्यालय बरडीहा पूर्वी एवं पश्चिमी भाग, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलगा उत्तरी एवं दक्षिणी भाग, मध्य विद्यालय कुंदरहे, मध्य विद्यालय कौवाखोह एवं प्राथमिक विद्यालय ललगाड़ा सहित नौ बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ से अन्य आवश्यक जानकारी ली। श्री सहाय ने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदान से पूर्व सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी। श्री सहाय ने बूथ निरीक्षण के दौरान मय विद्यालय बरडीहा एवं मडल आवासीय विद्यालय बरडीहा में आयोजित चुनावी पाठशाला में उपस्थित अभिभावक एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 13 नवंबर को होने वाला लोकतंत्र के पहापर्व यानी मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें एवं निष्पक्ष मतदान करें। इस दौरान बीडीओ ने बच्चों को मतदाता शपथ भी दिलाई।

## मौकापरस्तों व विकास विरोधियों का होगा जमानत जप्त : मिथिलेश

### मंत्री मिथिलेश के समर्थन में आवास पहुंचे ग्रामीण, विभिन्न प्रखंडों के 500 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से कई बुद्धिजीवियों सहित 500 से आकि लोग भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंच कर विधानसभा चुनाव में उनका समर्थन करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी को पार्टी में शामिल किया।

सभी ने मंत्री को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। इस दौरान मेराल प्रखंड के गोंदा, हासनदाग, पेसका, गढ़वा प्रखंड के दुबे मरहटिया, रंका प्रखंड के कंचनपुर, चिनियां प्रखंड के डोल, गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर, भैंसमरवा, हंसकेर, नारायणपुर, नवादा आदि गांवों के लोग पहुंचकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर को समर्थन व्यक्त करते हुए पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा छोड़



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश

कर गोंदा से देवेंद्र गुप्ता, उमेश यादव, अनिल यादव, सहिजना गढ़वा से परमेश्वर तिवारी, पेसका से अमित कुमार, अनीस अंसारी, तौहीद अंसारी, रवि कुमार, सुमित कुमार, प्रिंस चंद्रवंशी, सत्यम दुबे, कंचनपुर से अनुज कुमार रंजन, राजेश कुमार, नंदू राम, प्रमोद कुमार, अयोध्या राम, संजय राम, प्रेम राम, प्रदीप कुमार, ओमकार राम, हंसकेर से विजय कुमार, संतोष राम, अक्षय कुमार, राहुल राज, अजय प्रजापति, निर्भय कुमार, मुनेंद्र राम, रेयाज अंसारी, पवन रजक, सरताज खान, आनंद प्रकाश चंद्रा, मनीष भारती, विनोद बैठा, गोलू प्रजापति, हंसकेर जमुनियाटांड़ से ममता कुमारी, सुनैना देवी, कौशल्या देवी, पानपति देवी, आरती देवी, ममता देवी, रीमा देवी, नारायणपुर सिमरिया टोला से रामचंद्र राम, रंजीत कुमार, आनंद महतो, चंदन रजवार ,छोटू रजवार, एस कुमार रजवार, अंबेडकर रजवार, सुरेंद्र राजवार, रामप्रवेश महतो, अंकित पासवान, पचपड़वा से तारा देवी, नवादा से तेजू विश्वकर्मा, संतोष चंद्रवंशी, लालचंद शर्मा, रामजी बिंद, कमल कुमार, नरेश प्रसाद चंद्रवंशी, जगदीश बिंद सहित 500 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता को झूठा आश्वासन नहीं विकास चाहिए।

गढ़वा में विकास विरोधी लोग जनता को बरगला कर सिर्फ झूठा आश्वासन देते हैं और जीत जाने के बाद सिर्फ अपनी पूंजी बनाने में लगे रहते हैं। किसी की ठेकेदारी चलती है तो कोई अपना निजी स्कूल, कॉलेज खोलने में लगा रहा है। जनता किस हाल में है इसकी चिंता किसी को नहीं होती है। चुनाव के समय लोग घड़ियाली आंसु बहाते हुए जनता को भ्रमित करते हैं। पूर्व के जनप्रतिनिधियों के समय में गढ़वा बदहाल बना रहा। जनता भगवान भरोसे पड़ी रही। कहीं भी कोई काम नहीं हुआ। आज उन्होंने काफी कम समय में गढ़वा की तस्वीर बदल दी है। गढ़वा का विकास देखकर विरोधियों की निंद हराम हो गई है। अब वे हिंदु-मुस्लिम, जात पात की राजनीति करने में लगे हुए हैं। ऐसे मौकापरस्त लोगों एवं विकास विरोधियों का गढ़वा की जनता जमानत जप्त करायेगी।

स्पीड न्यूज

## पाकिस्तान में नौ आतंकवादी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार रात ऑपरेशन शुरू किया, जिससे भीषण गोलीबारी हुई। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने एक ठिकाने को निशाना बनाया और दो आत्मघाती हमलावरों और आतंकवादी समूह के एक प्रमुख नेता सहित नौ आतंकवादियों को मार गिराया। मारे गए आतंकवादियों के पास से बड़े पैमाने पर हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।


## कश्मीर में आतंकियों ने मजदूर को मारी गोली

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार सुबह एक संदिग्ध आतंकवादी हमले में एक गैर-स्थानीय मजदूर घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी शुभम कुमार को सुबह बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति के हाथ में गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर है।

## इजरायल ने लेबनान में 20 आतंकियों को मार गिराया

**यरूशलम।** इजराइल ने पिछले 24 घंटों में लेबनान में लगभग 20 आतंकवादियों को मार गिराया है और लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के 160 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

## हिंदी और तमिल में बनेगी गजनी 2



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनायी जा सकती है। वर्ष 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निमार्ता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा।

# तोरपा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा और झामुमो के बीच मुकाबला

खबर मन्त्र संवाददाता




- पांच चुनावों में दोनों दलों के बीच होता रहा है कांटे का संघर्ष
- विधायक कोचे मुंडा के समक्ष अपनी साख बचाने की चुनौती है, झामुमो कोई कोर-कसर बाकी रखना नहीं चाहता

**रांची।** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित तोरपा विधानसभा क्षेत्र में इस बार जबर्दस्त चुनावी मुकाबला देखने को मिलेगा। एक ओर जहां भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक कोचे मुंडा के समक्ष अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं दूसरी ओर झामुमो भी पिछले विधानसभा में मिली हार का बदला लेने के लिए कोई कोर-कसर बाकी रखना नहीं चाहता। हालांकि अभी विधानसभा चुनाव को लेकर तोरपा की तस्वीर साफ नहीं हो सकी है कि कितने राजनीतिक योद्धा चुनावी दंगल में उतरेंगे। 30 अक्टूबर को नामांकन वापसी के बाद ही यह तस्वीर साफ हो पायेगी। इस बार भी भाजपा के कोचे मुंडा और झामुमो के सुदीप गुड़िया आमने-सामने हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोचे मुंडा सुदीप गुड़िया को 9630 मतों से परास्त कर विधानसभा पहुंचे थे। 1957 से 2000 तक तोरपा विधानसभा क्षेत्र को झारखंड पार्टी का गढ़ माना जाता है। झारखंड पार्टी ने यहां से सता बार जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा ने तीन बार और झामुमो और कांग्रेस ने दो-दो बार जीत हासिल की है।

### हर क्षेत्र में विकास हुआ : कोचे मुंडा



तोरपा के वर्तमान विधायक कोचे मुंडा कहते हैं कि पांच वर्षों में हर क्षेत्र में विकास का काम तेजी से हुआ। उन्होंने कहा कि सड़कों को चकाचक किया। शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कराया। वर्षो से लंबित पुल निर्माण का काम शुरू कराया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वस्थ्य के क्षेत्र में भी काम हुआ है।

### क्षेत्र में कई तरह की समस्याएं हैं : गुड़िया



झामुमो के उम्मीदवार सुदीप गुड़िया ने कहा कि विगत पांच वर्षों में विकास के मामले में तोरपा विधानसभा क्षेत्र पिछड़ गया। सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में विधायक विफल रहे। क्षेत्र में कई तरह की समस्याएं हैं, लेकिन विधायक इन समस्या के प्रति उदासीन रहे।

### 1957 में पहली बार विधायक बने थे झारखंड पार्टी के जुलियस मुंडा

1957 में तोरपा विधानसभा अस्तित्व में आया। इसके पूर्व यह इलका खूंटी विधानसभा क्षेत्र में था। 1957 में पहली बार तोरपा विधानसभा सीट के लिए हुए चुनाव में झारखंड पार्टी के जुलियस मुंडा विधायक चुने गये थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मरियम कुजूर को हराया था। इसके बाद 1962, 1972 और 1977 में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार जीतकर विधायक बने थे। 1980 में कांग्रेस पार्टी के लियेंन्द्र तिड़ू विधायक बने। इस चुनाव में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार सुशीला केरकेट्टा को हराया था। इसके बाद झारखंड पार्टी के अध्यक्ष और तोरपा क्षेत्र में मारंग गोमके के नाम से प्रसिद्ध एनई होरो वर्ष 2000 तक इस सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ते और जीतते रहे। 1977 में एनई होरो यहां से चुनाव जीतकर तत्कालीन बिहार सरकार में मंत्री भी बने। उन्होंने योजना, जनसम्पर्क व शिक्षा मंत्री की जिम्मेवारी निभायी थी। 1980 में कांग्रेस के लियेंदर तिड़ू से एनई होरो परास्त हो गये। लियेंदर तिड़ू बिहार विधानसभा में राज्य सरकार के लघु सिंचाई विभाग के मंत्री बने थे। इसके बाद 1985 1990 और 1995 के चुनाव में एनई होरो यहां से लगातार विजयी हुए। 2000 के चुनाव में भाजपा के कोचे मुंडा ने उन्हें शिकस्त दी।

भाजपा ने छठी बार कोचे मुंडा पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। तीन बार कोचे मुंडा जीत का सेहरा बांध चुके हैं। इसके बाद 2005 में भी भाजपा के कोचे मुंडा से एनई होरो एक बार फिर परास्त हो गये। 2009 में झामुमो के पौलुस सुरीन ने भाजपा के कोचे मुंडा को हराया। उन्होंने यह चुनाव जेल में रहते हुए लड़ा था। पौलुस सुरीन ने इस सीट पर जेल में रहते हुए चुनाव जितने का रिकार्ड बनाया था। 2014 के चुनाव में पौलुस जेल से बाहर रहकर चुनाव लड़े थे और जीत हासिल की थी।

# अयोध्या से सीतामढ़ी तक बनेगा डबल रेलवे लाइन

एजेंसी

## केंद्र ने 6,798 करोड़ की दो रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

- आंध्र, तेलंगाना व बिहार के आठ जिले होंगे कवर
- नेपाल, पूर्वोत्तर भारत तक संपर्क मजबूत होगा :वैष्णव



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गुरुवार को रेल मंत्रालय की 6,798 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिले कवर होंगे। इन परियोजनाओं को अगले पांच सालों में पूरा किया जाएगा। अयोध्या से मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी तक 4,553 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 256 किलोमीटर की रेल लाइन के दोहरीकरण का फैसला केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिय गया। यह फैसला स्वागत योग्य है। इस रेल मार्ग के बन जाने से श्रद्धालुओं को अयोध्या के साथ ही मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम आने में सुविधा होगी। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर बिहार के लिए रेलवे बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर राज्यों को रणनीतिक संपर्क प्रदान करने के लिए नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलवे लाइन के दोहरीकरण की एक बड़ी परियोजना को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि 4553 करोड़ रुपये की लागत से 256 किलोमीटर रेलवे लाइन के दोहरीकरण से उत्तर प्रदेश और उत्तर बिहार को फायदा होगा। इसके अलावा कैबिनेट ने अमरावती के रास्ते एर्रुपलेम और नंबुरु के बीच 57 किलोमीटर लंबी नई रेललाइन के निर्माण को मंजूरी दी है। नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम-अमरावती-नंबुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। नई लाइन आंध्र प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी अमरावती को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। वैष्णव ने कहा कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों तक संपर्क मजबूत होगा और मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों की आवाजाही में सुविधा होगी, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिलों को कवर करने वाली दो परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की वृद्धि होगी। नई लाइन परियोजना 9 नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना दो आकांक्षी जिलों (सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर) में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी, जिससे लगभग 388 गांवों और लगभग 9 लाख आबादी को सेवा मिलेगी।

### दिवाली और छठ पर 7,000 विशेष ट्रेन चलेगी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे इस साल दिवाली और छठ पूजा के लिए 7,000 विशेष ट्रेन चलाएगा, जिससे प्रतिदिन दो लाख अतिरिक्त यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल दिवाली और छठ पूजा के दौरान त्योहारी भीड़ को देखते हुए 4,500 विशेष ट्रेन चलाई गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंत्रालय ने इस साल सेवाओं को बढ़ाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे (एनआर) इस अवधि के दौरान बड़ी संख्या में ट्रेन चलाएगा क्योंकि बड़ी संख्या में यात्री देश के पूर्वी भागों में आवाजाही करते हैं।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप इकाइयों के लिए एक हजार करोड़ का कोष बनेगा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप इकाईयों को प्रोत्साहित करने के लिये एक हजार करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष बनाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस कोष का गठन इन- स्पेस संगठन के अंतर्गत किया गया है। सरकार ने 2020 के अंतरिक्ष सुधार कार्यक्रम के तहत निजी क्षेत्र की भागीदारी और इस क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इन- स्पेस का गठन किया था। इस कोष का लक्ष्य भारत को रणनीतिक रूप से अग्रणी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। एक हजार करोड़ रुपए का कोष पांच वर्षों के लिए होगा और हर वर्ष के लिए 150 से 250 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित होगी। वर्ष 2025-26 के लिए यह राशि 150 करोड़, 26-27 के लिए 250 करोड़, 27-28 के लिए 250 करोड़ , 28-29 के लिए 250 करोड़ और 2029-30 के लिए 100 करोड़ होगी। अगले दस वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के पांच गुना विस्तार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निजी अंतरिक्ष उद्योग के विकास में तेजी लाना और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा देना।

# 70 से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

- 11 दिनों में करीब 250 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी
- अकासा के कुछ उड़ानों को अलर्ट मिला है,अपने गंतव्य की ओर रवाना होने की तैयारी में थी

नयी दिल्ली। विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को एक बार फिर भारतीय कंपनियों की 70 से अधिक फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो के करीब 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि अकासा एयर की करीब 14 उड़ानों को धमकी मिली है। इस तरह पिछले 11 दिनों में करीब 250 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि, ऐसी धमकियां अभी तक फर्जी साबित हुई हैं। अकासा एअर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है, जो 24 अक्टूबर को अपने गंतव्य की ओर रवाना होने की तैयारी में थी। प्रवक्ता ने कहा कि अकासा एअर का आपातकाल प्रतिक्रिया दल स्थिति पर नजर बनाए रखा है। वह सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। हम स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते की शुरूआत में नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा था कि केंद्र सरकार एयरलाइनों को बम की धमकी की घटनाओं से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसी धमकी देने वालों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है। इस सूची का मकसद उपद्रवी यात्रियों की पहचान करना और उन्हें विमान में चढ़ने से प्रतिबंधित करना है।

# जन्म तिथि का आधिकारिक प्रमाण आधार कार्ड नहीं : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि आधार कार्ड जन्म तिथि का आधिकारिक प्रमाण नहीं है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने सरोज और अन्य की पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ अपील स्वीकार कर ली, जिसमें आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि के आधार पर सड़क दुर्घटना में मृत्यु के लिए उन्हें दिए जाने वाले मुआवजे को कम कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र के आधार पर मृतक की आयु निर्धारित करने और मुआवजा तय करने के आदेश को बरकरार रखा। पीठ ने यूआईडीएआई द्वारा जारी एक परिपत्र का हवाला दिया। इसके साथ ही एक वैधानिक प्रावधान का भी जिक्र दिया, जिसमें स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र को जन्म तिथि का वैध प्रमाण घोषित किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यूआईडीएआई ने 2023 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 20 दिसंबर 2018 को जारी कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में कहा है कि आधार कार्ड का उपयोग पहचान स्थापित करने के लिए किया जा सकता है, लेकिन यह जन्म तिथि का प्रमाण नहीं है।


### पहचान के लिए किया जा सकता आधार का उपयोग



# तटरक्षक बल के लिए खरीदे जायेंगे छह होवरक्राफ्ट

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल के लिए 06 एयर कुशन वाहनों के अधिग्रहण का एक समझौता चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया है।

इन उभयचर जहाजों को 'होवरक्राफ्ट' भी कहा जाता है, जिनका निर्माण पहली बार आत्मनिर्भर पहल के तहत भारत में स्वदेशी रूप से किया जाएगा। जहाज निर्माण उद्योग में भारत की बढ़ती क्षमता के लिहाज से इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इन होवरक्राफ्ट की आपूर्ति 33 महीनों में की जानी है। रक्षा मंत्रालय और चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह अनुबंध तकनीकी उत्कृष्टता और औद्योगिक कौशल के केंद्र के रूप वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करता है, जिससे रोजगार के लिए नया रास्ता भी खुलेगा। यह समझौता स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं, तकनीकी विशेषज्ञता और समुद्री आर्थिक गतिविधि बढ़ाने के साथ-साथ सहायक उद्योगों, विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।




# 28 लाख दीयों से जगमग होंगे अयोध्या के 55 घाट

दीपोत्सव 2024

एजेंसी

## घाटों पर पहुंचनी शुरू हो गयी दीयों की खेप

- नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही योगी सरकार
- आज शुरू होगा सजाने का काम



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस वर्ष अयोध्या का आठवां दीपोत्सव भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीयों को प्रज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी हो रही है। दीपोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने दीयों और स्वयंसेवकों की संख्या का निर्धारण कर लिया है, जिससे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध कार्य हो सके। आयोजन के तहत सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित किए जाएंगे। राम की पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल सहित अन्य सभी घाटों पर दीयों को घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया जाएगा। इसके अलावा, 14 सम्बद्ध महाविद्यालयों, 37 इंटरमीडिएट कॉलेजों और 40 स्वयंसेवी संस्थाओं से लगभग 30,000 स्वयंसेवक इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। घाटों पर दीयों की संख्या और स्वयंसेवकों का वितरण पहले ही तय कर लिया गया है। अवध विश्वविद्यालय ने घाटों पर प्रज्वलित किए जाने वाले दीयों और तैनात किए जाने वाले स्वयंसेवकों की संख्या का भी विस्तृत आंकड़ा जारी किया है। उदाहरण के लिए, राम की पैड़ी के घाट एक पर 65,000 दीयों को जलाने के लिए 765 स्वयंसेवक तैनात होंगे, जबकि घाट दो पर 38,000 दीयों के लिए 447 स्वयंसेवक जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी प्रकार, घाट तीन पर 48,000 दीयों के लिए 565 स्वयंसेवक और घाट चार पर 61,000 दीयों के लिए 718 स्वयंसेवक तैनात होंगे। सभी 55 घाटों पर इसी प्रकार दीयों की संख्या के अनुसार स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा। आयोजन में विभिन्न कॉलेजों और संस्थाओं से जुड़े स्वयंसेवक पूरे उत्साह के साथ भागीदारी करेंगे और घाटों पर दीयों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस दीपोत्सव की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। घाटों पर दीयों की खेप 24 अक्टूबर से पहुंचनी शुरू हो गई है और 25 अक्टूबर से दीयों को घाटों पर बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। स्वयंसेवकों का आईकार्ड वितरण भी शुरू हो गया है, जिसमें से 15,000 से अधिक आईकार्ड संस्थानों के पदाधिकारियों को वितरित किए जा चुके हैं। शुक्रवार तक सभी संस्थानों को आईकार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 25 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे स्वामी विवेकानंद सभागार में अंतिम प्रशिक्षण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिला प्रशासन के साथ विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, समन्वयक, प्राचार्य तथा घाट प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

